फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 75 संख्याः 265 प्रभात जयपुर, सोमवार 28 अप्रैल, 2025 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

ARBiT



The Open Window

The candlelight in the open window flickered, a warm, comforting glow in the twilight. "It's not just a window," Anya said softly. "It's a heart."

"AI? What's That?"

Unwind in Style

Discover the therapeutic benefits of sound and how Sennheiser's headphones can transform your stress relief routine into a serene experience.

# ''युद्ध की ज़रुरत नहीं'' वाले बयान से पलटे सिद्धारमैया

## पाकिस्तानी मीडिया ने कर्नाटक मुख्यमंत्री के बयान को ''भारत में युद्ध के खिलाफ आवाज़'' का एंगल देकर विवाद खड़ा कर दिया था

बेंगलुरु, 27 अप्रैल। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद आए कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के बयान से बवाल खड़ा हो गया है। वहीं, पाकिस्तानी मीडिया ने सीएम सिद्धारमैया के बयान को एक अलग ही एंगल देकर पेश कर दिया। इसके बाद मुख्यमंत्री सिद्धारमैया भाजपा के निशाने पर आ गए। अब मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने सफाई देते हुए कहा है कि उन्होंने कभी नहीं कहा कि हमें युद्ध नहीं करना चाहिए, उनके बयान को गलत तरीके से पेश किया जा रहा है।

- सिद्धारमैया ने रविवार को स्पष्ट किया कि उन्होंने कभी नहीं कहा कि पाकिस्तान से युद्ध नहीं करना चाहिये। उनका कहना था, ''मैंनें सिर्फ यह कहा था कि युद्ध समाधान नहीं है। पर्यटकों को सुरक्षा दी जानी चाहिये थी। इसकी जिम्मेदारी किसकी है।''
- कथित तौर पर सिद्धारमैया ने शनिवार को कहा था कि पाकिस्तान के खिलाफ युद्ध छेड़ने की कोई जरुरत नहीं है। कड़े सुरक्षा उपाय तुरंत किये जाने चाहिये। हम युद्ध के पक्ष में नहीं हैं।

मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने रविवार को साफ किया, मैंने कभी नहीं कहा कि हमें पाकिस्तान के साथ युद्ध नहीं करना चाहिए, मैंने सिर्फ इतना कहा कि युद्ध समाधान नहीं है। पर्यटकों को सुरक्षा दी जानी चाहिए थी। इसकी जिम्मेदारी किसकी है? मैंने कहा है कि इसमें चूक हुई है। यह इंटेलिजेंस फेलियर है। भारत सरकार ने पर्याप्त सुरक्षा प्रदान नहीं की। जहां तक युद्ध का सवाल है, अगर यह जरूरी है, तो हमें युद्ध करना चाहिए।

इससे पहले, सिद्धारमैया ने शनिवार को कथित तौर पर यह कहकर विवाद खड़ा कर दिया था कि पाकिस्तान के खिलाफ युद्ध छेड़ने की कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने शनिवार को कहा, कड़े सुरक्षा उपाय तुरंत किए जाने चाहिए। हम युद्ध छेड़ने के पक्ष में नहीं हैं। शांति होनी चाहिए, लोगों को सुरक्षित महसूस होना चाहिए और केंद्र सरकार को प्रभावी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिए।

सिद्धारमैया के इस बयान के बाद पाकिस्तान के प्रमुख समाचार चैनल जियो न्यूज सहित पाकिस्तानी मीडिया ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री की टिप्पणियों को एक अलग एंगल दे दिया और इसे ''भारत के भीतर से युद्ध के खिलाफ आवाज'' बताया। जियो न्यूज बुलेटिन की एक क्लिप साझा करते हुए, कर्नाटक भाजपा प्रमुख बीवाई विजयेंद्र ने एक्स पर पोस्ट किया, ''सीमा पार से वज़ार-ए-आला सिद्धारमैया के लिए बहुत-बहुत जयकार! पाकिस्तानी मीडिया सिद्धारमैया की बहुत प्रशंसा कर रहा है।

देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का जिक्र करते हुए, विजयेंद्र ने कहा, ''नेहरू को रावलपिंडी की सड़कों पर खुली जीप में घुमाया गया था, क्योंकि पाकिस्तान, सिंधु जल संधि पर हस्ताक्षर करने के लिए नेहरू से बहुत खुश था, जो पाकिस्तान के पक्ष में थी। क्या सिद्धारमैया भारत के अगले राजनेता होंगे जिन्हें पाकिस्तान में खुली जीप में घुमाया जाएगा।

सिद्धारमैया के बयानों की कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के दिग्गज नेता बीएस येदियुरप्पा ने भी कड़े शब्दों में आलोचना की है। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में, जब हमें एकजुट होने की जरूरत है, सिद्धारमैया का बयान बेहद

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

### 'मैं नहीं समझता कि परमाणु युद्ध होगा'

इस्लामाबाद, 27 अप्रैल। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव का माहौल व्याप्त है और भारत के रुख से पाकिस्तान दहशत में है।

पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा मुहम्मद आसिफ ने स्पुतनिक से बात करते हुए कहा,''मैं नहीं समझता कि परमाणु युद्ध होगा। भारत और पाकिस्तान दोनों के पास परमाणु हथियार हैं।

गौरतलब है कि हर बार की तरह इस बार भी पाकिस्तान ने पहलगाम में

- पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा मुहम्मद आसिफ ने सार्वजनिक रूप से कहा।

आतंकियों द्वारा किए गए नरसंहार में अपनी भूमिका स्वीकार नहीं की है।

आसिफ ने कहा कि दुनिया को दोनों देशों के बीच तनाव के बारे में चिंतित होना चाहिए जो पूर्ण पैमाने पर परमाणु युद्ध में बदल सकता है।

उन्होंने ने कहा, मुझे नहीं लगता कि परमाणु युद्ध होगा। भारत और पाकिस्तान दोनों परमाणु शक्ति संपन्न देश हैं, लेकिन मुझे नहीं लगता कि चीजें इतनी दूर तक जाएंगी।

उल्लेखनीय है कि भारतीय सेना के रुख को भांपते हुए अब पाकिस्तानी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# महाराष्ट्र से कोई पाकिस्तानी नागरिक लापता नहीं-फड़णवीस

## मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस ने कहा कि सभी पाकिस्तानियों को वापस भेजने की व्यवस्था कर दी गई है

मुंबई, 27 अप्रैल। पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने राज्य में पाकिस्तानी नागरिकों के लापता होने की खबरों को खारिज किया है। उन्होंने रविवार को कहा कि राज्य में रह रहे सभी पाकिस्तानियों का पता लगा लिया गया है। इतना ही नहीं, उनके प्रत्यर्पण की भी व्यवस्था कर दी गई है। उनका यह बयान राज्य के गृह राज्यमंत्री योगेश कदम के चौंकाने वाले उस बयान के बाद आया है, जिसमें उन्होंने शनिवार को कहा था कि राज्य में कुल 5,023 पाकिस्तानी हैं जिसमें 107 पाकिस्तानी नागरिकों के बारे में कोई सूचना नहीं है।

गौरतलब है कि केंद्र ने पाकिस्तानी नागरिकों को रविवार तक देश छोड़ने का आदेश दिया था, यह समय सीमा आज समाप्त हो रही है। इसके अलावा मेडिकल वीजा वालों को 29 अप्रैल तक का समय दिया गया है।

- फड़णवीस को इसलिए यह स्पष्टीकरण देना पड़ा, क्योंकि उनके गृह राज्य मंत्री ने शनिवार को बयान दिया था कि राज्य में 5023 पाकिस्तानी नागरिकों में से 107 के बारे में कोई सूचना नहीं है।

बाद में पुणे नगर निगम के एक कार्यक्रम में योगेश कदम ने कहा कि राज्य के गृह मंत्री के तौर पर मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि इस मुद्दे पर कोई गलत खबर न चलाएं। महाराष्ट्र में कोई भी पाकिस्तानी नागरिक लापता नहीं है और सभी मिल गए हैं। उन सभी को वापस भेजने की व्यवस्था कर दी गई है और राज्य में कोई भी पाकिस्तानी नागरिक नहीं बचेगा। सभी को आज शाम या कल तक वापस भेज दिया जाएगा।

इस बीच, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बुलढाणा में कहा कि पाकिस्तान और पाकिस्तानियों पर दया दिखाने का कोई कारण नहीं है। उन्होंने कहा कि जो लोग पाकिस्तानियों को शरण दे रहे हैं, उन्हें भी नहीं बख्शा जाएगा। ज्ञातव्य है कि महाराष्ट्र पुलिस ने विभिन्न वीजा पर राज्य भर में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान करने के लिए अभियान शुरू किया है।

इससे पहले शनिवार को भी मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा था कि राज्य में मौजूद सभी पाकिस्तानी नागरिकों की सूची तैयार है और हम उन पर नजर रख रहे हैं। सभी पुलिस स्टेशनों को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा है कि पाकिस्तानी नागरिक अपने वीजा रद्द होने के बाद देश में न रहें।

### राहुल गांधी अमेठी में हार्ट यूनिट का उद्घाटन करेंगे

अमेठी (यूपी), 27 अप्रैल। लोकसभा में विपक्ष के नेता और रायबरेली से सांसद राहुल गांधी 30 अप्रैल को अमेठी के एक दिवसीय दौरे पर आ रहे हैं, इस दौरान वे संजय गांधी अस्पताल में हार्ट यूनिट का उद्घाटन करेंगे और गन फैक्ट्री का निरीक्षण करेंगे।

अमेठी से सांसद किशोरी लाल शर्मा ने रविवार को बताया कि राहुल गांधी 29 अप्रैल को अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली के दौरे पर रहेंगे, जहां वे जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा)

- लोकसभा चुनाव के बाद राहुल गांधी की यह पहली अमेठी यात्रा है।

की बैठक में हिस्सा लेंगे।

उन्होंने बताया कि राहुल रायबरेली के एक गेस्ट हाउस में रात्रि विश्राम करेंगे और 30 अप्रैल को सड़क मार्ग से मुंशीगंज स्थित आयुध फैक्टरी जाएंगे। इसके बाद वे मुंशीगंज स्थित संजय गांधी अस्पताल में हार्ट यूनिट का उद्घाटन करेंगे और इंदिरा गांधी नर्सिंग कॉलेज का निरीक्षण करने के बाद दिल्ली लौट जाएंगे।

गौरतलब है कि मुंशीगंज स्थित संजय गांधी अस्पताल का संचालन

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )



*जयपुर के नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क में बाघिन रानी ने रविवार को पांच शावकों को जन्म दिया। फिलहाल पांचों शावक पूरी तरह स्वस्थ हैं। बाघिन और शावकों पर वन विभाग का स्टाफ सी.सी.टी.वी. की मदद से निगरानी रख रहा है। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया- पांच में से चार शावक गोल्डन कलर के हैं। एक शावक का कलर वाइट है। राजस्थान के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है, जब किसी बाघिन ने एक साथ पांच बच्चों को जन्म दिया है। इससे पहले बाघिन रानी ने चार शावकों को जन्म दिया था, जिनमें से दो शावकों की मृत्यु हो गई थी। वर्तमान में रानी के पहले प्रजनन से जन्मे सफेद शावक भीम और गोल्डन मादा शावक स्कंदी पर्यटकों के आकर्षण का मुख्य केंद्र बने हुए हैं।*

# भारतीय नौसेना ने कई एंटी-शिप मिसाइल दाग कर दम-खम दिखाया

## भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच नौ सेना ने दर्शाया कि देश के समुद्री हित सुरक्षित हैं

नई दिल्ली, 27 अप्रैल। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। इसी बीच हाल ही में भारतीय नौसेना के युद्धपोतों ने कई सफल एंटी-शिप मिसाइल फायरिंग की हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसके बारे में जानकारी देते हुए भारतीय नौसेना के

- भारतीय नौ सेना ने एक्स पर लिखा, ''भारतीय नौ सेना के नवीनतम स्वदेशी निर्देशित मिसाइल विध्वंसक आईएनएस सूरत ने समुद्र में लक्ष्य को सफलतापूर्वक निशाना बनाया, जो हमारी रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने में एक और मील का पत्थर है।''

प्रवक्ता ने कहा, ''जहाजों ने लंबी दूरी के सटीक आक्रामक हमले के लिए प्लेटफॉर्म, सिस्टम और चालक दल की तत्परता को पुनः प्रमाणित करने और प्रदर्शित करने के लिए कई सफल एंटी-शिप फायरिंग की। भारतीय नौसेना किसी भी समय, कहीं भी, किसी भी तरह से राष्ट्र के समुद्री हितों की रक्षा करने के लिए युद्ध के लिए तैयार, विश्वसनीय और भविष्य के लिए तैयार है।''

इससे पहले, भारतीय नौसेना के युद्धपोत आईएनएस सूरत ने अरब सागर में मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल (एमआर-एसएएम) वायु रक्षा मिसाइल प्रणाली का सफल परीक्षण किया था।

यह परीक्षण अरब सागर में पाकिस्तानी नौसेना द्वारा निर्धारित सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल के परीक्षण से पहले हुआ है। एमआर-एसएएम सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइलों और अन्य हवाई लक्ष्यों के खिलाफ अत्यधिक प्रभावी हैं।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

### एनआईए ने पहलगाम आतंकवादी हमले की गहन जाँच शुरु की

नई दिल्ली, 27 अप्रैल। केंद्रीय गृह मंत्रालय के आदेश पर राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पहलगाम आतंकवादी हमले का मामला औपचारिक रूप से अपने हाथ में ले लिया है और टीम घटनास्थल पर साक्ष्य एकत्र कर जांच में जुट गई है।

इस हमले में पिछले मंगलवार को 26 निर्दोष पर्यटकों की निर्दयतापूर्वक गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

एनआईए के प्रवक्ता ने रविवार को बताया कि बुधवार से आतंकी हमले

- महानिरीक्षक, एक उपमहानिरीक्षक तथा एक पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में एनआईए की टीमें चश्मदीद गवाहों से बारीकी से पूछताछ कर रही हैं।

वाली जगह पर डेरा डाले हुए एनआईए की टीमों ने सबूतों की तलाश तेज कर दी है। आतंकवाद विरोधी एजेंसी के एक पुलिस महानिरीक्षक, एक पुलिस उपमहानिरीक्षक और एक पुलिस अधीक्षक की देखरेख में टीमें उन चश्मदीदों से पूछताछ कर रही हैं, जिन्होंने शांतिपूर्ण और सुरम्य बैसरन घाटी में अपनी आंखों के सामने भयानक हमले

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

### हज कमेटी ने हज सुविधा ऐप इस्तेमाल करने की अपील की

नयी दिल्ली, 27 अप्रैल। हज कमिटी ऑफ इंडिया ने हज 2025 के सभी यात्रियों से कहा है कि वे सरकार के अल्पसंख्यक मंत्रालय के तहत बनाए गए नए ''हज सुविधा ऐप 2.0'' को तुरंत डाउनलोड करें और इसे अच्छे से इस्तेमाल करना सीखें। इस ऐप में हज यात्रा के दौरान कई जरूरी सुविधाएँ दी गई हैं, जिनका फायदा उठाया जा सकता है। कमिटी के अनुसार,''हज सुविधा ऐप'' यात्रियों को सफर के दौरान और हज के कामों में मदद करेगा। इसके जरिए यात्रियों को फ्लाइट की जानकारी, वीजा स्टेटस, शिकायत करने की सुविधा, जरूरी सूचना, अस्पताल और

- हज कमेटी ने कहा कि इस ऐप से हज यात्रियों को सफर के दौरान व हज के कामों में बहुत मदद मिलेगी।

दवाइयों तक पहुँच, जीपीएस के जरिए रास्ता ढूँढ ने, नमाज़ के टाइम और किबला दिशा जानने, हज-उमरा के तरीकों की जानकारी और सामान का पता लगाने जैसी सहूलियतें मिलेंगी। साथ ही, इसमें एक चैटबॉट भी है जो सवालों के तुरंत जवाब देगा।

नए वर्जन की खासियत यह है कि इसमें 'पैडोमीटर' (कदम गिनने वाला फीचर) भी जोड़ा गया है, जिससे यात्रियों को अपनी सेहत का ध्यान रखने में मदद मिलेगी। हज के दौरान काफी पैदल चलना होता है, इसलिए यह सुविधा बहुत फायदेमंद रहेगी। हज कमिटी ने यह भी कहा है कि हर राज्य से उन 10 यात्रियों को इनाम दिया जाएगा जो 'हज सुविधा ऐप' का सबसे अच्छा इस्तेमाल करेंगे।

# तय डैडलाइन में भारत नहीं छोड़ने वाले, पाकिस्तानियों पर कड़ी कार्यवाही होगी

## ऐसे पाकिस्तानियों को 3 साल की जेल तथा 3 लाख रूपये का जुर्माना लग सकता है

नई दिल्ली, 27 अप्रैल। केंद्र सरकार ने पाकिस्तानी नागरिकों के लिए रविवार शाम नोटिस जारी किया है।

इसमें कहा गया है कि जो पाकिस्तानी तय समयसीमा में भारत नहीं छोड़ता है उसे गिरफ्तार कर केस चलाया जाएगा। ऐसे नागरिकों को 3 साल जेल या 3 लाख जुर्माना या फिर दोनों का सामना करना पड़ सकता है।

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत की तरफ से पाकिस्तान पर कड़ी कार्रवाई की गई है, जिसमें भारत में मौजूद पाकिस्तानी नागरिकों (अलग-अलग वीज़ा रखने वालों) को देश छोड़ने का निर्देश दिया गया था। नोटिस में कहा गया है कि इस नियम

- मैडिकल वीज़ा वाले पाकिस्तानियों को भारत छोड़ने के लिये दो दिन और दिये गये।
- पाकिस्तानी हाई कमीशन में डिफेन्स, नेवी व एयरफोर्स के डिप्लोमैट्स को ''अब वांटेड पर्सन'' घोषित किया गया है। उन्हें 30 अप्रेल तक भारत छोड़ना होगा।

को न मानने वाले पाकिस्तानियों पर बड़ी कार्रवाई की जा सकती है।

सार्क वीजा रखने वालों के लिए भारत छोड़ने की समय-सीमा 26 अप्रैल थी। मेडिकल वीजा रखने वालों के लिए यह समय-सीमा 29 अप्रैल है।

भारत सरकार पाकिस्तानी नागरिकों को इलाज के लिए मेडिकल वीजा जारी करती है। एक मरीज के साथ मैक्सिमम 2 अटेंडेंट्स या परिजनों की एंट्री होती है। मानवीय आधार पर इन नागरिकों को अन्य वीजा होल्डर्स की तुलना में 2 दिन ज्यादा दिए, ताकि वे अपना इलाज पूरा कर सकें और सुरक्षित वापस जा सकें।

मेडिकल वीजा धारकों को अपने इलाज के दस्तावेज तैयार रखने को कहा गया है, ताकि जांच के दौरान उन्हें किसी तरह की परेशानी न हो।

इसके अलावा नई दिल्ली में पाकिस्तानी हाई कमीशन के डिफेंस, नेवी और एयरफोर्स के डिप्लोमैट्स को 'अन वॉन्टेड पर्सन' घोषित किया गया। इन्हें 30 अप्रैल तक भारत छोड़ना होगा।

शॉर्ट-टर्म वीजा होल्डर्स के लिए समयसीमा खत्म होने के बाद पिछले तीन दिनों में कुल 537 पाकिस्तानी नागरिक अटारी बॉर्डर वापस गए हैं। अटारी बॉर्डर पर प्रोटोकॉल अधिकारी अरुण पाल ने बताया कि पिछले तीन दिनों में 850 भारतीय नागरिक लौट आए हैं। अकेले रविवार को 237 पाकिस्तानी अपने देश लौट गए, जबकि 116 भारतीय नागरिक वापस आए।



## विचार बिन्दु

**चिंता से चित्त को संताप और आत्मा को दुर्बलता प्राप्त होती है, इसलिए चिंता को तो छोड़ ही देना चाहिए। –ऋग्वेद**

# कृत्रिम बुद्धि बनाम सृजनात्मकता

हमारे देखते–देखते जीवन के अनेकानेक क्षेत्रों में कृत्रिम बुद्धि का हस्तक्षेप, या सहयोग बहुत बढ़ गया है। यह तो बहुत ताज़ा बात है कि हमारे समाचार पत्रों में ठाोक द्वारा दिये गए उत्तरों की संख्या तेज़ी से बढ़ रही है। इसी तरह हर कोई घिबली शैली की तस्वीरों में ख़ुद को प्रस्तुत कर आनंदित हो रहा है। ये तो मात्र दो उदाहरण हैं। याद करें तो ऐसे अनेक उदाहरण मिल जाएंगे, और जिस द्रुत गति से जीवन में कृत्रिम बुद्धि का योगदान बढ़ता जा रहा है उसे देखते हुए हमें निकट भविष्य में ऐसे और अनेक करिश्मों के लिए तैयार रहना चाहिए। मनोरंजन और आनंद के लिए कृत्रिम बुद्धि के कुछ खेल–तमाशे अपनी जगह ठीक हैं, लेकिन जो लोग गंभीरता से विचार करते हैं वे इसके प्रयोगों को लेकर काफी चिंतित भी हैं।

एक मोटा सवाल तो यही है कि क्या एक समय ऐसा भी आ जाएगा जब कृत्रिम बुद्धि नैसर्गिक बुद्धि को पूरी तरह विस्थापित ही कर देगी? क्या निकट भविष्य में हमें इस बात के लिए भी तैयार रहना चाहिए कि कृत्रिम बुद्धि हमारे निर्देश पर कविता, कहानी, फिल्म, नाटक, संगीत सब तैयार करके देगी और अब तक जो कलावंत ये सारे काम करते रहे हैं वे पूरी तरह बेरोज़गार और अप्रासंगिक हो जाएंगे? बेशक यह एक काल्पनिक सवाल है, और हर कोई जानता है कि ऐसा नहीं होगा (क्या पता हो ही जाए!), फिर भी यह सवाल बहुत सारे विचार बिंदु हमारे सामने रख देता है।

पहला सवाल तो यही हमारे सामने आता है कि आखिर सर्जनात्मकता क्या है और कैसे कृत्रिम बुद्धि उससे टकराती है। स्थूल रूप से बात करें तो मौलिकता, नयापन और भावनात्मक गहराई सर्जनात्मकता के ज़रूरी उपादान हैं और ये उपादान फिलहाल तो कृत्रिम बुद्धि में अनुपस्थित हैं। असल में कृत्रिम बुद्धि डेटा आधारित विश्लेषण करती है, भले ही वह डेटा कितना ही विशाल क्यों न हो। विश्लेषण के बाद वह उसी विश्लेषण के आधार पर आपके निर्देशानुसार कुछ जनरेट भी करने की सामर्थ्य रखती है। एक उदाहरण से यह बात स्पष्ट करने का प्रयास करता हूं। आप ए आई को प्रेमचंद के सारे उपन्यास दे दें और फिर उससे चाहें कि वह उनकी शैली में कुछ लिख कर देदे, तो ऐसा करना उसके लिए संभव होगा। वह उनकी भाषा शैली की नकल कर लेगा। सरसरी तौर पर उसका लिखा आप पढ़ेंगे तो आपको लगेगा कि वह बिल्कुल वैसा ही है जैसा प्रेमचंद लिखते थे। लेकिन अभी तक यह मुमकिन नहीं हुआ है कि प्रेमचंद की जो संवेदना थी, उनके जो अनुभव थे, उन सब को भी कृत्रिम बुद्धि अपनी प्रस्तुति में ले आ सके। असल में कृत्रिम बुद्धि खुद कुछ नहीं रचती है, वह हमारे रचे को रीसाइकल करती है – इस बात को समझा जाना चाहिए।

लेकिन क्या इस वजह से हम कृत्रिम बुद्धि को पूरी तरह नकार सकते हैं? क्या उसकी सीमाओं को जानकर हम उसका सीमित उपयोग अपने हित में नहीं कर सकते हैं? क्या मनुष्य की सर्जनात्मकता और कृत्रिम बुद्धि की काबिलियत मिलकर ऐसा कुछ कर सकती है जो स्वागत योग्य हो? इस सवाल का जवाब हमारी फ़िल्में बखूबी देती हैं। इधर आने वाली बहुत सारी फिल्मों में ऐसे अनेक दृश्य देखने को मिलते हैं जिन्हें वास्तव में फ़िल्माना बहुत ही कठिन और व्यय साध्य होता, लेकिन कृत्रिम बुद्धि ने उन्हें संभव बना कर फ़िल्मों की प्रभावोत्पादकता को बढ़ा दिया। संगीत की दुनिया में भी ऐसा ही देखा जा सकता है। अभी हाल में एक रोचक प्रयोग से सामना हुआ। हमारे मित्र, और 'राष्ट्रदूत' के सुपरिचित स्तंभकार डॉ रामावतार शर्मा ने एक गीत लिखा और कृत्रिम बुद्धि को निर्देश दिया कि वह उसे संगीतबद्ध कर दे। कृत्रिम बुद्धि ने उसे कुछ–कुछ रैप शैली में संगीतबद्ध कर हाज़िर कर दिया। अब हमारे मित्र ने फिर ए आई से कहा कि उसे गीत शैली में युगल गीत के रूप में ढाल दिया जाए, और पलक झपकते ही उनके शब्द एक सुरीले युगल गीत के रूप में हम सुन रहे थे।यह उदाहरण बताता है कि कृत्रिम बुद्धि किस तरह आपकी सहायता कर सकती है।यह भी कि बहुत बार कृत्रिम बुद्धि रचित कृतियां रचनाकार के लिए प्रेरक और मार्गदर्शक भी साबित हो सकती हैं। रचनाकार अपनी प्रतिभा से कृत्रिम बुद्धि रचित कृति की नोक पलक संवार कर उसे मानवीय स्पर्श युक्त और प्रभावशाली बना सकता है। एक तरह से कृत्रिम बुद्धि उसे कच्चा माल सुलभ करा कर उसके श्रम को उसी तरह कम कर सकती है जिस तरह हमारे रसोई घर के उपकरणों ने गृहिणी के जीवन को सुगम बना दिया है। कृत्रिम बुद्धि के अवदान को इस नज़र से भी देखा जाना ज़रूरी है।

**जैसे-जैसे कृत्रिम बुद्धि का उपयोग बढ़ता जा रहा है, इसको लेकर अनेक आशंकाएं और संदेह भी सर उठा रहे हैं। सबसे बड़ा सवाल तो यह उठने लगा है कि अगर मैं कृत्रिम बुद्धि से यह कहूं कि वह जयशंकर प्रसाद की शैली में एक कविता रच दे या पिकासो की शैली में एक तस्वीर बना दे (ज़ाहिर है कि अन्य बहुत सारे निर्देश भी मैं दूंगा) तो कृत्रिम बुद्धि की जो सर्जना होगी उसका स्वत्त्वाधिकार किसका होगा? और यह भी कि अगर मैं उसे निर्देश देकर रवींद्र नाथ टैगोर की शैली की पचास कविताएं लिखवा लूं यह असल और नकल में अंतर कैसे किया जाएगा?**

जीवन के बहुत सारे क्षेत्र और काम इस तरह के हैं जहां सर्जनात्मकता की बहुत कम अपेक्षा होती है। वहां कृत्रिम बुद्धि हमारे लिए बहुत मददगार साबित हो सकती है। इससे हम अपना समय और श्रम बचा सकते हैं और उसका बेहतर उपयोग कर सकते हैं। जैसा मैंने पहले भी कहा है, कृत्रिम बुद्धि में बड़े से बड़े डेटा को पलक झपकते ही संसाधित कर देने की अद्भुत क्षमता है और यह क्षमता लगातार बढ़ती जा रही है। कृत्रिम बुद्धि का सार्थक उपयोग हम अपनी विरासत के संठाहण और संरक्षण के लिए भी कर सकते हैं। न सिर्फ यह बल्कि उनके प्रदर्शन के लिए भी इसका उपयोग किया जा सकता है, और किया जा रहा है। असल में भारतीय वैविध्यपूर्ण सांस्कृतिक संपदा के संरक्षण में इसका सही उपयोग अभी होना है, और जब होने लगेगा तो हम स्वयं इसकी सामर्थ्य से प्रभावित होंगे।

जैसे–जैसे कृत्रिम बुद्धि का उपयोग बढ़ता जा रहा है, इसको लेकर अनेक आशंकाएं और संदेह भी सर उठा रहे हैं। सबसे बड़ा सवाल तो यह उठने लगा है कि अगर मैं कृत्रिम बुद्धि से यह कहूं कि वह जयशंकर प्रसाद की शैली में एक कविता रच दे या पिकासो की शैली में एक तस्वीर बना दे (ज़ाहिर है कि अन्य बहुत सारे निर्देश भी मैं दूंगा) तो कृत्रिम बुद्धि की जो सर्जना होगी उसका स्वत्त्वाधिकार किसका होगा? और यह भी कि अगर मैं उसे निर्देश देकर रवींद्र नाथ टैगोर की शैली की पचास कविताएं लिखवा लूं यह असल और नकल में अंतर कैसे किया जाएगा? क्या इस तरह पूरा परिदृश्य नकली माल से नहीं पट जाएगा? अन्य अनेक नैतिक सवाल भी उठेंगे। मसलन जब मनुष्य कुछ रचता है तो वह अनेक मर्यादाओं का भी ख़याल रखता है। कृत्रिम बुद्धि तो उन मर्यादाओं से परे है। इस तरह क्या एक वर्जनारहित और उत्तरदायित्व रहित परिदृश्य नहीं उभरने लगेगा? अभी भी हम देख रहे हैं कि ग्रोक से लोग जो अजीब–ओ–ग़रीब हरकतें करवा रहे हैं, ग्रोक बिना किसी ना–नुकर के वैसी हरकतें कर देता है। क्या कोई मनुष्य कभी ऐसा करेगा? बात वही कि मनुष्य के पास विवेक है, कृत्रिम बुद्धि के पास केवल डेटा है।

लेकिन एक संभावना मैं यह भी देखता हूं कि कल को कृत्रिम बुद्धि को भी सामान्य नैतिकताओं से लैस किया जा सकता है। उसे तो जो सिखाया जाता है वह सीख लेता/लेती है। मतलब यह कि सम्भावनाएं अनंत हैं। तकनीक जितनी तेज़ी से बदल और समृद्ध हो रही है, हमारे लिए उसकी कल्पना करना भी सम्भव नहीं है। हमारे पूर्वजों ने तो कभी हवा में उड़ने के बारे में भी नहीं सोचा था, हमने कभी यह नहीं सोचा था कि हमारी हथेली में सिमटा मोबाइल नामक एक उपकरण हमारी सारी ज़रूरतों का वन पॉइंट समाधान साबित हो जाएगा। हमने अपने बचपन में कंप्यूटर की कौन कल्पना की थी, जबकि आज वह हमारी ज़िंदगी का अभिन्न अंग बन चुका है। इसी तरह हम अनजाने में भी कृत्रिम बुद्धि की बहुत सारी सुविधाओं का आज लाभ उठा रहे हैं। भविष्य में इस पर हमारी निर्भरता और अधिक बढ़ेगी, यह निश्चित है।

देखना यही है कि इन सुविधाओं का हम अपने हित में कितना उपयोग कर पाते हैं और किस सीमा तक हम इन सुविधाओं को अपने ऊपर हावी हो जाने की इजाज़त दे देते हैं। आज भी तो यही हो रहा है। बहुत सारे लोग सूचना प्रौद्योगिकी का अपनी कार्यक्षमता में वृद्धि के लिए उपयोग कर रहे हैं और बहुत सारे लोग रील्स जैसी निरर्थक गतिविधि में अपना समय नष्ट कर रहे हैं। बात अंतत: हमारे विवेक की है।

**–अतिथि संपादक,**
**डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल,**
**( शिक्षाविद और साहित्यकार )**

# ट्रंप टैरिफ : दिशा एवं दशा



रामपाल जाट

देवासुर संग्राम में असुरों के नायकों में बुद्धिमान, बलवान एवं अनेक गुण संपन्न नायक रहे हैं। भारत में हिरणकश्यप, रावण, कंस ख्यात नामो में है। यद्यपि हिरणयकश्यप के कुल में भक्त प्रहलाद, कंस के वंश में श्री कृष्ण तथा रावण के परिवार में विभीषण नायकों के रूप में प्रमुख रहे हैं। इससे यह तो स्पष्ट है कि असुर कोई अलग से जातीय पहचान नहीं थी वरन उनके कर्मों से ही उनकी गिनती असुरों के रूप में हुई। इसे तुलसीदास ने रामचरितमानस में "सुमति कुमति सब कें उर रहहीं। नाथ पुरान निगम अस कहहीं।।" चौपाई में प्रकट किया है। इसी को "राम भी चिरंतन है, रावण भी चिरंतन है।" उक्ति में व्यक्त किया है। मानव अपने कर्मों के आधार पर ही सुर और असुर के रूप में अपनी पहचान बनाता है। देवासुर का संधि विच्छेद देव असुर होता है, देव अच्छाई एवं असुर बुराई के मध्य सतत संघर्ष के प्रतीक हैं।

भारत के प्रधानमंत्री के रूप में इंदिरा गांधी एवं अटल बिहारी वाजपेई ऐसा नेतृत्व रहा जिनके सामने अमेरिका की धौंसपट्टी चल नहीं पाई। दोनों ने ही परमाणु विस्फोटों के समय अमेरिका द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों का संज्ञान नहीं लिया जिससे अमेरिका को स्वत: अपने प्रतिबंध वापस लेने के लिए विवश होना पड़ा था। आसुरी शक्ति तभी पनपती है जब उसे समुचित रूप से चुनौती देने वाला नहीं होता है। जी. के. बिरला के अनुसार भारत स्वयं पूर्ण बाजार है। विश्व में उपभोक्ताओं की संख्या में भारत प्रथम स्थान पर है। इसी आधार पर दोनों प्रधानमंत्रियों की दृढ़ता के सामने अमेरिका को ही अपने कदम पीछे लेने पड़े थे। दूसरा भारत कृषि प्रधान देश है यह लोकोक्ति प्रकृति दत्त सच्चाई है। भारत के पास उपलब्ध संपूर्ण भूभाग में से 51 प्रतिशत से अधिक भूभाग कृषि योग्य है जो । अमेरिका में यह 16.57 प्रतिशत है। सयुंक्त राज्य अमेरिका की सेंट्रल इंटेलिजेंस एजेंसी की नवीनतम वर्ल्ड फैक्ट बुक के अनुसार विश्व में सर्वाधिक कृषि योग्य भूमि में भारत प्रथम (17,53,694 वर्ग किमी), अमेरिका द्वितीय (16,52,028 वर्ग किमी) एवं चीन तृतीय (10,84,461 वर्ग किमी) स्थान पर है। भारत के उत्तर में हिमालय ठंडी हवाओं को रोकने वाला है, छ: ऋतुओं का चक्र इस देश के लिए वरदान है। यहां की जलवायु की विविधता के कारण खाद्यान्न के अतिरिक्त फल, फूल, सब्जी, औषधि, मसाला उत्पादन में भारत का विश्व में विशिष्ट स्थान है। वर्षा, सर्दी, गर्मी विभिन्न प्रकार के खाद्यान्नों के उत्पादन के लिए अनुकूलता प्रदान करती है। सर्द देशों में फसल उत्पादन अवधि 8 माह तक की है, जबकि भारत में 2 और 3 माह की अवधि में भी फसलें उत्पादित होती है।

भारत का किसान कृषि कार्य में विशेषज्ञता प्राप्त है। इसलिए भारत का किसान अमेरिका के राष्ट्रपति से प्रतिस्पर्धा में भी अपना यथोचित स्थान बनाए हुए है। इसी से 20वीं सदी की विश्वव्यापी मंदी में भी भारत की अर्थव्यवस्था स्थिर बनी रही। 3 वर्ष पूर्व विश्वव्यापी कोरोना काल में अर्थव्यवस्था के 26 क्षेत्रों में से कृषि के अतिरिक्त सभी की विकास दर – 23 प्रतिशत तक चली गई थी जबकि कृषि के विकास दर लगभग चार प्रतिशत रही।

अभी भारत के अनेक अर्थशास्त्री ट्रंप टैरिफ को अवसर के रूप में भी प्रस्तुत कर रहे हैं। यह एक प्रकार से ट्रंप टैरिफ के पक्ष में वातावरण बनाने जैसा है। वह यह भूल जाते हैं कि भारत की अर्थव्यवस्था का आधार सकल घरेलू उत्पाद का 70 प्रतिशत तो घरेलू खपत पर निर्भर है। भारत का अमेरिका के साथ वर्ष 2024–25 का निर्यात 86.51 अरब डॉलर एवं आयात 45.33 अरब डॉलर और व्यापार अधिशेष 41.18 अरब डॉलर रहा है। जिसमें अमेरिका की आवश्यकतानुसार फार्मा, पेट्रोलियम पर अमेरिका ने आयात शुल्क आरोपित नहीं किया हुआ। भारत का निर्यात भारत की 1.9 प्रतिशत जीडीपी को ही प्रभावित करता है। भारत पर 9 अप्रैल 2025 को ट्रंप टैरिफ का आगाज 26 प्रतिशत टैरिफ आरोपित कर किया गया है। अमेरिकी टैरिफ के पक्षधर प्रसन्न होकर इसे भारत के लिए अवसर बता रहे हैं कि चीन पर 34 प्रतिशत, वियतनाम पर 46 प्रतिशत, बांग्लादेश पर 37 प्रतिशत की तुलना में भारत पर टैरिफ कम है और वही यह भी युक्ति गढ़ रहे हैं कि भारतकोष से तीन से आठ अरब डॉलर की ही हानि होगी। जबकि उसकी तुलना में अवसरों की संभावना अधिक है। इसके लिए नोमुरा के प्रतिवेदन का उल्लेख कर रहे हैं जिसके अनुसार भारत सबसे कम प्रभावित होने वाला देश है। इसमें इस युक्ति का भी सहारा लिया जा रहा है कि टेक्सटाइल क्षेत्र में भारत को लाभ होने से 2027 तक 5 लाख नौकरियां बढ़ेगी। वहीं ट्रंप टैरिफ को 90 दिन के लिए स्थगित करने पर भी ताली बजा रहे हैं। जबकि अभी इस टैरिफ के कारण से विश्व भर में अनिश्चितता का वातावरण बना हुआ है। इस 90 दिन की अवधि के लिए रोक का कारण अमेरिका शेयर और ब्रांड बाजार में अप्रत्याशित गिरावट के साथ बढ़ते व्यापार असंतुलन और तरलता संकट, ऋण–आय असंतुलन, टेस्ला का एशियाई कारोबारी चीनी कंपनी के हाथों खोना तथा फेडरल रिजर्व बैंक की चेतावनी कि टैरिफ वृद्धि से उपजी अनिश्चितता स्थायी आर्थिक हानि पहुंचा सकती है जिससे पूर्ण रोजगार बढ़ाने और महंगाई नियंत्रित रखने के लक्ष्य प्राप्ति खतरे में होगी। वैसे वे भूल जाते हैं कि अमेरिका और भारत दोनों ने द्विपक्षीय व्यापार को वर्तमान 131.84 अरब डॉलर से बढ़ा कर वर्ष 2030 तक 500 अरब डॉलर करने के लक्ष्य की घोषणा की है। जिसमें एफ–35 डिफेंस जेट्स, रेयर अर्थ मिनरल, मेडिटेक कॉरिडोर को चीन का विकल्प बनाने की चर्चा भी है। वैसे भी अमेरिका वह देश है जिसकी अर्थव्यवस्था में कॉर्पोरेट करों का योगदान सर्वाधिक है। जो अपने हितों की चिंता अन्य देश की लूट के आधार पर भी करता है।

ट्रम्प टैरिफ की प्रतिक्रिया में चीन के द्वारा अमेरिका से आयात पर टैरिफ बढ़ाने से दोनों के मध्य टैरिफ युद्ध छिड़ गया है, चीन ने अमेरिका से आयात पर 125 प्रतिशत टैरिफ और अमेरिका ने चीन से आयात पर 245 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा की है।

'सर्वे भवंतु सुखिन' की भावना देवत्व की ओर ले जाती है तथा सबका अहित करके स्वयं का हित साधने की भावना आसुरी वृत्ति की ओर ले जाती है। अमेरिका के शक्तिशाली राष्ट्रपति अपनी शक्ति का सदुपयोग विश्व हित को ध्यान में रखकर करेंगे या विश्व को स्वयं की स्वार्थ पूर्ति के लिए उपयोग करने में करेंगे, यही निश्चित करेगा इस देवासुर संग्राम का परिणाम। भारत के लिए तो विश्व हित के लिए स्वयं को बचाकर रखने की प्राथमिकता है। भारत के राष्ट्रभक्तों का ध्यान इसी ओर केंद्रित होना स्वाभाविक है। इसी दृष्टिकोण से विचार करना वसुदेव कुटुंबकम की भावना को बलवती करेगा।

अमेरिका की चाहत के अनुसार सोया एवं डेयरी उत्पाद का भारत में ढेर लगा दिया तो तिलहन एवं दुग्ध उत्पादन विपरीत रूप से प्रभावित होंगे। इससे उत्पादकों को कम दाम मिलने से कंगाली में आटा गीला वाली कहावत चरितार्थ होगी। दिशा एवं दशा का सह–संबंध है, ट्रंप टैरिफ की जब दिशा ही सही नहीं है तो उसके परिणाम स्वरूप बनने वाली दशा का सही होना कल्पनातीत है।

**–रामपाल जाट,**
**राष्ट्रीय अध्यक्ष किसान महापंचायत**

# संविधान में शासन की त्रिवेणी व्यवस्था



रामनिवास बैरवा

पूंजीवादी लोकतत्रों में व्यक्ति–केंदिंत पार्टी आधारित चुनाव प्रणाली सत्ता पर नियन्त्रण करने का माध्यम है तथा सत्ता प्राप्ति के बाद अपने आप को सर्वाधिकार सम्पन्न मानकर शासन चलाना सत्ता पर एकाधिकारवाद को जन्म देता है जिसका खामियाजा अन्तत: देश की जनता को ही भुगतना पड़ता है।

इसी एकाधिकारवादी सत्ता की एक झलक पिछले दिनों देखने को मिली, जब वक्फ संशोधन अधिनियम, 2025 की वैधता को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई तथा सुप्रीम कोर्ट ने आंशिक स्थागन–आदेश पारित कर दिये और सत्ताधारी पार्टी के संवैधानिक पदाधिकारी सुप्रीम कोर्ट को संवैधानिक सीमाओं का ज्ञान कराने लगे। साथ ही पूर्व मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ के द्वारा बाबरी मस्जिद–राम मंदिर मामले में निर्णय देने के पहले प्रधानमंत्री द्वारा सुप्रीम कोर्ट परिसर में विशेष मुलाकात की याद भी दिलायी गयी। जाहिर है, यहां संवैधानिक अधिकार क्षेत्र के भी ऊपर सत्ताधिकार क्षेत्र के अहम की भूमिका साफ झलकती है।

यहाँ दो बातों की चर्चा आवश्यक है–पहली, कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका अपने–अपने क्षेत्र में स्वतन्त्र ईकाइयां हैं। उन्हें यह स्वतन्त्रता संविधान के दायरे में रह कर कार्य करते समय प्राप्त होती है। कार्यपालिका और विधायिका को मिलकर अनुच्छेद 107 के अर्न्तगत नियम–कानून बनाने का अधिकार है, किन्तु वह कानून यदि भेदभाव करते हुए निरंकुश है अथवा संवैधानिक अधिकारों पर कुप्रभाव डालता है, तो वह कानून अवैध होगा–उसकी वैधता–अवैधता अथवा संविधान सम्मत होने का निर्णय न्यायपालिका ही करेगी। अनुच्छेद 141/142 में न्यायपालिका को दिये गये अधिकार तथा न्यायिक समीक्षा के अधिकार असीमित हैं।

दूसरी, संविधान में कानून बनाने के जितने भी विषय गिनाये गये हैं या निर्धारित किये गये हैं उन विषयों पर बनाये गये, कानून संविधान सम्मत है या भेदभाव पूर्ण है इसका आंकलन और मूल्यांकन करने के क्या–क्या आाधार हैं, जिनके आधारा पर न्यायपालिका विचार करे?

देखा जाये तो किसी कानून के आंकलन और मूल्यांकन के उन्हीं विषयों और तथ्यों के आधार पर न्यायपालिका, कार्यपालिका और कार्यपालिका के कार्यों का मूल्यांकन और उनके अधिकार क्षेत्रों का निर्धारण होता है। और वे आधार हैं–किसी कानून विशेष के द्वारा देश के नागरिकों की, देश की जनता की आशाएं, देश की जनता की उम्मीदें कैसे परिलक्षित की जा रही हैं, कैसे अभिव्यक्त की जा रही हैं। जब विशेषज्ञ लोग लोकतंत्र के तीन स्तम्भ न्यायपालिका, विधायिका और कार्यपालिका गिनाते हैं तो वे दरअसल संविधान और संवैधानिक व्यवस्थाओं की गलत व्याख्या करते हैं, जो कि एडवोकेट्स स्मालप्रिंट की तरह है, उसमें प्रयुक्त शब्दों के शब्दकोषीय अर्थ खोजे जाते हैं बनिस्पत उनके सामाजिक निहितार्थ के। न्यायपालिका, विधायिका और कार्यपालिका, ये एक प्रकार से त्रिवेणी है तीन मुख्य धाराएं हैं, जो कि बालों की चुटिया की तरह संविधान का निर्माण करती है और ये तीन वेणियां हजारों–लाखों बालों के समूह से बनती है जो कि जनता की आकांक्षाओं का प्रतीक है।

कार्यपालिका की पूर्णता अन्य संवैधानिक प्राधिकारियों जैसे–सी.ए.जी. महाधिवक्ता, चुनाव आयोग आदि के साथ ही आई.ए.एस, आई.पी.एस. –अनुच्छेद 312 (2) और इनके तमाम प्रशासनिक तामझाम से है। न्यायपालिका की पूर्णता मुख्य–न्यायाधीश, अन्य न्यायाधीशों, राज्यों के जजों, न्यायाधिकारियों और नीचे की अदालतों से होती है। विधायिका की पूर्णता सांसदों–विधायकों के चुनाव जीत जाने से ही नहीं होती है बल्कि उनके पीछे आम जनता, किसानों–मजदूरों और अन्य वर्गों के वोट के अलावा उनकी आकांक्षाओं, अपेक्षाओं का प्रतिनिधित्व होने का दबाव भी होता है। यही संविधान की आत्मा भी है।

संविधान की इसी आत्मा को परिलक्षित करते हुए संविधान में उनको भाग 3 में मूल अधिकारों तथा भाग 4 में राज्यों की नीति के निदेशक तत्वों के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। मूल अधिकार जहां व्यक्तिगत विषयों से जुडे हुए हैं, वहीं राज्यों की नीति के निदेशक तत्वों का स्वरूप सामूहिक है, सामुदायिक है; वे समाज के विभिन्न वर्गों की सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक आवश्यकताओं को उनके न्यूनतम स्तर तक प्राप्त करने की बात कहते हैं। संविधान निर्माताओं ने भारतीय समाज की विभिन्नताओं, विषमताओं को प्रत्यक्ष रूप से देखा है, बहुत हद तक उन्हें भोगा है, इसलिए उन बातों को, उन आवश्यकताओं को रेखांकित किया गया है और कार्यपालिका, विधायिका के किसी भी व्यतिक्रम, या जन आकांक्षाओं की अनदेखी करके संवैधानिक–मानकों का अतिक्रमण किये जाने पर न्यायपालिका को उनकी समीक्षा करने के अधिकार से सम्पन्न किया गया है। उससे भी अधिक, न्यायपालिका को विधायिका और कार्यपालिका को निर्देश देने के अधिकार से भी सम्पन्न किया गया है यह देखने के लिए कि त्रिवेणी की उन दो धाराओं ने, कार्यपालिका और विधायिका ने संविधान में उल्लिखित जन आकांक्षाओं का कहीं उल्लंघन तो नहीं किया है, अतिक्रमण तो नहीं किया है, उन्हें अनदेखा तो नहीं किया है जिसके परिणामस्वरूप, व्यक्ति केंद्रिंत लोकतांत्रित व्यवस्था कहीं एकाधिकार में नहीं बदल जाये, जिससे उपजा जन–आक्रोश कहीं व्यवस्था को बदलकर किसी अन्य शासन व्यवस्था की तरफ ना चली जाये।

**–रामनिवास बैरवा,**
**पूर्व क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त**

# रानीवाड़ा बायपास पर डेंजर पॉइंट बना हादसों की वजह

**स्थानीय प्रशासन और पीडब्ल्यूडी विभाग को जानकारी होने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ, कस्बेवासियों में नाराजगी**

**रानीवाड़ा,** (निसं.)। रानीवाड़ा कस्बे के सांचौर–भीनमाल बायपास पर कोट की ढाणी चौराहे के समीप एक डेंजर पॉइंट लगातार दुर्घटनाओं का कारण बन रहा है। स्थानीय प्रशासन और पीडब्ल्यूडी विभाग को जानकारी होने के बावजूद अब तक इस समस्या का समाधान नहीं किया गया है, जिससे कस्बेवासियों में सरकार के प्रति गहरी नाराजगी देखी जा रही है।

जानकारी के अनुसार, दो वर्ष पहले तत्कालीन नगरपालिका ने बिजली बोर्ड कार्यालय के पास पक्का नाला निर्माण कराया था, लेकिन तकनीकी निरीक्षण के अभाव में इसका लेवल सही तरीके से नहीं रखा गया, जिससे यह नाकारा साबित हो रहा है। इसी नाले का सड़क क्रॉसिंग सड़क के स्तर से ऊंचा होने के कारण वाहन चालक यहां दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। सड़क की ओर 90 डिग्री का गड्ढा होने से कारें उतरते ही फंस जाती हैं, जिससे उनके इंजन क्षतिग्रस्त हो जाते हैं। पिछले दो माह में कम से कम 10 कारों को नुकसान हो चुका है।

सामाजिक कार्यकर्ता सुखदेव सिंह बताते हैं कि अधिकांश गुजराती यात्री इस मार्ग से गुजरते समय दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। भीनमाल रेलवे फाटक बंद होने की स्थिति में जल्दबाजी में शॉर्टकट लेने वाले वाहन चालकों को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ रही है। स्थानीय ग्रामीणों द्वारा कई बैठकों में प्रशासन से समाधान की अपील की गई, लेकिन पीडब्ल्यूडी विभाग ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है।

सरपंच प्रतिनिधि मफाराम राणा का कहना है कि इस समस्या को हल करने की जिम्मेदारी पीडब्ल्यूडी विभाग की है, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई है।

गौरतलब है कि रामसीन से रानीवाड़ा के बीच टोल रोड निर्माणाधीन है। यदि विभाग चाहे तो इस समस्या का तुरंत समाधान किया जा सकता है, लेकिन अनदेखी के चलते हादसे बढ़ते जा रहे हैं।

# संविदा डॉक्टर्स की सैलरी आधी करने का फैसला

- **56 हजार की जगह अब 28 हजार रुपए मिलेंगे**
- **अलग-अलग पोस्ट पर 2855 पदों पर भर्तियां होंगी**

**बीकानेर,** (निसं)। राजस्थान सरकार ने कॉन्ट्रैक्ट पर रखे जाने वाली डॉक्टर्स की सैलरी आधी करने का फैसला किया है। अब तक कॉन्ट्रैक्ट वाले डॉक्टर्स को प्रतिमाह 56 हजार रुपए सैलरी मिलती थी, जिसे घटाकर 28 हजार रुपए किया गया है। वहीं, नेशनल हेल्थ मिशन के तहत प्रदेश में स्वास्थ्य कर्मियों के कुल 2855 पदों पर कॉन्ट्रैक्ट भर्तियां की जाएंगी। इनमें फीमेल हेल्थ वर्कर, एलोपैथी मेडिकल ऑफिसर, मेडिकल लैब टेक्निशियन, नर्स और फार्मा असिस्टेंट के पद शामिल हैं। सभी नियुक्तियां जिला स्तर पर जिला हेल्थ समितियों के माध्यम से की जाएंगी। प्रदेश के सभी जिलों को एमबीबीएस डॉक्टर के 162 पद भी दिए गए हैं। मेडिकल ऑफिसर की योग्यता को ही इस पद के लिए निर्धारित किया गया है।

मिशन निदेशक डॉ. भारती दीक्षित की ओर से जारी इस आदेश में डॉक्टर का वेतन 28 हजार 50 रुपए तय किया गया है। बताया जा रहा है कि यह निर्णय पिछले आदेशों से एकदम विपरीत है। 30 मार्च 2022 को तत्कालीन मिशन निदेशक डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी ने पूर्णकालिक संविदा डॉक्टरों का वेतन 56600 रुपए निर्धारित किया था। यहां तक कि एक मार्च 2024 को जारी एक अन्य आदेश में भी संविदा डॉक्टरों के लिए यही वेतन तय किया गया था। प्रदेश में वर्तमान में करीब 700 डॉक्टर्स कॉन्ट्रैक्ट पर काम कर रहे हैं। हालांकि, पुराने डॉक्टरों को 56 हजार 600 रुपए का वेतन मिलता रहेगा, लेकिन नए डॉक्टरों को घटी हुई राशि मिलेगी। विशेषज्ञों का कहना है कि कांट्रैक्ट का हिस्सा काटने के बाद यह राशि 25 हजार रुपए के आसपास रह जाएगी। आमतौर पर कांट्रैक्ट डॉक्टर कुछ समय बाद पीजी करने या स्थायी पद पर चले जाते हैं। इसलिए भी ये निर्णय किया गया है।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा


**सोमवार 28 अप्रैल, 2025**

वैशाख मास, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा तिथि, सोमवार, विक्रम संवत 2082, भरणी नक्षत्र रात्रि 9:38 तक, आयुष्मान योग रात्रि 8:02 तक, किस्तुघ्न करण दिन 11:06 तक, चन्द्रमा रात्रि 2:54 से वृष राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य–मेष, चन्द्रमा–मेष, मंगल–कर्क, बुध–मीन, गुरू–वृष, शुक्र–मीन, शनि–मीन, राहु–मीन, केतु–कन्या राशि में।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** अमृत सूर्योदय से 7:32 तक, शुभ 9:10 से 10:47 तक, चर 2:02 से 3:34 तक, लाभ अमृत 3:34 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 7:30 से 9:00 तक। सूर्योदय 5:55, सूर्यास्त 6:54



**मेष**
वर्तमान में चल रही परेशानियां दूर होने लगेगी। मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनोबल–आत्मविश्वास बढ़ेगा। व्यावसायिक यात्रा संभव है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।




**वृष**
घर–गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। मन में असंतोष बना रहेगा। खान–पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।



**मिथुन**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक यात्रा संभव है। धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं।



**कर्क**
व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा।



**सिंह**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



**कन्या**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। यात्रा में दुर्घटना का भय है।



**तुला**
परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। आज परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है।




**वृश्चिक**
व्यावसायिक कार्यों के संबंध में शुभ संदेश प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक विवादों से मुक्त सकते हैं।



**धनु**
घर–परिवार में अतिथियों का आगमन रहेगा। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में सुख–सुविधाएं बढ़ेगी। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



**मकर**
घर–परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में सुख–सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में अतिथियों का आगमन रहेगा। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।



**कुंभ**
परिवार में सुख–शांति बनी रहेगी। परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



**मीन**
व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। खान–पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

# जयपुर में आई.पी.एल. टिकट की कालाबाजारी करते दो गिरफ्तार

**जयपुर।** सवाई मानसिंह स्टेडियम में 28 अप्रैल (सोमवार) को राजस्थान रॉयल्स का मुकाबला गुजरात टाइटंस से होगा। इस मैच के टिकटों की कालाबाजारी करने वाले दो आरोपियों को लाल कोठी थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दोनों से 56 टिकट रिकवर किए गए हैं। एक कार भी बरामद की है।

> ■ राजस्थान रॉयल्स और गुजरात टाइटंस के मैच के 56 टिकट रिकवर



लाल कोठी थाना पुलिस ने आईपीएल मैच के टिकटों की कालाबाजारी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम तेजस्वनी गौतम ने बताया कि आईपीएल मैच में टिकटों की कालाबाजारी को रोकने के लिए सभी थानों को निर्देशित किया गया था। 26 अप्रैल को सीएसटी के कॉन्स्टेबल प्रदीप की सूचना पर संदीप नाटाणी (45) पुत्र गोविंद दास नाटाणी निवासी चौड़ा रास्ता थाना कोतवाली जयपुर और चंद्र प्रकाश (26) पुत्र नारायण निवासी कंवर नगर थाना ब्रह्मपुरी को पकड़ा गया।

संदीप नाटाणी के पास मिले सफेद लिफाफे को चेक किया तो उसमें 28 अप्रैल को होने वाले आईपीएल मैच के 40 टिकट थे। हर टिकट 2400 रुपए का था। इनके सीरियल नंबर 164433 से 164472 तक थे। चन्द्र प्रकाश के पास मिले सफेद लिफाफे को चेक किया तो उसमें 28 अप्रैल के मैच के 16 टिकट प्रत्येक टिकट 3200 रुपए के मिले। जिसके सीरियल नंबर 164543 से 164558 तक कुल 16 टिकट मिले। दोनों ने पूछताछ में बताया कि 2400 रुपए के टिकट ये लोग 4 हजार और 3200 रुपए के टिकट 5 हजार रुपए में ब्लैक में बेच रहे थे। प्रिन्ट रेट से अधिक रुपए में टिकट बेच कर धोखाधड़ी कर रुपए कमाने पर इन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

## पुलिस की दो कार्रवाई के बाद उठ रहे सवाल

गांधी नगर इलाके में पुलिस ने कार्रवाई कर आरोपी राजेश को गिरफ्तार किया। राजेश से 40 टिकट बरामद किये। आरोपी 2200 वाला टिकट 4000 रुपये में बेच रहे थे। उनके पास कल होने वाले गुजरात और राजस्थान मैच के टिकट मिले। तीनों आरोपियों ने किसी खास व्यक्ति का नाम कबूला है। नाम सुन कर अब जयपुर पुलिस एक्टिव हुई। वहीं एक साथ इतने सारे टिकट इन आरोपियों के पास कैसे आए, पुलिस इस बाद की आरोपियों से सख्ती से पूछताछ कर रही है।

# अन्नपूर्णा भण्डार खोलने के लिये सुझाव मांगे जाएंगे

**जयपुर।** प्रदेशभर में अन्नपूर्णा भण्डार के सफल क्रियान्वयन हेतु विस्तृत दिशा निर्देशों के सन्दर्भ मे सुझाव आमंत्रित किये जाने हेतु प्रबन्ध निदेशक राजस्थान राज्य खाद्य एवं आपूर्ति निगम लि. राजेंद्र वर्मा की अध्यक्षता मे सोमवार को दोपहर 3 बजे निगम मुख्यालय सभागार, चतुर्थ तल, किसान भवन लाल कोठी, जयपुर में बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में राज्य स्तरीय एफएमसीजी उत्पादनकर्ता, एफएमसीजी एग्रीग्रेटर, एफएमसीजी केरिंग और फॉरवर्डिंग एजेन्ट (सीएफए), राशन डीलर एसोसिएशन,राजस्थान, राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परीषद, जयपुर के प्रतिनिधियों एवं अध्यक्षों को आमंत्रित किया गया है।

उल्लेखनीय है कि बजट घोषणा 2025-26 के बिन्दु संख्या 80 के अनुसार अल्प आय वर्ग के परिवारों को रोजमर्रा की आवश्यकता का सामान उचित मूल्य पर उपलब्ध कराने हेतु 5 हजार उचित मूल्य की दुकानों पर अन्नपूर्णा भण्डार खोले जाने प्रस्तावित है।

# अवैध जल कनेक्शन को हटाकर नियमित करें : कन्हैया लाल



जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैया लाल की अध्यक्षता में रविवार को गांधीनगर परिसर स्थित सभागार कक्ष में जयपुर संभाग के पेयजल संबंधी कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

**जयपुर।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैया लाल की अध्यक्षता में रविवार को विभाग के गांधीनगर परिसर स्थित सभागार कक्ष में जयपुर संभाग के पेयजल संबंधी कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

जलदाय मंत्री ने ग्रीष्म ऋतु 2025 की चुनौतियों के मद्देनजर पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए विभिन्न महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समर कंटीजेंसी के तहत नलकूप की गहराई करने, पाइपलाइन एवं पंप सेट बदलने जैसे कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण किया जाए जिससे आमजन को भीषण गर्मी के दौरान राहत पहुंचाई जा सके। उन्होंने कहा कि जिला कलेक्टर की अनुशंसा से स्वीकृत आकस्मिक कार्यों को अति शीघ्र पूर्ण कर लिया जाए, इसमें किसी भी तरह की देरी एवं लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जलदाय मंत्री ने जयपुर शहर व ग्रामीण क्षेत्र में ग्रीष्म 2025 हेतु जल परिवर्तन कार्य वास्तविक आवश्यकतानुसार स्वीकृति अनुरूप कर पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024-25 में स्वीकृत हेडपंप एवं नलकूप निर्माण कार्यों को 15 मई तक पूर्ण कर चालू करने तथा वर्ष 2025-26 के बजट घोषणाओं के कार्यों को 31 मई तक पूर्ण कर लिया जाए।

> ■ 'मुख्यमंत्री की मंशा अनुसार 24 गुणा7 कंट्रोल रूम व पेयजल कार्यों की प्रभावी मॉनिटरिंग किया जाना सुनिश्चित करें'

जलदाय मंत्री ने कहा कि अभियान के दौरान अवैध जल कनेक्शनों को हटाकर नियमित करने की कार्यवाही की जाए। उन्होंने अमृत 2.0 योजना के तहत प्रक्रियाधीन निविदाओं के कार्यादेश 15 मई तक तथा शेष कार्यादेश 31 मई तक जारी करने सहित बकाया जल राजस्व वसूली में तेजी लाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहां कि विभागीय गतिविधियों के व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए साथ ही सांभर व फुलेरा में नियमित पेयजल आपूर्ति बनाए रखने के लिए आवश्यक कार्यवाही की जाए। उन्होंने बीसलपुर योजना की ट्रांसमिशन लाइन टीएम-01 की सघन मॉनिटरिंग, जल जीवन मिशन के तहत न्यायिक प्रकरणों के कारण अटके कार्यों का शीघ्र निस्तारण एवं मिशन के तहत टूटी गई सड़कों का मरम्मत करने के निर्देश दिए।

जलदाय मंत्री ने कहा कि पेयजल कनेक्शनों में निर्धारित गुणवत्ता मानकों का पालन करते हुए फिटिंग करवाई जाए साथ ही अमृत 2.0 कार्यों को फेस्ड मैनर में समय पर पूर्ण किया जाए। उन्होंने राजस्थान संपर्क पोर्टल एवं जिला स्तरीय कंट्रोल रूम पर प्राप्त शिकायतों का तत्परता से गुणवत्तापूर्ण समाधा करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को ग्रीष्म ऋतु के दौरान मुख्यालय पर उपस्थित रहने तथा वर्ष 2025-26 की बजट घोषणाओं में प्रस्तावित कार्यों की स्वीकृति प्रक्रियाओं में तेजी लाने के निर्देश भी दिए।

बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव भास्कर ए सावंत मुख्य अभियंता (ग्रामीण) केडी गुप्ता मुख्य अभियंता (शहरी) श्री मनीष बेनीवाल मुख्य अभियंता मुख्य अभियंता (प्रोजेक्ट) राज सिंह चौधरी सहित संबंधित अभियंता उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री का उद्बोधन "एक भारत, श्रेष्ठ भारत" के संकल्प के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है : भजनलाल शर्मा

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को 'मन की बात' कार्यक्रम की 121वीं कड़ी में देशवासियों को संबोधित किया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी अपने मुंबई प्रवास के दौरान मुंबई एयरपोर्ट पर 'मन की बात' कार्यक्रम को सुना। अपने संबोधन में मोदी ने कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यह हमला आतंक के सरपरस्तों की हताशा को दिखाता हैं। उन्होंने कहा कि कश्मीर में शांति लौट रही थी और लोकतंत्र मजबूत हो रहा था, मगर देश के दुश्मनों को ये शांति और समृद्धि रास नहीं आई। मोदी ने विश्वास दिलाया कि पीड़ित परिवारों को न्याय मिलेगा तथा हमले के दोषियों और साजिशकर्ताओं को कठोरतम जवाब दिया जाएगा।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी अपने मुंबई प्रवास के दौरान मुंबई एयरपोर्ट पर 'मन की बात' कार्यक्रम को सुना।

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में अंतरिक्ष वैज्ञानिक डॉ. के. कस्तूरीरंगन के निधन पर श्रद्धांजलि व्यक्त करते हुए उनके योगदान को याद किया। उन्होंने आर्यभट्ट उपग्रह के प्रक्षेपण के 50 वर्ष पूरे होने का जिक्र करते हुए कहा कि अंतरिक्ष में भारत के सपनों की उड़ान एक समय केवल हौसलों से शुरू हुई थी, मगर आज देश एक ग्लोबल स्पेस पॉवर बन चुका है। हमने एक साथ 104 सैटेलाइट्स लॉन्च करके रिकॉर्ड बनाया है तथा चन्द्रमा के दक्षिणी धुरव पर पहुंचने वाला भारत पहला देश बना है।

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में म्यांमार में भूकंप के बाद भारत द्वारा चलाए गए राहत अभियान और अफगानिस्तान के लिए वैक्सीन भेजे जाने की चर्चा की। उन्होंने कहा कि संकट के समय विश्वमित्र के रूप में भारत की पहचान बन रही है। एक पेड़ मां के नाम अभियान की बात करते हुए प्रधानमंत्री ने गर्मी के मौसम में देशवासियों को अधिक से अधिक तादाद में पेड़ लगाने का आव्हान किया। उन्होंने मन की बात में अन्य कई विषयों पर भी चर्चा की।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि इस प्रेरणादायक कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री ने भारत की विकास यात्रा की उल्लेखनीय उपलब्धियों का चित्रण करते हुए समाज के प्रत्येक वर्ग को राष्ट्र निर्माण के महायज्ञ में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रोत्साहित किया। शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री के शब्दों में गहरा प्रभाव है, जो हमें 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के संकल्प के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।

# शिव परिवार के साथ राम दरबार की होगी प्राण प्रतिष्ठा

**जयपुर।** सोडाला स्थित तेजा महाराज मंदिर में शिव परिवार के साथ श्री राम दरबार मूर्ति की प्राण- प्रतिष्ठा की धूमधाम से की जाएगी। इस दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम में 29 अप्रैल को 251 महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में कलश यात्रा शामिल होगी। जिसमें गाजे बाजे के साथ महिलाएं सिर पर कलश लेकर मंगल गीत गाती हुई सोडाला स्थित बैकुंठ नाथ मंदिर से रवाना होकर अजमेर रोड,न्यू सांगानेर रोड हुए तेजाजी मंदिर पहुंचेगी। जहां पर महिलाओं का भव्य स्वागत किया जाएगा। साथ ही भगवान शिव-पार्वती और श्री राम दरबार की झांकी सजाई जाएगी।

पंडित मूलचंद शर्मा ने बताया कि 29 अप्रैल को 251 महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सोडाला स्थित बैकुंठ नाथ मंदिर से रवाना होकर अजमेर रोड,न्यू सांगानेर रोड हुए तेजाजी मंदिर पहुंचेगी। इस बीच कलश-यात्रा को जगह-जगह स्वागत और पुष्पा वर्षा की जाएगी। इसके बाद इस दिन शाम को हवन किया जाएगा,जो सम्पूर्ण रात्रि चलेगा। इसके बाद अगले दिन 30 अप्रैल को तेजाजी मंदिर प्रांगण में हवन की पूर्णाहुति का आयोजन किया जाएगा। जिसमें विधि - विधान से हवन के पश्चात शिव परिवार और श्री राम दरबार मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा की जाएगी।

# कुमार विश्वास ने पूर्व आईपीएस हरिप्रसाद शर्मा की पुस्तक "कर्तव्य पथ" का विमोचन किया



**जयपुर।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हमला हुआ हम सब के दिलों से चित्कार निकल उठी। लेकिन अब समय आ गया है सिर्फ दुखी होने से काम नहीं चलेगा। अब पाकिस्तान ही नहीं देश में बैठे उन लोगों के हाथों को भी तोड़ना होगा, जो आतंकवाद के लिए दरवाजा खोलते हैं। सिस्टम पर जनता को भरोसा तो है, लेकिन अब उस विश्वास पर खरा उतरने की जरूरत है। ये कहना था जयपुर में सेवानिवृत आईपीएस हरिप्रसाद शर्मा की पुस्तक "कर्तव्य पथ" का विमोचन करने के लिए आए कुमार विश्वास का।

हंसी के साथ कटाक्ष की शैली के लिए जाने जाने वाले कुमार विश्वास ने नेताओं और सिस्टम को संभल कर काम करने की सलाह तो दी ही साथ ही जनता की नब्ज को टटोलने की भी बात कही। उन्होनें कहा कि पहले बात होती थी तो पता नहीं चलता था लेकिन अब एक मिनिट में सबके फोन पर पहुंच जाती हैं। ऐसे समय में अपने आस-पास के लोगों का साथ और विश्वास पा लेना ही सफलता की पहचान है। यही विश्वास रिटायर्ड आईपीएस हरिप्रसाद शर्मा ने लोगों के बीच कमाया है। जिसका प्रमाण यहां का भारा हुआ सभागार दे रहा है। ये तभी हो सकता है जब सिर्फ काम ही नहीं भरोसा भी हो। कर्तव्य पथ पुस्तक विमोचन समारोह का आयोजन बिड़ला ऑडिटोरियम में शाम 4 से 6 बजे किया गया। सेवानिवृत आईपीएस हरिप्रसाद शर्मा ने बताया कि पुस्तक में उन्होंने अपने जीवन के हर उतार चढ़ाव और पुलिस सेवाकाल में रहते हुए हर अनुभव को सच्चाई के साथ बयान किया है।

# थाने में तोड़फोड़ और मारपीट मामले में तीन अधिकारी गिरफ्तार

**जयपुर।** कानोता थाना पुलिस शराब के नशे में उत्पात मचा रहे तीन अधिकारियों को पकड़ कर थाने लाई थी। आरोपियों ने थाने में तोड़फोड़ की ओर हाथापाई के दौरान एक कांस्टेबल का हाथ तोड़ दिया। इस मामले में पुलिस ने आरोपियों को अरेस्ट कर लिया और सोमवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा।

> ■ आरोपी एलाइड आरएएस अधिकारी है। तीनों अधिकारियों के खिलाफ राजकार्य में बाधा डालने, मारपीट करने, सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है।

जांच अधिकारी सहायक पुलिस आयुक्त बस्सी विनय कुमार डीएच ने बताया कि आरोपियों को गिफ्तार कर लिया गया और उन्हें सोमवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा। आरोपियों ने नशे में धुत होकर पुलिस से बदसलूकी करने के साथ थाने में तोड़फोड़ की और हाथपाई कर एक कांस्टेबल का हाथ तोड़ दिया।

गौरतलब है कि तीन अधिकारियों ने शराब के नशे में जमकर उत्पात मचाया। नशे में धुत अधिकारियों ने राहगीरों से गाली-गलौज की। बीच सड़क पर काले रंग की थार गाड़ी खड़ी कर रास्ता रोक लिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। तीनों को हिरासत में लेकर थाने ले जाया गया तो उन्होंने थाने में भी हंगामा कर दिया। थाने में लाने के बाद तीनों अधिकारियों ने पूछताछ में अपना नाम बताने से इनकार कर दिया। पुलिसकर्मियों से अभद्रता की। स्वयं को बड़ा अधिकारी बताते हुए थाने में हंगामा किया। टेबल पर जोर-जोर से हाथ मारकर कांच तोड़ दिया। सीएल अवकाश रजिस्टर फाड़ दिया। बात बढ़ने पर हेड कांस्टेबल बाबूलाल, कांस्टेबल सेवा राम और कांस्टेबल महाराज सिंह पर हमला कर दिया। हमले में हेड कांस्टेबल बाबूलाल के दाहिने हाथ में फ्रैक्चर हो गया। अन्य दो कांस्टेबल के गले और हाथों पर खरोंचें और अंदरुनी चोटें आईं है। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। आरोपी एलाइड आरएएस अधिकारी है। तीनों अधिकारियों के खिलाफ राजकार्य में बाधा डालने, मारपीट करने, सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है। इस मामले में हरिराम सिंह पुत्र श्रीराम चौधरी निवासी ग्राम किवारा निवाई टोंक, पदस्थापन को-ऑपरेटिव इंस्पेक्टर कार्यालय श्रीमाधोपुर सीकर,जितेंद्र चौधरी पुत्र श्रद्धालाल, निवासी पीपलू, निवाई टोंक, पदस्थापन को-ऑपरेटिव इंस्पेक्टर हेड ऑफिस जयपुर और रामावतार मीना पुत्र कैलाश चंद मीणा, निवासी सकतपुरा, निवाई टोंक, पदस्थापन केंद्रीय आबकारी निरीक्षक कार्यालय, अंधेरी, मुंबई को पकड़ा है।

# देश में बार-बार होने वाले चुनाव से समय, धन और ऊर्जा की होती है बर्बादी : मदन राठौड़

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में रविवार को एक राष्ट्र एक चुनाव अभियान के तहत अधिवक्ताओं का प्रदेश स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि लोकसभा और राज्यों के विधानसभा चुनाव अलग-अलग समय पर होते हैं, जिससे देश लगातार चुनावी मोड में बना रहता है। इससे प्रशासनिक अमला, सुरक्षा बल और राजनीतिक नेतृत्व चुनावों में व्यस्त रहते हैं, जिससे विकास कार्यों में बाधा आती है और नीतिगत निर्णयों में देरी होती है। बार-बार होने वाले चुनाव देश के समय, धन और ऊर्जा की बर्बादी करते है। अभियान के प्रदेश संयोजक सुनील भार्गव ने कहा कि एक साथ चुनाव कराने से सरकारें अपना पूरा कार्यकाल विकास और शासन में लगा सकेंगी, जिससे 2047 तक विकसित भारत का सपना साकार करना अधिक संभव होगा। इससे चुनावी खर्च में भारी कटौती होगी, विकास योजनाओं में तेजी आएगी। इस दौरान बार कॉसिल के वाइस चेयरमैन देवेंद्र सिंह महलाना, हाईकोर्ट बार जयपुर के अध्यक्ष महेंद्र शाण्डिल्य, जयपुर बार के अध्यक्ष गजराज सिंह राजावत आदि मौजूद रहे।


नम्बर मिलाइए 9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।



चतुर्थ पुण्यतिथि



श्री अनिल वार्ष्णेय

(वरिष्ठ पत्रकार)

की चतुर्थ पुण्यतिथि पर हम सभी परिवारजन अश्रुपूरित नेत्रों से भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

श्रद्धावनत:

श्रीमती निशा वार्ष्णेय (पत्नी), डॉ.दीपाली वार्ष्णेय अग्रवाल, दीपक सिंघल (पुत्री दामाद), दिव्यम, तनिष्क (दोहिते) एवं समस्त वार्ष्णेय परिवार


# कानून व्यवस्था के साथ सद्भाव बनाए रखने के लिए हर संभव प्रयास हों : जितेन्द्र कुमार

**जयपुर।** जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने जयपुर में कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ जिले में सांप्रदायिक सौहार्द और आपसी सदभाव कायम बनाये रखने के लिए हर संभव प्रयास सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। जिला कलक्टर ने रविवार को जिले की कानून व्यवस्था को लेकर वीसी के माध्यम से अधिकारियों की बैठक ली जिसमें उन्होंने अधिकारियों को प्रत्येक स्तर पर संवाद कायम रखते हुए कानून व्यवस्था बिगाड़ने वाले तत्वों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिये।

> ■ जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को दिये सख्त निर्देश, असामाजिक तत्वों पर नजर रखने एवं सोशल मीडिया की मॉनिटरिंग के लिए किया निर्देशित



जिला कलेक्टर के निर्देश पर सभी उपखण्डों के थानों में सीएलजी की बैठक हुई।

बैठक में जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने सभी उपखण्ड अधिकारियों से कानून व्यवस्था के संबंध में फीडबैक लिया। उन्होंने उपखण्ड अधिकारियों एवं पुलिस उपाधीक्षकों को प्रत्येक स्तर पर क्षेत्र के मौजीज लोगों, धर्म गुरूओं के साथ संवाद कायम करने, सभी पुलिस थानों को नियमित सीएलजी और शान्ति समितियों की बैठक लेकर संदिग्ध व्यक्तियों, स्थानों, भ्रामक और साम्प्रदायिक तनाव भड़काने वाले व्यक्तियों की पहचान कर उन पर सख्त कार्रवाई करने, सूचना तंत्र को और अधिक मजबूत बनाने के साथ-साथ सोशल मीडिया की मॉनिटरिंग करने के लिए भी निर्देशित किया।

जिला कलक्टर ने जिले में कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को मुस्तैदी से कार्य करने, नाकेबंदी और पुलिस गश्त को और अधिक सशक्त बनाने के निर्देश दिए।

उन्होंने महत्वपूर्ण स्थानों, मुख्य बाजार, पर्यटन स्थलों, धार्मिक स्थलों, बस स्टेण्ड, रेल्वे स्टेशन एवं संवेदनशील एवं भीड़भाड़ वाले अन्य स्थानों पर सतत् निगरानी रखने एवं पर्याप्त पुलिस जाप्ता नियोजित करने के साथ-साथ संभावित तनावपूर्ण स्थानों को चिन्हित कर अतिरिक्त जाप्ता लगाने के निर्देश दिये।

जिला कलक्टर के निर्देशों की अनुपालना में बैठक के बाद जिले के सभी उपखंड अधिकारियों, पुलिस उप अधीक्षकों, तहसीलदार, नायब तहसीलदार ने पुलिस थानों में सीएलजी शांति समिति की बैठक ली क्षेत्र में कानून व्यवस्था एवं सौहार्द बनाने एवं बनाये रखने के लिए मौजिज लोगों एवं धार्मिक संगठनों के पदाधिकारियों, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों सहित आमजन से संवाद किया।

# "राजसेस महाविद्यालय प्रभारियों को शक्तियां मिलें"

**जयपुर।** राजस्थान विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय शिक्षक संघ-रुक्टा डेमोक्रेटिक के प्रदेश संयोजक प्रो.रमेश बैरवा ने आयुक्त कॉलेज शिक्षा को ज्ञापन भेजकर राजसेस महाविद्यालयों के प्राचार्य एवं नोडल अधिकारियों को आहरण वितरण अधिकारी की शक्तियां प्रदान करने एवं गैर शैक्षिणक स्टाफ लगाने की पुरजोर मांग की है। ज्ञापन की प्रति प्रमुख शासन सचिव उच्च शिक्षा को भी भेजी गई है। इन महाविद्यालयों में कंप्यूटर वर्क के लिए कम से कम एक क्लर्क का तो पदस्थापन हर हाल में किया ही जाए ताकि सत्र 2025-26 जिसके लिए प्रवेश कार्य शुरू हो चुका है का कार्य आसानी से संपादित किया जा सके। अन्य कार्य भी समय पर ठीक से किए जा सके,विद्यार्थियों की भी परेशानी कम हो सके। ज्ञापन में लिखा है कि राजस्थान में 340 राजसेस महाविद्यालय संचालित है। इनमें प्रत्येक में 13 गैरशैक्षिणक स्टाफ के पद स्वीकृत हैं,लेकिन इनमें ज्यादातर में एक भी गैरशैक्षिणक कार्मिक नहीं है। अध्यापन हेतु भी विद्या संबल गेस्ट फैकेल्टी के लगाए जाने वाले प्राध्यापक पूरे सत्र के लिए नहीं लगाए जाते हैं।


**कार्यालय ग्राम पंचायत आकोडिया**

पंचायत समिति कोटखावदा, जिला जयपुर (राज.)

क्रमांक-ग्रा. पं./आकोडिया/2025/015

दिनांक-25/04/25

**आपत्ति आमंत्रण सूचना**

ग्राम पंचायत के समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि स्वामित्व योजनान्तर्गत भारतीय भू-सर्वेक्षण विभाग से राजस्व ग्राम भाडवास के संशोधित सर्वे प्रपत्र व मैप 2.1 को आमजन के लिये प्रदर्शित किया जाकर आपत्ति आमंत्रित की जाती है। साथ ही उक्त सर्वे प्रपत्र व मैप 2.1 ग्राम पंचायत कार्यालय में प्रत्येक भूखण्ड के विवरण मय भूमि नक्शा सहित सर्वजन हेतु अवलोकनार्थ भी उपलब्ध है। इस सर्वे प्रपत्र व मैप 2.1 में किसी प्रकार की आपत्ति/संशोधन हेतु आपत्तियां ग्राम पंचायत कार्यालय में 07 (सात) दिवस के भीतर प्रस्तुत करें।
आबादी भूमि की सीमा अथवा नक्शों में ड्रोन सर्वे द्वारा प्रदर्शित प्रापर्टीज की सीमा व नाम के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
यदि आपत्ति दर्ज नहीं होती है तो ग्राम पंचायत द्वारा प्रापर्टीज पार्सल मय पट्टा वितरित किया जावेगा।

(घनश्याम शर्मा)
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत आकोडिया
पं.स.कोटखावदा (जयपुर ग्रामीण)



**खोया पाया**

मेरा 10वीं और 12वीं का मार्कशीट B.Sc. नर्सिंग सर्टिफिकेट एवम् रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट कहीं खो गया। मिलने पर सूचित करें । धारा-9079915789



**नाम परिवर्तन**

मुकेश कंवर पुत्री लादुसिंह जाति राजपुत, उम्र 36 वर्ष, निवासी 24 जोरावर नगर नाड़ी का फाटक बैनाड रोड जयपुर का समस्त दस्तावेज यथा शैक्षणिक, आधार कार्ड, पेन कार्ड, पहचान पत्र आदि में मुकेश कंवर अंकित है। मेरा घर का नाम भंवर कंवर होने के कारण एक मात्र दस्तावेज मेरे पिताजी की आर्मी की डिस्चार्ज बुक में अंकित है।

# पहलगाम आतंकी हमला भारत की आत्मा पर हमला है : केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव

## सरकार आतंकवाद के विरूद्ध कठोर कदम उठा रही है दुनिया के अधिकतम देश हमारे साथ खड़े हैं : ओमप्रकाश माथुर



अलवर में सिक्किम के राज्यपाल ओमप्रकाश माथुर ने डिजिटल लाइब्रेरी 'ई-गुरूकुल' का लोकार्पण किया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, राज्य मंत्री संजय शर्मा सहित भाजपा नेता मौजूद रहे।

- **स्वामी विवेकानन्द जी ने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा था कि शिक्षा व्यक्ति के चारित्रिक, मानसिक, आध्यात्मिक आदि गुणों का विकास करती है**

**अलवर,** (निसं)। सिक्किम के राज्यपाल ओमप्रकाश माथुर रविवार को अलवर पहुंचे। ओमप्रकाश माथुर ने अलवर में स्वामी विवेकानन्द स्मारक पर सांसद निधि द्वारा तैयार कक्ष में वी शक्ति ट्रस्ट द्वारा बनाए गए स्वामी विवेकानन्द ई-गुरूकुल का लोकार्पण किया एवं 2 ज्ञान वाहन मोबाइल ई-लाइब्रेरी को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। वहीं पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा प्रताप ऑडिटोरियम में आयोजित नागरिक अभिनन्दन कार्यक्रम में सूचना केंद्र (पीआरओ ऑफिस) व राजकीय पुस्तकालय की ई-लाइब्रेरी का वर्चुअल लोकार्पण किया।

कार्यक्रम में केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री एवं अलवर सांसद भूपेन्द्र यादव तथा पर्यावरण एवं वन राज्यमंत्री संजय शर्मा भी मौजूद रहे। इस मौके पर कार्यक्रम में सर्वप्रथम पहलगाम में आतंकी हमले में मृतक लोगों को श्रद्धांजलि दी। राज्यपाल माथुर ने पहलगाम की आतंकी घटना की निन्दा करते हुए कहा कि सरकार आतंकवाद के विरूद्ध कठोर कदम उठा रही है जिसमें दुनिया के अधिकतम देश हमारे साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश विकसित भारत सशक्त राष्ट्र के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

उन्होंने कहा कि केंद्रीय वन मंत्री व अलवर सांसद भूपेन्द्र यादव की पहल के तहत आज ई-लाइब्रेरी के उद्घाटन एवं जिले में बनने वाली 101 ई-लाइब्रेरियों के निर्माण से बच्चों एवं युवाओं को आधुनिक डिजिटल पद्धित से शिक्षा सुगमता से प्राप्त हो सकेगी। इस दौरान माथुर ने विवेकानन्द स्मारक में स्वामी विवेकानन्द जी के साधना कक्ष में ध्यान किया एवं उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और ई-लाइब्रेरी (ई-गुरूकुल) का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा पहलगाम आतंकी हमला भारत की आत्मा पर हमला है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इसका करारा जवाब दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि ई-गुरूकुल अभियान के तहत बनाई जाने वाली 101 लाइब्रेरियों में से अब तक 66 ई-लाइब्रेरी बनकर तैयार हैं और शेष लाइब्रेरियां 30 जून तक बन जाएंगी, जिससे निश्चित रूप से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को इनका लाभ मिलेगा। उन्होंने स्वामी विवेकानन्द जी ने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा था कि शिक्षा व्यक्ति के चारित्रिक, मानसिक, आध्यात्मिक आदि गुणों का विकास करती है।

उन्होंने उपस्थित महिलाओं को आश्वस्त किया कि अलवर की पानी की समस्या के स्थायी समाधान के लिए दिन-रात लगकर सकारात्मक काम किया जा रहा है। वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने सिक्किम के राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर का भर्तृहरि बाबा की तपोभूमि अलवर में स्वागत करते हुए कहा कि माथुर लम्बे समय से अलवर जिले से जुड़े हुए हैं। इन्होंने राज्यसभा सांसद रहते हुए अलवर के विकास में अभूतपूर्व योगदान दिया है।

कार्यक्रम में तिजारा विधायक महंत बालकनाथ, कठूमर विधायक रमेश खींची, रामगढ़ विधायक सुखवंत सिंह, बानसूर विधायक देवी सिंह शेखावत, जिला प्रमुख बलवीर छिल्लर, जिला कलेक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला, भारत विकास परिषद संरक्षक डॉ. के के गुप्ता, जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता एवं महासिंह चौधरी, पूर्व मंत्री हेम सिंह भडाना व मंगलराम कोली, पूर्व विधायक रामहेत यादव, जयराम जाटव, मामन सिंह यादव व मंजीत चौधरी, पं. धर्मवीर शर्मा, जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष मोहित यादव, बलवान सिंह यादव, इंद्रजीत सिंह पटा, पूर्व महापौर घनश्याम गुर्जर, अशोक अग्रवाल प्रतापगढ़िया, संजय नरूका, बन्ना राम मीणा, रामकिशन मेघवाल, पं. जलेसिंह, प्रधान दौलत राम जाटव व वीरमति देवी सहित प्रबुद्ध व्यक्ति एवं आमजन मौजूद रहे।

# माता-पिता के साथ सो रहे सात माह के मासूम का अपहरण

- **पीड़ित पिता चेनराज कंजर ने बताया कि वह अपनी पत्नी और छोटे बेटे के साथ अस्थायी रूप से माखुपुरा पुलिया के नीचे रुके हुए थे**
- **मोटरसाइकिल पर आए दो बदमाशों ने पहले तीन साल के बच्चे को भी उठाया था, बच्चे के रोने के चलते उसे छोड़ कर मासूम को लेकर फरार हो गए**
- **अपहरण के चलते शहर के नाकाबंदी भी करवाई है, पुलिस ने आमजन से संदिग्ध व्यक्तियों के बारे में जानकारी देने की अपील की है**

**अजमेर,** (कासं)। अजमेर में आदर्श नगर थाना क्षेत्र के माखुपुरा पुलिया के पास माता-पिता के साथ सो रहे सात माह के बच्चे का बाइक सवार दो बदमाश अपहरण कर ले गए। बदमाशों ने पहले तीन साल के बच्चे को भी उठाया था, बच्चे के रोने के चलते उसे छोड़ कर मासूम को लेकर फरार हो गए। पीड़ित पिता ने थाने में मासूम के अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मुकदमा दर्ज कर शहरभर में नाकाबंदी करवाई। पुलिस मासूम की तलाश में जुटी है। पुलिस ने संदिग्ध व्यक्तियों के बारे में जानकारी देने के लिए लोगों से अपील की है।

आदर्श नगर थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र से एक सात माह के मासूम का अपहरण होने का मामला आया है। पीड़ित पिता ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है, जिसमें उन्होंने बताया कि उनके 7 माह महीने के बेटे मनराज का अपहरण दो अज्ञात बाइक सवारों ने माखुपुरा पुलिया के पास से कर लिया। पीड़ित पिता चेनराज कंजर ने बताया कि वह अपनी पत्नी और छोटे बेटे के साथ अस्थायी रूप से माखुपुरा पुलिया के नीचे रुके हुए थे, इसी दौरान अचानक दो बाइक सवार आए और बिना किसी चेतावनी के मासूम मनराज को उठाकर भाग गए। चेनराज ने बताया कि परिवार खानाबदोश जीवन जीता है और उनका स्थायी निवास स्थान जवाजा गांव में है।

आदर्श नगर थाना क्षेत्र के पीड़ित परिवार खानाबदोश है, सेठी कॉलोनी, बडगांव व माखुपुरा क्षेत्र में रह रहे थे, उन्होंने बताया कि उनके पास स्थायी घर भी नहीं है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने तुरंत कार्यवाही करते हुए मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, पुलिस अधिकारियों ने इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू कर दिए हैं, ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके। अपहरण के चलते शहर के नाकाबंदी भी करवाई है। पुलिस ने आमजन से संदिग्ध व्यक्तियों के बारे में जानकारी देने की अपील की है ताकि कोई भी व्यक्ति मामले से जुड़ी जानकारी तुरंत साझा कर सके।

# बाइक चुराने के आरोप में कार मैकेनिक व मिस्त्री गिरफ्तार

- **आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने चोरी की तीन बाइक जब्त की, आरोपी चोरी की बाइकों के पाट्र्स तक खोलकर बेच देते थे**

**पाली,** (नि.सं.)। पाली में पुलिस ने बाइक चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से पुलिस ने चोरी की तीन बाइक भी जब्त की है। रिमांड के दौरान आरोपियों से पूछताछ की जाएगी कि उन्होंने अभी तक कितनी बाइक चोरी की है और किस-किस को बेची। गिरफ्तार आरोपियों में एक कार मैकेनिक और एक मिस्त्री है। आरोपी चोरी की बाइकों के पाट्र्स तक खोलकर बेच देते थे।

सीओ सिटी ऊषा यादव ने बताया कि पाली शहर के नगर थाने में 24 साल के रामलाल पुत्र मोहनलाल बंजारा निवासी पाली के सुभाष नगर बी निवासी ने रिपोर्ट दी थी। रिपोर्ट में रामलाल ने बताया कि मैं 24 अप्रैल को नया गांव जेसीबी वाली गली स्थित एक लाइब्रेरी में चाय लेकर गया था। करीब 15 मिनट बाद लौटा तो बाइक गायब थी। पुलिस में बाइक चोरी का मामला दर्ज कराया।

पुलिस ने मामले की जांच करते हुए फुटेज और मुखबिर तंत्र की मदद ली। कार मैकेनिक प्रमोद पंवार (24) पुत्र दिलीप पंवार निवासी नुन्दरी महिंद्रा तान ब्यावर थाना सदर हाल निवासी महाराणा प्रताप चौराहा औद्योगिक थाना पाली, रामकिशोर (27) पुत्र मांगीलाल निवासी गोटन जिला नागौर हाल निवासी पाली के टीपी नगर थाना क्षेत्र मातेश्वरी नगर पाली, विक्रमसिंह (28) पुत्र दलपतसिंह पेशा मिस्त्री निवासी सिपाहियों का बास पाली पीएस कोतवाली पाली हाल राजेन्द्र नगर पाली तीनों के कब्जे से पुलिस ने चोरी की तीन बाइक बरामद की। एक बाइक उन्होंने नया गांव लाइब्रेरी के बाहर से चुराना स्वीकार किया। वहीं एक बाइक पाली रेलवे स्टेशन और एक बाइक सोजत मोड़ भट्टा क्षेत्र से चुराना स्वीकार किया।

पुलिस ने चोरी की तीनों बाइक जब्त कर आरोपियों को गिरफ्तार किया। टीपी नगर थाना प्रभारी भंवरलाल माली ने बताया कि आरोपियों को पकड़ने वाली टीम में एएसआई मानसिंह, कॉन्स्टेबल श्रवण और सूरज चौधरी शामिल रहे।

# पश्चिमी सरहद के जिलों में सुरक्षा और खुफिया एजेंसियां हाई अलर्ट

- **पाक में सीमावर्ती गांवों को खाली कराने की सूचना भी इंटेलीजेंस को मिली है, रेंजर्स और पाक सेना की गतिविधियों पर निगरानी जारी**
- **खुफिया सूत्रों के हवाले से पता चला है कि तारबंदी से करीब दस किमी की दूरी पर पाक की जेसीबी और गाड़ियों की हलचल तेज है**

**बीकानेर,** (निसं)। पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना की तैयारी को देखते हुए राजस्थान के पश्चिमी सरहद के उस पार पाक सेना भी अलर्ट मोड पर आ गई है। सीमा से सटे गांव खाली कराए जाने की खबर है। पहलगाम में आतंकी हमले की घटना को देखते हुए देशभर में जहां सुरक्षा बरती जा रही है। वहीं पश्चिमी सरहद के जिलों में भी सुरक्षा और खुफिया एजेंसियां हाई अलर्ट मोड पर हैं।

सीमा पर बीएसएफ की नफरी बढ़ा दी गई है। चौबीस घंटे सीसीटीवी कैमरों और दूरबीन की मदद से दूर तक रेंजर्स और पाक सेना की गतिविधियों पर निगरानी रखी जा रही है। इन दिनों पाक की सीमा चौकियों पर हलचल तेज हो गई है। खाजूवाला के सामने रेंजर जीरो लाइन तक चक्कर लगाने लगे हैं। खुफिया सूत्रों के हवाले से पता चला है कि तारबंदी से करीब दस किमी की दूरी पर पाक की जेसीबी और गाड़ियों की हलचल तेज है। उनकी नफरी भी बढ़ रही है। इससे माना जा रहा है कि वे अपने सुरक्षा घेरे को मजबूत बनाने में जुट गए हैं। श्रीगंगानगर जिले से सटी पाक सीमा पर हलचल इन दिनों सबसे ज्यादा है। वहां पाक सेना का मूवमेंट देखा गया है। पाक में सीमावर्ती गांवों को खाली कराने की सूचना भी इंटेलीजेंस को मिली है। वह इलाका पंजाब से सटा होने के कारण हरियाली काफी है। ऐसे हालात में घुसपैठ की आंशका को देखते हुए बीएसएफ के साथ अब अन्य सुरक्षा एजेंसियां भी उनकी गतिविधियों पर कड़ी नजरें गड़ाए हुए हैं। राजस्थान फ्रंटियर के आईजी एमएल गर्ग और डीआईजी इंटेलीजेंस विदुर भारद्वाज इन दिनों सीमावर्ती जिलों के दौरे पर हैं। बीकानेर सेक्टर मुख्यालय में उन्होंने आर्मी, आईबी, रॉ, सीआईडी स्पेशल ब्रांच, जी सहित सभी खुफिया एजेंसियों के साथ मीटिंग कर बीकानेर और श्रीगंगानगर से सटे सीमावर्ती इलाके के हालात की समीक्षा की और सर्विलांस सिस्टम को मजबूत करने पर जोर दिया है। उन्होंने सभी एजेंसियों से कहा है कि आपस में समन्वय बनाए रखें और पल-पल की सूचनाओं का आदान-प्रदान करें।

## दो हमलावर गिरफ्तार

**उदयपुर,** (निसं)। आपसी रंजिश के चलते युवक पर चाकू से प्राणघातक हमला करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार 26 अप्रैल को अम्बावगढ़ निवासी ओवेश पुत्र शाहीद खां, कैफ पुत्र शकील खां निवासी इमलीघाट घंटाघर ने चाकू से हमला कर जैनुल पुत्र जाकिर अहमद को घायल कर दिया। दोनों पक्ष के बीच पुरानी रंजिश चल रही थी। इसी के चलते 26 अप्रैल को दोनों के बीच नई पुलिया पर आमने-सामने होने पर आरोपियों ने हमला कर दिया था। इस मामले में जैनुल को चिकित्सालय में भर्ती करवा पिता की रिपोर्ट पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया। इजिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अम्बामाता थानाधिकारी मुकेश सोनी के नेतृत्व में अनुसंधान अधिकारी महेन्द्रसिंह ने रविवार को आरोपी मो. ओवेश व कैफ को गिरफ्तार किया।

# गत्ता फैक्टरी में भीषण आग से लाखों का नुकसान



पालड़ी गांव में गत्ता फैक्टरी में आग लगने से सामान जल गया।

- **फैक्टरी में अज्ञात कारणों के चलते आग लगने से हड़कंप मच गया**

**भीलवाड़ा,** (निसं)। शहर के सदर थाना क्षेत्र के पालड़ी गांव में गत्ता फैक्टरी में भीषण आग लग गई। आग लगने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। एक के बाद एक आठ दमकल वाहनों ने पहुंचकर आग पर काबू पाया। आग से लाखों रुपए का नुकसान होने की आशंका जताई गई है। जानकारी के अनुसार महावीर अजमेरा की पालड़ी में गत्ता फैक्टरी स्थित है रविवार सुबह करीब पांच बजे के लगभग अज्ञात कारणों के चलते आग लगने से हड़कंप मच गया और दमकल को सूचना दी गई। इसके बाद वहां एक के बाद एक आठ दमकल पहुंची और कई चक्कर लगाने के बाद दमकलकर्मियों के अथक प्रयास के चलते आग पर काबू पाया जा सका। आग की सूचना पर नगर निगम महापौर राकेश पाठक, सदर और सुभाष नगर थाना पुलिस के साथ ही तहसीलदार मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली।

## नौकरी का झांसा देकर धोखाधड़ी

**उदयपुर,** (निसं)। नौकरी दिलाने का झांसा देकर पीड़ित के साथ धोखाधड़ी करने वाले के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित नीरज पुत्र शंकरलाल पटेल निवासी सलूम्बर हॉल एकलिंपुरा केसरपुरा ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया, जिसमें बताया कि फैसबुक पर प्रतिदिन चार हजार रूपये नौकरी देने के विज्ञापन को देख कर दिए गए नंबर पर कॉल किया। जिससे बातचीत होने पर उसके द्वारा रोजगार देने के लिए मांगी गई बैंक डिटेल व अन्य जानकारी दी। इस दौरान बैंक खाते में अवैध लेन देन होने पर खाता सीज कर दिया। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

# बर्खास्त कॉन्स्टेबल व साथी डोडा पोस्त की तस्करी करते गिरफ्तार

- **राजस्थान सरकार लिखी बोलेरो कैंपर कार से डोडा-पोस्त की तस्करी कर रहे थे, तीन किलो डोडा-चूरा बरामद**

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। जिले में पुलिस ने डोडा-पोस्त की तस्करी के मामले में राजस्थान पुलिस के बर्खास्त कॉन्स्टेबल और उसके साथी को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई समेजा थाना कोठी पुलिस ने की। दोनों आरोपी राजस्थान सरकार लिखी बोलेरो कैंपर कार से डोडा-पोस्त की तस्करी कर रहे थे। कार से तीन किलो डोडा-चूरा बरामद हुआ।

समेजा थाना अधिकारी कृष्ण कुमार ने बताया कि थाने के सामने नाकाबंदी की हुई थी। गश्ती टीम मौके पर थी। इसी दौरान राजस्थान सरकार लिखी बोलेरो कैंपर वहां से गुजरी। टीम ने गाड़ी को रुकवाया। कार में दो युवक थे। तलाशी ली तो कार से तीन किलो अवैध डोडा पोस्त बरामद हुआ। गाड़ी में सवार युवकों में से एक ने अपना नाम सुनीलनाथ (24) पुत्र जीवनलाल और दूसरे ने अपना नाम मनोज कुमार (26) पुत्र घनश्याम बताया। दोनों ठाकरी (थाना रायसिंहनगर) के रहने वाले हैं। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक पकड़ा गया आरोपी मनोज कुमार राजस्थान पुलिस में कॉन्स्टेबल के पद पर बीकानेर जिले के खाजूवाला में पदस्थापित था। आरोपी पर खाजूवाला में एक दलित युवती से गैंगरेप कर हत्या का आरोप था। इस मामले में पुलिस मुख्यालय ने मनोज को बर्खास्त कर दिया था। इसके बाद अब आरोपी मनोज ने तस्करी का काम शुरू कर दिया।

## हादसे में श्रमिक की मौत

**उदयपुर,** (निसं)। सज्जननगर रोड़ पर हुए सड़क हादसे में घायल श्रमिक की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार अम्बामाता थाना क्षेत्र सज्जननगर रोड़ पावर हाउस के समीप हुए सडक हादसे में घायल बाइक सवार रणजीतपुरा वाघपुरा मादड़ी निवासी मोहन (23) पुत्र प्रेमचंद की मौत हो गई। मोहन शहर में मजदूरी करता था एवं वह मजदूरी कर अपने साथियों के साथ बाइक पर वापस गांव लौट रहा था। जहां बीच रास्ते में हादसा हो गया। हादसे में मोहन सहित तीन जने घायल हो गए थे। इसकी सूचना मिलने पर एएसआई रणजीतसिंह ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

# दुल्हन ने मुंह दिखाई की रस्म में आए रूपयों से बंद कुआं चालू करवाया

## लुद्दी झाबर में हेलीकॉप्टर से आई दुल्हन मोहिनी सिंह की अनुठी पहल

- **15 साल से बन्द पड़ा कुआं चालू करवाया तो ग्रामीणों के खिले चेहरे**
- **मोहिनी की पहल को गांव के लोगों ने बहुत पसंद किया**

**सादुलपुर,** (निसं)। राजगढ़ तहसील मुख्यालय के निकटवर्ती गांव लूद्दी झाबर में हेलीकॉप्टर से आई दुल्हन मोहिनी सिंह ने अपनी मुंह दिखाई की रस्म में आए रूपये-पैसों में से कुछ पैसे खर्च कर गांव के लिए एक अनूठी पहल कर सराहनीय कार्य किया है।

जानकारी के अनुसार प्रयागराज से अपनी शादी में हैलीकॉप्टर गांव लुद्दी झाबर में आई नवेली दुल्हन मोहिनी सिंह ने पता चला कि गांव का सार्वजनिक कुआं जो कि 15 सालों से बंद पड़ा था और बेसहारा पशु एवं पक्षी गर्मी के मौसम में पानी के लिए व्याकूल होकर दिनभर प्यास बुझाने के लिए भटक रहे थे। जिस पर मोहिनी के पति दीपक कुमार महला, ससुर सुरेशपाल महला व सास सरोज के सहयोग से मोहिनी ने अपनी मुंह दिखाई की रस्म में आए रूपयों पैसों से कुएं में नई मोटर डलवाकर गत 15 वर्ष से बन्द पड़े कुएं को चालू करवाया। इससे गांव में बेसहारा पशु एवं पक्षियों को पानी की समस्या से निजात मिली। मोहिनी की इस पहल को गांव के लोगों ने बहुत पसंद किया और उनकी इस सोच की सराहना की। वहीं मोहिनी सिंह की इस अनोखी पहल से गांव के लोगों में खुशी की लहर है और वे उनकी इस सोच को सेल्यूट कर रहे हैं। इस दौरान समस्त ग्राम वासियों के साथ-साथ नाथूराम नाई, बलवान पूनिया, संतलाल दनदेवा, जसवंत कडवासरा, अनूप पूनिया, कपिल दनदेवा, बलजीत दनदेवा, प्रताप श्योरण, रामसिंह खींचड, शेरसिंह महला, बनवारी लाल बांगडवा आदि लोग उपस्थित रहे।

इस अवसर पर सुरेशपाल महला ने कहा कि बेटी मोहिनी ने यह अनुठी पहल कर सन्देश दिया है कि गांवों में पुराने जल स्त्रोत को बचाने का प्रयास किया जाना चाहिए, जिससे बेसहारा पशु-पक्षियों को गर्मी में पानी के लिए नहीं भटकना ना पड़े। कुआं चालू करवाया तो गांव के युवाओं ने भी कुएं के आसपास खड़ी झाड़- झंझाड़ को काट कर साफ सफाई में सहयोग किया।

# दिव्यांग वृद्ध महिला से लूटपाट मामले में दो कुख्यात आरोपी गिरफ्तार



कुमावतों का खेड़ा (भीमड़ियास) गांव में दिव्यांग वृद्ध महिला से लूटपाट के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

- **बदमाशों ने महिला के पैर में पहने चांदी के कड़े को निकालने का प्रयास किया, जब कड़े नहीं निकले तो पैर काट दिए और भाग निकले**
- **वृद्ध महिला ने भीलवाड़ा के महात्मा गांधी हॉस्पिटल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया था**

**भीलवाड़ा,** (निसं)। मांडल थाना क्षेत्र के कुमावतों का खेड़ा (भीमड़ियास) गांव में घर में सो रही एक दिव्यांग वृद्ध महिला से लूटपाट के मामले में पुलिस ने दो कुख्यात आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार एक अप्रैल की रात्रि को थाना क्षेत्र के कुमावतों का खेड़ा गांव में रामू पत्नी बालू गाडरी घर के आंगन में सो रही थी। रात्रि को बदमाश घर में घुसे तो नाक में पहनी बाली को लूटने के दौरान महिला जाग गई। बदमाशों ने महिला के पैर में पहने चांदी के कड़े को निकालने का प्रयास किया, जब कड़े नहीं निकले तो पैर काट दिए और भाग निकले। वृद्ध महिला ने भीलवाड़ा के महात्मा गांधी हॉस्पिटल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया था। सूचना मिलते ही मांडल पुलिस उपाधीक्षक मेगा गोयल, थाना प्रभारी राजपाल सिंह मौके पर पहुंचे। पुलिस उपाधीक्षक मेगा गोयल के नेतृत्व में स्पेशल टीम बनाई गई। पुलिस ने 100 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले एवं जेल से जमानत पर छूटने वाले आरोपियों का डाटा चेक किया। इस दौरान 100 से अधिक संदिग्ध नंबरों की पहचान कर ट्रेस किया गया।

पुलिस ने साइबर टीम की भी सहायता ली। इस दौरान चित्तौड़गढ्ढ जिले के निकुंभ थाना क्षेत्र के सुरेश मोग्या एवं चित्तौड़ जिले के अरणी थाना क्षेत्र के शंकर लाल कालबेलिया को गिरफ्तार किया। दोनों ही आरोपियों पर मेवाड़ अंचल में 23 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। दोनों कुख्यात आरोपी भीलवाड़ा, चित्तौड़, राजसमंद उदयपुर सहित कई जिलों में कई वारदात कर चुके है। आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद मांडल थाना लाया गया। जहां पर आरोपियों से पूछताछ जारी है। वहीं अब तक आरोपियों ने क्षेत्र में 10 वारदातें करना कबूल किया है। सुरेश मोग्या आदतन अपराधी होने के साथी उसके ऊपर 6 से अधिक लूट, हत्या के प्रयास सहित कई मामले दर्ज हैं। वहीं शंकर कालबेलिया के ऊपर 23 से अधिक मामले दर्ज हैं। यह चित्तौड़गढ्ढ जिले का कुख्यात लुटेरा है। यह अपराधी दिन में रेकी करते और रात में मौका पाते ही लूटपाट करते एवं पीड़ित व्यक्ति के जागने पर हमला कर भाग जाते हैं। वहीं आरोपियों से पूछताछ जारी है।

# गोविन्ददेवजी मंदिर में करीब 25 हजार लोगों ने दी श्रद्धांजलि

## श्रद्धांजलि सभा में बोले संत महंत, ''दुष्ट के साथ हो दुष्टता का व्यवहार''



जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हिंदुओं की नृशंस हत्या से आक्रोशित हिंदू समाज ने रविवार को आराध्य देव गोविंददेवजी मंदिर में सामूहिक श्रद्धांजलि दी।

**जयपुर।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम के जिहादियों द्वारा हिंदुओं की नृशंस हत्या में से आक्रोशित हिंदू समाज ने रविवार को आराध्य देव गोविंददेवजी मंदिर में सामूहिक श्रद्धांजलि दी। सुबह ग्वाल झांकी से शयन झांकी तक करीब 25 हजार लोगों ने जयपुर के नीरज उधवानी सहित जान गंवाने वाले सभी 26 लोगों की तस्वीर के समक्ष श्रद्धा सुमन अर्पित किए। मंदिर के सेवाधिकारी मानस गोस्वामी ने दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि सभा का शुभारंभ किया।

सामूहिक श्रद्धाजंलि के दौरान नौ कुंडीय हुतात्मा शांति गोविंद गायत्री महायज्ञ किया गया। मृतकों की आत्म शांति, घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने, जान गंवाने वाले परिजनों को ढांढ़स बंधाने की भगवान से प्रार्थना करते हुए यज्ञ देवता को आहुतियां प्रदान की गई। सनातन बोर्ड संघर्ष समिति के अध्यक्ष राहुल द्विवेदी, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन संवद्र्धन परिषद राजस्थान राज्य सदस्य कुलदीप सुरोलिया, गौ क्रांति मंच के अध्यक्ष ताराचंद कोठारी ने प्रारंभ में पूजन किया।नौ कुंडीय हुतात्मा शांति गोविंद गायत्री महायज्ञ गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी सह व्यवस्थापक मणि शंकर चौधरी के निर्देशन में डॉ अजय भारद्वाज, दिनेश आचार्य , दिनेश मारबदे की टोली ने संपन्न कराया। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए नागरिक शहीदों की आत्म शांति के लिए काले तिल और जौ से विशेष आहुतियां प्रदान की गई। अमावस्या होने के कारण श्रद्धालुओं ने अपने दिवगंत पितृगणों के निमित्त भी विशेष आहुतियां प्रदान कर की। इससे पूर्व विश्व शांति के लिए गायत्री एवं महामृत्युजंय महामंत्र से 108 आहुतियां प्रदान की गई। सैनिकों के शौर्य बढ़ाने, अनिष्ट निवारण के लिए भी विशेष आहुतियां दी गई। इस मौके पर हरि नाम संकीर्तन भी किया गया।

श्रद्धांजलि सभा में गोविंददेवजी मदिर के महंत अंजन कुमार गोस्वामी ने कहा कि आजादी से पहले अंग्रेजों ने फूट डालो और राज करो की नीति के आधार पर पाकिस्तान बना दिया। तबसे पाकिस्तान भारत के लिए सिरदर्द बना हुआ है। अब इसका एक ही समाधान है पाकिस्तान का भारत में पुनः विलय। यानि अखंड भारत। उन्होंने कहा कि हमें भगवान के अलावा किसी से डरने की आवश्यकता नहीं है। देश के हर तबके ने आजादी की लड़ाई में बढ़ चढ़ कर भाग लिया है। अब फ़िर जरूरत पड़ी तो पीछे नहीं हटेंगे। अवधेशाचार्य महाराज ने कहा कि कश्मीर में जेहादी हमला करने वाले बातों से सुधरने वाले लोग नहीं हैं। शास्त्रों में दुष्ट के साथ दुष्टता का व्यवहार की उपयुक्त बताया गया है। उन्होंने कहा कि अत्याचार सहन करने वाला भी कम दोषी नहीं होता। अत्याचार का उचित जवाब दिया जाना चाहिए। पण्डित राज कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि हिंदू समाज को एकजुटता का परिचय देना चाहिए।

जेहादी मानसिकता रखने वालों से कोई व्यवहार नहीं रखे। गोविंददेवजी मंदिर के महंत अंजन कुमार गोस्वामी महाराज के सान्निध्य में श्रद्धांजलि सभा में अवधेशाचार्य महाराज, युवाचार्य राघवेंद्र, सुदर्शनाचार्य महाराज, महामंडलेश्वर सियाराम दास महाराज, नहर का गणेश जी मंदिर के महंत जयकुमार शर्मा , मानव शर्मा, लाडली जी मंदिर के संजय गोस्वामी, मेंहदीपुर बालाजी से सुदीप तिवारी, पंचमुखी मंदिर से रामराज महाराज, शनि धाम के रंधावा बाबा, परकोटा गणेश मंदिर के महंत अमित शर्मा, चौड़ा रास्ता स्थित ताड़केश्वर मंदिर के महंत अमित पराशर, रामगंज बाजार स्थित प्राचीन श्याम मंदिर के महंत लोकेश मिश्रा सहित अनेक मंदिरों के संत महंत मौजूद रहे।

श्रद्धांजलि सभा में शामिल होने आए लोगों ने सभी 26 लोगों की तस्वीर के समक्ष श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कई विदेशी पर्यटकों ने भी पुष्प अर्पित किए। लोगों ने कहा कि जेहादी हमले में मारे गए सभी लोगों को सरकार शहीद नागरिक का दर्जा प्रदान करें। उनके नाम पर सड़क और पार्क का नामकरण किया जाए।

गायत्री परिवार राजस्थान जोन प्रभारी ओम प्रकाश अग्रवाल , गायत्री शक्ति पीठ वाटिका के व्यवस्थापक रणवीर सिंह चौधरी, सनातन बोर्ड संघर्ष समिति के अध्यक्ष राहुल द्विवेदी, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन संवर्धन परिषद के सदस्य कुलदीप सुरोलिया, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के घुमन्तु जाति कार्य महानगर संयोजक राकेश कुमार शर्मा, सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुरेश मिश्रा, योगाचार्य मनीष विजयवर्गीय, इंडियन फार्मासिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष सर्वेश्वर शर्मा ,सालासर बालाजी मंदिर के पुजारी डॉ विष्णु दत्त शर्मा, शिक्षाविद मनीष राजपुरोहित, समाजसेवी अभिषेक शर्मा, कुलदीप शर्मा,ओम श्रीमाल सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# पुलिस ने नाकाबंदी में पकड़ी 7.940 किलो चांदी, तीन युवक गिरफ्तार

**जयपुर।** बस्सी थाना पुलिस ने रविवार को चांदी की तस्करी करने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन लोगों के पास से 7 किलो 940 ग्राम चांदी बरामद की है। इसका तीनों ही व्यक्तियों के द्वारा किसी भी प्रकार की कोई सही जानकारी पुलिस को नहीं दी गई। इस पर पुलिस ने चांदी और एक कार को जब्त कर लिया। वहीं चांदी को लेकर परिवहन कर रहे तीन लोगों को गिरफ्तार किया।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व तेजस्वनी गौतम ने बताया कि जयपुर शहर में लम्बे समय से सोने चांदी और मादक पदार्थों की तस्करी की सूचनाएं प्राप्त हो रही थीं। इस पर प्रभावी कार्रवाई व अंकुश लगाने के लिए पुलिस टीम ने बड़ी कार्रवाई की। आईपीएस प्रो.सीआई बस्सी अभिजीत पाटिल को मुखबिर से चांदी की सप्लाई की सूचना मिली थी। इस पर राजाधोक टोल प्लाजा बस्सी पर नाकाबंदी करवाकर दौसा की और से आ रही एक कार को रुकवा कर चैक किया गया।

### 7940 ग्राम चांदी मिली

कार में कुल पांच पैकेटों में रखे 7 किलो 940 ग्राम चांदी के आइटम मिले। इन्हें जब्त किया गया। वहीं, कार में मौजूद प्रमोद कुमार वर्मा (42) पुत्र हरिगोविंद वर्मा निवासी भार्गव गली, भाटिया गेट, घीया मंडी थाना गोविंद गढ़, जिला मथुरा यूपी, जसवंत सिंह (35) पुत्र हुकम सिंह निवासी गांव लवारन तह. शेरगढ़ थाना सामू, जिला जोधपुर और राजेन्द्र सिंह (27) पुत्र पाबूदान सिंह निवासी खीया सरिया तह. लोहवट, जिला फलोदी को गिरफ्तार किया गया।

## सार-समाचार

### 30 अप्रैल को सुबह निकाली जाएगी भगवान परशुराम की शोभायात्रा : पाठक



**जयपुर।** ब्राह्मण समाज राजस्थान की ओर से 30 अप्रैल को परशुराम जयन्ती पर सुबह ध्वज शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर शंकर कॉलोनी से शुरू होकर ब्राह्मण समाज राजस्थान के सीकर रोड स्थित गौडो की ढाणी प्रधान कार्यालय पर जाकर समाप्त होगी। इसमें प्रदेशभर से आए ब्राह्मण समाज के लोग हिस्सा लेंगे। इसकी जानकारी ब्राह्मण समाज राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष अंबिका प्रकाश पाठक ने रविवार को कोर कमेटी की बैठक के बाद दी। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम की तैयारियों के लिए सभी कमेटियों का गठन कर दिया गया है। पाठक ने बताया कि शोभायात्रा का समय पहले शाम का था लेकिन अक्षय तृतीया पर अबूझ सावा होने के कारण शादियो की रेलमपेल रहेगी। ऐसे में किसी को परेशानी ना हो इसलिए शोभायात्रा का समय बदलकर सुबह का किया गया है। शोभायात्रा के बाद प्रधान कार्यालय पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसमें ब्राह्मण समाज के वरिष्ठजनों का सम्मान किया जाएगा। कोर कमेटी की बैठक में महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. शारदा शर्मा, प्रदेश मंत्री एडवोकेट सुषमा पारीक, ओम जी महाराज, सुशील शर्मा, संदीप शर्मा, मनमोहन मिश्रा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### विप्र फाउंडेशन की भव्य शोभायात्रा,रथ में विराजे भगवान श्रीपरशुराम



**जयपुर।** परशुराम जन्मोत्सव की श्रृंखला के तहत रविवार शाम विप्र फाउंडेशन की ओर से भगवान श्री परशुराम जी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में भगवान श्रीपरशुराम रथ पर विराजे। मानसरोवर स्थित के.एल. सैनी स्टेडियम से मध्यम मार्ग होते हुए शिप्रा पथ इंडस हॉस्पिटल के पीछे नव निर्मित श्रीपरशुराम ज्ञानपीठ तक निकली इस शोभायात्रा में बैंडबाजों की सुमधुर स्वर लहरियों के बीच जय जय परशुराम की गूंज भी सुनाई दी। हाथों में पताका थामे महिला-पुरुषों की भारी भीड़ तथा ऊंट घोड़ों के लवाजमे के साथ संत महात्मा भी मौजूद थे। शोभायात्रा ज्ञानपीठ भवन पहुंच धर्मसभा में परिवर्तित हो गई। धर्मसभा को संतों के साथ विप्र फाउंडेशन के प्रमुख राष्ट्रीय पदाधिकारियों ने संबोधित किया। विप्र फाउंडेशन जोन 1 के अध्यक्ष राजेश कर्नल की अगुवाई में निकाली गई इस शोभायात्रा में जहां महिलाएं लाल चुनडी की साड़ी में थी तो पुरुषों ने केसरिया पगड़ी धारण कर रखी थी। पूरी शोभायात्रा में विप्र फाउंडेशन के झंडे लहराते नजर आए। शोभायात्रा का रास्ते में जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत भी किया गया। शोभायात्रा में संतों में गलता पीठ के अवधेशाचार्य जी, पान वाले बाबा, मौजूद थे। इसी प्रकार खुली जीप में नेपाल से पधारे भामाशाह ओम प्रकाश जोशी, विप्र फाउंडेशन के संस्थापक सुशील ओझा, पूर्व विधायक शंकर शर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विनोद अमन, राष्ट्रीय महामंत्री पवन पारीक, संरक्षक पशुपति कुमार शर्मा, राष्ट्रीय सचिव नरेंद्र हर्ष, सुनीता शर्मा, संगठन महामंत्री सतीश शर्मा , महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष सोनाक्षी वशिष्ठ, युवा प्रदेशाध्यक्ष मुकेश शर्मा काका, भरतपुर संभाग महामंत्री कैलाश तिवाड़ी, इस्पेक के प्रभारी प्यारे लाल, युवा के राष्ट्रीय समन्वयक मनोज पांडे, वीसीसीआई के नवीन जोशी, कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा, पवन शर्मा नटराज, उपाध्यक्ष अजय पारीक,अंशुमान शास्त्री,मधुकर पारीक, पुष्पेंद्र शर्मा, सुशील पीरनगर, हितेश शर्मा ,जयपुर शहर अध्यक्ष महेंद्र शर्मा, ग्रामीण अध्यक्ष रमेश मावेवाला सहित बड़ी तादाद में महिला- पुरुष उपस्थित थे। शोभायात्रा में सीकर, झुंझुनूं, टोंक, अलवर, भिवाड़ी, कोटपुतली, अजमेर और जयपुर के ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में विप्रजन शामिल होने पहुंचे। विप्र फाउंडेशन के चार दिवसीय आयोजन की कड़ी में आज से अक्षय अनुष्ठान की शुरुआत होगी।

# सात ज्योतिर्लिंगों की यात्रा करवा कर जयपुर डेयरी कर रही है पावन कार्य : जोराराम कुमावत

**जयपुर।** दुग्ध संघ (जयपुर डेयरी) के 581 दुग्ध उत्पादक सदस्यों का दल आज भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन से सात प्रमुख ज्योतिर्लिंगों की पावन यात्रा के लिए रवाना हुआ। ढेहर के बालाजी रेलवे स्टेशन से गोपालन मंत्री श्री जोराराम कुमावत ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर राजस्थान कोऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन की प्रबंध संचालक श्रुति भारद्वाज, जयपुर डेयरी के अध्यक्ष ओम प्रकाश पूनिया एवं प्रबंध संचालक मनीष फौजदार सहित अनेक अधिकारी, कर्मचारी और दुग्ध उत्पादक भी उपस्थित रहे।

- **गोपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने 581 दुग्ध उत्पादकों की सात ज्योतिर्लिंगों की तीर्थयात्रा को हरी झंडी दिखाई**



ढेहर के बालाजी रेलवे स्टेशन से गोपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा का शुभारंभ किया।

जोराराम कुमावत ने इस पहल को सराहते हुए कहा कि जयपुर डेयरी दुग्ध उत्पादकों को पावन तीर्थयात्रा कराकर श्रवण कुमार की तरह सेवा भाव का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत कर रही है। इस यात्रा में 341 पुरुष और 240 महिला दुग्ध उत्पादक सम्मिलित हैं। यात्रा के दौरान श्रद्धालु द्वारका, नागेश्वर, सोमनाथ, भीमाशंकर, त्र्यंबकेश्वर, घृष्णेश्वर और महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंगों के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित करेंगे। प्रत्येक ज्योतिर्लिंग पर राजस्थान के प्रतिष्ठित सहकारी ब्रांड सरस घी से पावन ज्योत प्रज्वलित की जाएगी, जिससे यात्रा को विशेष धार्मिक गरिमा प्राप्त होगी।

जयपुर डेयरी की ओर से यात्रा को सुविधाजनक और सुरक्षित बनाने हेतु विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। एक अनुभवी अधिकारियों और कर्मचारियों का दल यात्रा में साथ रहेगा। यात्रियों की स्वास्थ्य सुरक्षा हेतु मेडिकल टीम (डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ, दवाइयां एवं आवश्यक उपकरण सहित) भी साथ होगी। यात्रियों को शुद्ध पेयजल और अन्य आवश्यक सुविधाएं भी निरंतर उपलब्ध कराई जाएंगी।

जयपुर डेयरी की इस अनूठी पहल से दुग्ध उत्पादकों में सहयोग भावना, धार्मिक आस्था और संगठन के प्रति जुड़ाव और गहरा होगा

# सूने मकानों में चोरी करने वाले दो शातिर बदमाश गिरफ्तार

## तीन जगह चोरी करना कबूला, सोने के गहने और कैश बरामद

**जयपुर।** बिंदायका थाना पुलिस ने सूने मकान में चोरी की वारदात करने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बदमाशों के पास से चोरी किए गए गहने, कैश और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए हैं। गिरफ्तार बदमाशों ने पुलिस पूछताछ में बताया कि वह शहर में पिछले कई समय से चोरी की वारदात कर रहे हैं।

थानाधिकारी विनोद कुमार ने बताया कि चोरी के मामले में सलमान खान (29) पुत्र बुन्दू खान निवासी बैरवों का पुरा रानोली करौली हाल गिरधारीपुरा करणी विहार और कौशल कुमार (21) पुत्र त्रिवेणी कमटी निवासी जेडीए कोलोनी गिरधारीपुरा को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने बिन्दायका के सुशांत लोक सिरसी नाडिया से सुने मकानों के ताले तोड़कर चोरी करना ,श्री बालाजी नगर सिरसी नाडिया में दो अलग अलग मकानों से ताले तोडकर चोरी करना और खुशी सिटी बिंदायका में एक सुने मकान से फर्नीचर का काम करने के उपकरण चोरी करना कबूल किया है।



बिंदायका थाना पुलिस ने सूने मकान में चोरी की वारदात करने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है।

गौरतलब है कि 14 अप्रैल को प्रकाश सक्सेना ने एक चोरी की रिपोर्ट थाने में दी। इसमें उसने बताया कि 13-14 अप्रैल को वह शादी में शामिल होने के लिए बाहर गया हुआ था। इस दौरान उनके घर प्लाट नम्बर बी-99 सुखीजा विहार गांधी पथ वेस्ट सिरसी में चोरी हो गई है।

घटना के समय घर पर कोई नहीं था। चोर मकान का ताला तोड़ कर सोने की दो चूड़ियां, एक सोने का पेंडेंट, एक सोने का मंगलसूत्र, एक सोने की बेल चूड़ी, एक एचपी का भारत सरकार द्वारा जारी लैपटॉप ले गए। इस पर रिपोर्ट दर्ज कर टीम बनाई गई। टीम ने क्राइम सीन और आसपास के इलाके में लगे हुए सीसीटीवी फुटेज चैक किए। इससे पुलिस को कुछ लीड मिली। लीड पर काम करते हुए बदमाशों तक पहुंची। इसके बाद आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बदमाशों के पास से सोने चांदी के जेवरात बरामद कर लिए हैं।

# नकबजनी और चोरी की वारदात करने वाले गिरोह का भंडाफोड



श्याम नगर थाना पुलिस ने एक महिला सहित चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है।

**जयपुर।** श्याम नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नकबजनी और चोरी की वारदात करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। साथ ही पुलिस ने एक महिला सहित चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। जिसमें एक चोरी का माल खरीदने वाला भी शामिल है। पुलिस की प्रारम्भिक पूछताछ ने कई चोरी और नकबजनी की वारदातों को अंजाम देना कबूला है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण दिगंत आनंद ने बताया कि याम नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नकबजनी की वारदात करने वाले गिरोह के शातिर बदमाश शकूर अली निवासी बगरू और मोहम्मद सुमन निवासी बगरू को गिरफ्तार किया है और साथ ही चोरी का माल छुपाने वाली महिला मोसिना निवासी बगरू और चोरी का माल खरीदने वाले ज्वैलर्स रवि सोनी निवासी दौसा को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी शकूर अली कुख्यात नकबजन है, जिसके खिलाफ जयपुर शहर के विभिन्न थानों में करीब एक दर्जन नकबजनी के प्रकरण दर्ज है।

आरोपी शकूर अली की बहन मोहसिना है, जिसका पति मोहम्मद सुमन है। सभी आरोपी बगरू मे कबाडी का काम करते है। आरोपी शकूर अली दिन मे अकेला गाडी लेकर गलियो मे घूमता है तथा जिस घर के बाहर मेन गेट पर ताला लगा होता है, उसको चिन्हित करता है।

इसके बाद आरोपी अपने जीजा एवं अन्य साथियों के साथ रात्रि मे चिन्हित मकान के आस-पास आकर कुछ दूरी पर अपना वाहन खडा कर देते है तथा एक बार पुनः मकान की रैंकी करते है । आरोपी मौका देखकर मकान के अन्दर घुसकर चोरी कर ले जाते है। आरोपियों ने चोरी किये गये सामान मे से कुछ सामान उसी दिन सुनार रवि सोनी को महवा जिला दौसा मे बेच दिया तथा प्राप्त रकम को आपस मे बाँट लिया। आरोपियों ने कुछ सामान मोहम्मद सुमन की पत्नी मोहसिना को छुपाकर रखने के लिए दे दिया। पुलिस आरोपियों से गैंग के अन्य सदस्य और चोरी किए गए सामानों के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

# ग्रामीणों के लिए वरदान बन गया रास्ता खोलो अभियान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशों की अनुपालना में जयपुर जिले में रास्ता खालो अभियान का प्रभावी संचालन किया जा रहा है। विगत साढ़े पांच महीनों में अभियान के तहत जयपुर जिले में एक हजार से अधिक रास्ते खोल कर लाखों ग्रामीणों को राहत प्रदान की गई है।

अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं अभियान की नोडल अधिकारी देवेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशन में प्रत्येक तहसील में हर सप्ताह 3 रास्ते खुलवाए जा रहे हैं। रास्ता खोलो अभियान के सफल क्रियान्वयन एवं अधिक से अधिक आमजन को लाभांवित करने के लिए जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी स्वयं अभियान की लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि अभियान के तहत विगत एक सप्ताह में जयपुर जिले के समस्त तहसीलों में बरसों से बंद 41 रास्ते खुलवाए गए। अभियान के तहत जिला प्रशासन ने समझाइश एवं सहमति से महज साढ़े 5 महीनों में गांवों, खेतों और ढाणियों के बरसों से बंद पड़े एक हजार 18 रास्ते खुलवाने में कामयाबी हासिल की है।

नोडल अधिकारी देवेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि 15 नवंबर 2024 से 27 अप्रैल 2025 तक अभियान के तहत जिले में फागी तहसील में सर्वाधिक 84 रास्ते खुलवाए गए हैं। जिनमें से 44 रास्तों पर ग्रेवल सड़क बनाये जाने का कार्य जारी है। वहीं, 2 रास्तों पर ब्लॉक सड़क का निमार्ण कार्य जारी है। वहीं, अभियान के तहत जयपुर तहसील में 4 रास्ते, कालवाड़ तहसील में 8 रास्ते, आमेर तहसील में 59 रास्ते, जमवारामगढ़ तहसील में 47 रास्ते, आंधी तहसील में 49 रास्ते, बस्सी तहसील में 51 रास्ते, तूंगा तहसील में 42 रास्ते खुलवाए गए।



जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशन में प्रत्येक तहसील में हर सप्ताह 3 रास्ते खुलवाए जा रहे हैं।

वहीं, शाहपुरा तहसील में 64 रास्ते, जोबनेर तहसील में 62 रास्ते, किशनगढ़-रेनवाल तहसील में 51 रास्ते, फुलेरा तहसील में 56 रास्ते, रामपुरा-डाबड़ी तहसील में 42 रास्ते, जालसू तहसील में 33 रास्ते, चौमूं तहसील में 68 रास्ते, सांगानेर तहसील में 21 रास्ते खुलवाए गए।

उन्होंने ने बताया कि चाकसू तहसील में 41 रास्ते, कोटखावदा तहसील में 41 रास्ते, माधोराजपुरा तहसील में 57 रास्ते, दूदू तहसील में 55 रास्ते एवं मौजमाबाद तहसील में 63 रास्ते खुलवाए गए। उन्होंने बताया कि जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को रास्ता खोलो अभियान के तहत बंद रास्ते खुलवाए जाने के पश्चात खोले गए रास्तों पर ग्रेवेल, सी.सी. रोड़ बनवाये जाने की कार्यवाही भी जल्द से जल्द अमल में लाने के निर्देश दिये हैं, इन निर्देशों की अनुपालना में अधिकांश स्थानों पर ग्रेवल रोड बनाने की कार्यवाही भी आरंभ की जा चुकी है। वहीं, जिन रास्तों के वाद न्यायालय में विचाराधीन है परिवादियों द्वारा संबंधित न्यायालय से ही अनुतोष प्राप्त किया जाएगा।

- **अभियान के तहत महज साढ़े पांच महीनों में खुले एक हजार से अधिक रास्ते**
- **हर सप्ताह हर तहसील में खोले जा रहे तीन रास्ते, लाखों ग्रामीणों की राहें हुई आसान**

ग्रामीण क्षेत्रों में रास्तों की भूमि पर अतिक्रमण को लेकर जनसुनवाई के दौरान बड़ी संख्या में परिवाद प्राप्त होते हैं। रास्तों को लेकर न्यायालय में भी वाद दायर किए जाते रहते हैं। ऐसे प्रकरणों में निरन्तर बढ़ोतरी होने से आमजन को न्यायालय के चक्कर लगाने एवं जन-धन की हानि होने के साथ-साथ क्षेत्र की कानून व्यवस्था भी प्रभावित होती है।

इसलिए प्रशासन ने रास्ते सम्बन्धी समस्याओं के निराकरण के लिए 'रास्ता खोलो अभियान' चलाने का निर्णय लिया गया।

# मेडिकल ऑफिसर के 1700 पदों लेकर हुई भर्ती परीक्षा

**जयपुर।** राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय की ओर से रविवार को मेडिकल ऑफिसर्स के 1700 पदों पर भर्ती परीक्षा जयपुर में आयोजित की गई। इसके लिए शहर में अलग-अलग स्थानों पर 70 परीक्षा केंद्र बनाए गए।

इस परीक्षा के लिए कुल 17 हजार 189 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। इसे देखते हुए जयपुर जिला प्रशासन ने कंट्रोल रूम बनाया गया। परीक्षा सुबह 11 बजे शुरू हुई। जो दोपहर 1 बजे पूरी हुई। अतिरिक्त जिला कलेक्टर (पूर्व) गोपाल सिंह शेखावत ने बताया कि परीक्षा के सुचारू और सफल संचालन के लिए कंट्रोल रूम बनाया है, जो 25 से 27 अप्रैल एक्टिव रहेगा। इस एग्जाम के लिए प्रशासन ने 70 उप समन्वयक और 18 उड़नदस्तों को तैनाती किया गया है।

**रिकॉर्ड ज्यादा आवेदन मिलने के कारण ऑफ लाइन परीक्षा**


आरयूएचएस की ओर से परीक्षा ऑफलाइन करवाई जा रही है। पहले इसे ऑनलाइन करवाया जाना प्रस्तावित था, लेकिन अभ्यर्थी ज्यादा होने के कारण इसे ऑफ लाइन करवाने का निर्णय लिया। इस बार परीक्षा में 17 हजार 189 आवेदन आए हैं, जो कि अब तक के सर्वाधिक हैं। इससे पहले 2022 में यह परीक्षा 1765 पदों के लिए आयोजित की गई थी, जिसमें 9000 आवेदक थे। इस हिसाब से समान पद होने के बाद भी इस बार दोगुने आवेदन आए थे।

# टेम्पो में मिली युवक की लाश-मुंह और नाक से बह रहा था खून

**जयपुर।** एयरपोर्ट थाना इलाके में खड़े टेम्पो में एक युवक की लाश मिली। लाश के मुंह और नाक से खून बह रहा था। परिजनों ने शराब पार्टी के बाद हत्या की आशंका जताई है। पुलिस ने एफएसएल टीम की मदद से सबूत जुटाए है। पुलिस ने जयपुरिया हॉस्पिटल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

थानाधिकारी संदीप बसेरा ने बताया कि जगतपुरा के रहने वाले लेखराज (30) की हत्या का मामला दर्ज करवाया गया है। वह जगतपुरा सब्जी मंडी में पिकअप चलाने का काम करता था। 25 अप्रैल को दोपहर करीब 12 बजे वह पिकअप लेकर घर आ गया था। शाम करीब 7 बजे किराया लेने के लिए जगतपुरा सब्जी मंडी में गया था। करीब एक घंटे बाद बहन रजनी से फोन पर लेखराज की बात हुई थी।

ARBiT it happens here...



## Clean Comedy Day: Laughs Without the Lines

Celebrated every April 28, Clean Comedy Day is a tribute to humour that's witty, wholesome, and suitable for all ages. It encourages comedians and audiences alike to embrace jokes free from profanity, insults, or controversial topics. Clean comedy proves that laughter doesn't need to be offensive, it can be clever, relatable, and heartwarming. From family-friendly stand-up acts to sitcoms that span generations, this day highlights the timeless power of clean humour. Whether you're a performer or a fan, it's the perfect occasion to share a laugh that everyone can enjoy, without crossing any lines.

राष्ट्रदूत
MONDAY
28 April 2025
A-B

#AWARENESS

# "AI? What's That?"

As AI tools like Gemini go mainstream, a new study shows a stark awareness gap in India, raising urgent questions about digital inclusivity and education.



Despite the global AI boom, a recent Google-Kantar study reveals a surprising fact: 60% of Indians are still unfamiliar with Artificial Intelligence. That's right, more than half the population remains unaware of the very technology that's fast becoming the backbone of our digital lives.

At the same time, Gemini, Google's AI chatbot, has just hit a major milestone, 350 million users worldwide. So, while the rest of the globe seems to be riding the AI wave, India's journey appears to be more cautious, or perhaps, just slower to take off.



## The AI Divide in India

The study, which surveyed over 6,000 urban and rural Indians, uncovers a telling digital divide. Urban Indians, especially Gen Z and millennials, are warming up to AI-powered tools like Gemini, ChatGPT, and others. But in rural areas and among older age groups, AI remains a foreign concept, either unheard of, or misunderstood. Interestingly, even among the tech-savvy, the trust factor is a big concern. Many respondents expressed uncertainty about AI's intent, transparency, and impact on jobs. A significant number feared that AI might replace humans at work or misuse personal data. Clearly, AI awareness is not just about access, but also education and trust-building.

## 350 Million and Counting: Gemini's Global Rise

On the other side of the world (and screens), Google's Gemini has rapidly become a household name, boasting over 350 million active users since its rollout. What makes Gemini click? For one, it's deeply integrated across Google services, Docs, Gmail, Search, making it hard to miss. With features like summarizing emails, writing social media captions, coding assistance, and even generating poetry or recipes, Gemini is proving that AI can be useful, creative, and accessible. Yet, in India, it remains underutilized, often due to language barriers, low digital literacy, or simple unfamiliarity.

## Why Awareness Matters Now

As India pushes towards becoming a $1 trillion digital economy, understanding AI isn't a luxury, it's a necessity. From healthcare diagnostics to agricultural forecasting, AI has the potential to transform industries and uplift millions. But if a majority of the population remains unaware, this potential could remain untapped. Moreover, with India being a global hub for IT services, the lack of grassroots awareness could create a tech elitism, where only a few benefit from AI's advancements, leaving others behind.

## What Needs to Be Done

The report suggests three key focus areas for India.

- Localized AI education (especially in regional languages)
- Government-backed awareness campaigns
- AI integration in school curricula

If done right, these steps can demystify AI and help Indians become not just consumers but contributors to AI's evolution.








"My son," she said, her gaze drifting towards the open window. "He was a musician. He loved the wind, the sound of the city. He said the open window brought him inspiration, brought him life. He loved to play the sitar. He…he passed away a couple of years ago. He had been ill for quite some time. TB acquired at the factory."

# The Open Window

#LOVE

Dr. Goutam Sen
*CTVS Surgeon*
*Traveller*
*Storyteller*

'The window is flapping again' commented Anya. The young couple, Anya and Rohan, lived in a cramped flat across the narrow, grimy alleyway. Their kitchen window, perpetually steamed from Rohan's experimental curries, offered a direct, if somewhat hazy, view into the flat opposite. Specifically, it offered a view of 'the window.' The couple were school friends and married each other soon after they completed college education. Both of them were avid book readers. They were omnivorous in their taste but Anya just adored mysteries. It aroused her brain with all the twists and turns that a tale can take.

It was a small, unassuming window, belonging to a flat on the third floor in the building across the alley. But unlike their window, which was constantly battling the monsoon humidity or the dusty Kolkata winds, this window was always, without fail, wide open. The window was smallish. More like a mixture of a skylight and a regular window. Its two wooden panels were framed with glass in the upper half while the rest was made of plywood. To cover its shabbiness, a coloured picture of a landscape had been pasted. There was a small additional corrugated tin awning to prevent the direct splashing of rain into the room. Day and night, summer and winter, it gaped at the world, a silent, unwavering sentinel. It was as if it was proud to face all the vagaries of the weather! What was its message? An invitation or something more deep and mysterious!

"It's bizarre, isn't it? Anya said, stirring her chai, the steam momentarily clearing a patch on the window glass. "Always open. Even when it rained last week, that torrential downpour, it was still open."

Rohan, engrossed in deciphering a recipe for paneer makhani, grunted in agreement with a typical male answer. "Maybe they like fresh air?"

"Fresh air? In this smog?" Anya scoffed. "There's something else. Something…off."

Their curiosity grew with each passing day. Rohan was placid while Anya was becoming increasingly vexed. They'd tried to catch a glimpse of the flat's inhabitant, but the angle was difficult. Sometimes, a curtain would flutter, a pale hand would briefly appear or the faint scent of sandalwood incense would drift across the alleyway, but nothing concrete. A faded red curtain fluttered once in a while. It was an open invitation to all the people outside to peek in, and yet, it somehow wanted to preserve its privacy. To Anya's mystery-loving mind, this enigma made her wish to explore the possibilities. The hesitation lay in unnecessary invasion of privacy. On the other hand, there was immense satisfaction of a solved riddle.





One evening, as the setting sun cast long, dramatic shadows across the buildings, Anya noticed a flicker of candlelight within the open window. A faint melody of a string instrument wafted across the alley. It was a quiet moment when the alley had no traffic and the hawkers had long gone. Just the right time for music!

"Did you hear that?" she whispered, nudging Rohan.

He paused, listening. "Sounds like sitar." It sounded like a professional. Or was it a recording?

The music was hauntingly beautiful, a melancholic melody that seemed to resonate with the quiet sadness of the old building. Yet, there was vigour. It seemed to be conveying a message or inviting all round to pause, sit and immerse in the ragas of the past. They watched and listened, mesmerized, as the candlelight danced, casting shadows that moved like phantoms.

The next day, Anya (the detective!) decided to take action. Enough was enough! The mystery needed to be solved. She went down to the building's entrance, a crumbling archway leading into a dark, narrow staircase. She hesitated, then took a deep breath of the musty air and ventured inside. A mystery was there to be solved. She was determined to get an answer. What if she was rebuffed?

She would then swallow her pride, tuck her tale between her legs and come back home unsatisfied. On the third floor, the air was thick with the scent of damp musty concrete and old paper. She climbed the stairs, the worn stone cool beneath her feet. She found the flat, its door a faded blue, adorned with a simple brass knocker. No name plate. A worn out pair of shoes were kept on a bamboo shelf. A flower pot on the other side looked well cared for. She knocked softly. Maybe, too softly!

Silence...

She knocked again, louder with greater resolve.

The door creaked open, revealing a small, frail woman with silver hair and eyes with a black framed high-powered spectacles (as if she had a recent cataract operation), that held the weight of untold stories. The eyes looked at the unexpected visitor with trepidity. As if to say, why has another person come to disturb my peace? What did she want now? She was dressed in a simple white sari, and the scent of sandalwood incense was strong.

After a pause, as if she was assessing the situation, she asked "Can I help you, beta?" Her voice was soft and raspy with age.

Anya, flustered, stammered, waving her hand in an uncertain fashion, pointing across the alley: "I…I live across the alley. I've noticed your window is always open."

The woman smiled a gentle, knowing smile. "Yes, it is. It's for my Ravi."

"Ravi?"

"My son," she said, her gaze drifting towards the open window. "He was a musician. He loved the wind, the sound of the city. He said the open window brought him inspiration, brought him life. He loved to play the sitar. He…he passed away a couple of years ago. He had been ill for quite some time. TB acquired at the factory."

Anya's heart ached as she perceived the pain which still lingered. "I'm so… sorry." Sounded inadequate but that was the best she could offer.

He told me, "Ma, even when I'm gone, leave the window open. Let the music of the world fill the room. So, I do. Every day! Every night! It makes me feel as if he is there with me."

She turned back to the room, where a sitar rested on a worn out cushion, partially covered with a fine shawl. A framed photograph showed a young man with kind eyes and a gentle smile in a traditional Bengali 'Dhoti-Kurta' hung on the wall behind. It was a look of a person who had zest for life. It was such a pity that he was gone!

"The music you heard last night," she said, her voice barely a whisper, "that was his recording. He left a few of them for me."

Anya understood. It wasn't a mystery, but a love story, a mother's unending devotion, a silent testament to a life lived and lost. The open window wasn't a symbol of strangeness, but a portal to memory, a conduit for love that transcended death.

After a slight hesitation, the lady offered her a cup of tea while she played a tape of the recorded music. At that moment, a white pigeon fluttered in and sat on the window sill. "Oh! The pigeon has come again. He always sat on the windowsill whenever Ravi played his sitar. He too must be missing Ravi. He comes less these days."

She thanked the old woman and left, the melancholic melody of the sitar echoing in her ears.

Back in her own flat, she told Rohan the story.

They stood together at their kitchen window, looking across the alley. The candlelight in the open window flickered, a warm, comforting glow in the twilight.

"It's not just a window," Anya said softly. "It's a heart."

Rohan nodded, his eyes filled with understanding. The open window, once a source of mystery, was now a symbol of enduring love, a reminder that even in the midst of a bustling, indifferent city, the human heart could find ways to speak, to remember and to love. They both knew that the window would remain open, a silent, beautiful tribute to a life that continued to resonate through the music. It was momentary pause in the incessant rush of the uncaring city below.

*rajeshsharma1049@gmail.com*



#STRESS THERAPY

# Unwind in Style

Discover the therapeutic benefits of sound and how Sennheiser's headphones can transform your stress relief routine into a serene experience.

In the whirlwind of modern life, stress often feels like an unwelcome companion, creeping in between tasks, meetings, and even during moments meant for rest. But what if your escape from the constant buzz and pressure was as simple as slipping on a pair of headphones? Enter Sennheiser, the sound maestros who are turning their cutting-edge headphones into a sanctuary for stressed-out souls. Through immersive sound, noise cancellation, and tailored audio experiences, these headphones are not just for listening, they're your new therapy session.



## The Healing Power of Sound: A Sonic Escape for Your Mind

We all know that music has the power to uplift our spirits, but research shows that sound can do much more than make us groove, it can actively reduce stress. By engaging with calming music or nature sounds, your body lowers cortisol levels (the stress hormone) while boosting mood-enhancing dopamine. This isn't just feel-good magic, it's science at work. The right audio can transform your mind, helping you unwind, refocus, and simply breathe. When it comes to finding the perfect audio tool for stress relief, Sennheiser headphones stand out. Designed for more than just high-fidelity sound, these headphones are built to help you leave behind the noise of the world and immerse yourself in tranquility.

## Why Sennheiser is your Ideal Stress-Busting Companion

Sennheiser headphones are engineered with features that elevate your stress-relief game. It's not just about listening to music, it's about creating an environment where your mind can relax and your body can recharge. Here's why they're perfect for stress therapy!

### 1. Escape the Chaos with Noise-Cancelling Technology


One of the biggest stress triggers is external noise, the hum of traffic, the chatter of a busy office, or the constant buzz of the modern world. But with Sennheiser's noise-cancelling headphones, such as the Momentum 4 Wireless, those external distractions vanish. Active Noise Cancellation (ANC) technology creates an acoustic bubble around you, where the only sound that matters is the one you choose.

### 2. Immerse Yourself in Crystal-Clear Sound

Sound therapy is all about precision and balance. That's why Sennheiser's headphones are a game-changer. With crystal-clear sound and a balanced profile, the experience of listening to soothing tracks or guided meditation sessions is elevated. The clarity of the sound also amplifies the therapeutic effect of audio. Whether it's the delicate strum of an acoustic guitar, the gentle hum of a piano, or the rhythmic patterns of binaural beats, Sennheiser headphones allow you to experience sound in its purest form. And let's face it, listening to your favourite soothing playlist through headphones like these can turn stress relief into an art form.

### 3. Comfort That Keeps You Zen for Hours

Stress relief isn't just about what you hear, it's also about how comfortable you feel. With long hours of listening often required for optimal relaxation, comfort becomes a priority. Sennheiser's ergonomic design ensures that you can enjoy hours of stress-free listening without any discomfort. The soft ear cushions and adjustable headbands on the Momentum 4 Wireless and HD 650 make them perfect for those seeking both audio excellence and physical comfort.



## Incorporating Sound Therapy into Your Everyday Routine

Sennheiser headphones don't just serve as an escape, they become part of your everyday ritual to reduce stress and promote relaxation. Here's how you can integrate sound therapy into your daily routine!

### Morning: Start Your Day with Calm

The way you start your day can set the tone for everything that follows. Instead of jumping straight into the hustle and bustle, why not begin with a peaceful sound experience? With Sennheiser headphones, you can dive into nature sounds or calming music to ease into your morning. The combination of high-quality sound and noise cancellation creates a serene atmosphere, helping you set a calm, positive mood for the day ahead.

### Midday: Take a Moment to Recharge

Stress tends to build up throughout the day. By using your Sennheiser headphones during a midday break, you can take a moment to reset and recharge. Whether it's listening to a short mindfulness podcast or simply letting your favourite music play, those few minutes of sound therapy can help clear your mind and reduce accumulated stress. It's a perfect mid-day reset before you dive back into work.

### Evening: Wind Down with Soothing Sounds

After a long day, it's essential to unwind before bed. Sennheiser's headphones, especially the Momentum True Wireless 2, are perfect for your evening relaxation rituals. Listen to calming tracks, guided meditations, or nature sounds to signal to your body that it's time to wind down. The clarity and comfort provided by these headphones create a peaceful environment where your mind can shift gears and prepare for sleep.

## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# महिला का रास्ते में प्रसव हुआ, पीएचसी ले जाने पर ताला लगा मिला

## करीब छह घंटे तक महिला दर्द से तड़पती रही महिला, सुबह नौ बजे तक पीएचसी पर डॉक्टर सहित कोई स्टाफ नहीं पहुंचा, ग्रामीणों में नाराजगी

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर के गोगुंदा उपखंड क्षेत्र के नांदेश्मा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) पर जरूरतमंदों को मदद के बजाय बंद दरवाजा मिला। प्रसव पीड़ा से जूझती एक महिला ने रास्ते में ही निजी वाहन में बच्चे को जन्म दिया और जब उसे आगे इलाज के लिए पीएचसी लाया गया तो वहां ताले जड़े मिले। करीब 6 घंटे तक महिला दर्द से तड़पती रही लेकिन सुबह 9 बजे तक पीएचसी पर डॉक्टर सहित कोई स्टाफ नहीं पहुंचा।

जानकारी के अनुसार चलवा गांव निवासी लेरकी गमेती पत्नी कमलेश गमेती को अलसुबह अचानक तेज प्रसव पीड़ा हुई। घबराए परिजन उसे आनन-फानन में निजी वाहन से नांदेश्मा पीएचसी ले जा रहे थे, लेकिन

- **नाराज ग्रामीणों ने बीसीएमओ को जानकारी दी, शिकायत मिलते ही बीसीएमओ मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया**
- **नन्हे नवजात की नाल गांव की एक बुजुर्ग महिला ने काटी, जो स्वयं अनुभवहीन थी**
- **बिना किसी चिकित्सकीय सहायता के प्रसूता और नवजात को खुले बरामदे में समय बिताना पड़ा**

रास्ते में ही गाड़ी में प्रसव हो गया। हालात गंभीर थे ऐसे में वे तुरंत महिला और नवजात को लेकर सुबह करीब चार बजे पीएचसी पहुंचे। स्वास्थ्य केंद्र के मुख्य द्वार पर ताला लटका हुआ था, कोई चिकित्सक, नर्स या सहायक कर्मचारी नजर नहीं आया। बेबस परिजन प्रसूता को लेकर पीएचसी के बरामदे में बैठ गए। नन्हे नवजात की नाल गांव की एक बुजुर्ग महिला ने काटी, जो स्वयं अनुभवहीन थी। बिना किसी चिकित्सकीय सहायता के प्रसूता और नवजात को खुले बरामदे में छह घंटे तक दर्द और असुरक्षा के बीच समय बिताना पड़ा। परिजन असहाय थे, वापस घर ले जाना भी संभव नहीं था क्योंकि वाहन किराये के लिए पैसे नहीं थे और घर पहुंचने के बाद पुनः स्वास्थ्य जांच के लिए पीएचसी आना मुश्किल होता। सुबह होते-होते ग्रामीणों में गुस्सा फूट पड़ा। नाराज ग्रामीणों ने बीसीएमओ डॉ. दिनेश मीणा को मामले की जानकारी दी। शिकायत मिलते ही बीसीएमओ मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि नांदेश्मा पीएचसी में डॉ.प्रवीण कुमार नियुक्त हैं लेकिन उनके अवकाश पर होने की कोई सूचना प्रशासन को नहीं दी गई थी। उन्होंने कहा कि स्टाफ की जिम्मेदारी तय करते हुए जल्द ही कार्रवाई की जाएगी। बीसीएमओ डॉ.दिनेश मीणा शिकायत मिलते ही मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि पीएचसी में नियुक्त डॉ. प्रवीण कुमार के अवकाश की कोई जानकारी नहीं थी। ग्रामीणों ने आक्रोश जताते हुए सीएमएचओ को शिकायत की, जिसके बाद सीएमएचओ ने बीसीएमओ को जांच के आदेश देते हुए स्टाफ की अनुपस्थिति की जानकारी मांगी है। ग्रामीणों ने इस मामले में लापरवाह चिकित्सक और स्टाफ के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि यदि तत्काल कदम नहीं उठाए गए तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन करेंगे। उन्होंने मांग की कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर चिकित्सकों और स्टाफ की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की जाए ताकि भविष्य में किसी मासूम की जान खतरे में न पड़े।

# नशीली दवाओं का जखीरा पकड़ा, तीन युवक गिरफ्तार

## स्कॉर्पियो गाड़ी से 878 ट्रामाडोल कैप्सूल बरामद

**नारायणपुर, (निसं)।** थाना पुलिस नारायणपुर ने एनडीपीएस एक्ट के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए शनिवार देर रात स्कॉर्पियो गाड़ी से नशीली दवाइयां ले जाते हुए तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से 878 ट्रामाडोल कैप्सूल बरामद किए हैं।

थाना प्रभारी ओमप्रकाश मीणा ने बताया कि रात्रि गश्त के दौरान एक सफेद रंग की स्कॉर्पियो गाड़ी सड़क किनारे खड़ी दिखाई दी, जिसके पीछे एयरफोर्स लिखा हुआ था। गाड़ी पर संदेह होने पर पुलिस दल ने उसे चेक करने का प्रयास किया। इस दौरान गाड़ी में बैठे युवक पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगे,

- **सफेद रंग की स्कॉर्पियो गाड़ी के पीछे एयरफोर्स लिखा मिला**

लेकिन पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें मौके पर ही पकड़ लिया। पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर युवक संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए और घबराए हुए नजर आए। संदेह के आधार पर जब गाड़ी की तलाशी ली गई तो उसमें तीन कार्टन में रखे 878 ट्रामाडोल कैप्सूल बरामद हुए। प्रत्येक कार्टन में 10-10 पत्ते कैप्सूल के पाए गए। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सुरेश (21) पुत्र पप्पूराम पायला गुर्जर निवासी पायलों की ढाणी कोलाहेड़ा, मानसिंह (28) पुत्र जोहरीलाल गुर्जर निवासी पायलों की ढाणी कोलाहेड़ा और सोमदत्त जाट (31) पुत्र सूरजमल निवासी नानगी की ढाणी मुंडावरा के रूप में हुई है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है कि वे यह नशीली दवा कहां से लाए थे, किसे सप्लाई करने जा रहे थे तथा इस धंधे में वे कब से लिप्त हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए मुकदमे की जांच विराटनगर थाना पुलिस को सौंपी गई है। पुलिस पूरे नेटवर्क को उजागर करने के लिए गहनता से अनुसंधान कर रही है।

# सड़क हादसे में युवक की मौत, दो घायल



हादसे में कार के आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया।

**टोंक, (निसं)।** टोडारायसिंह थाना क्षैत्र में कार को दूसरी कार ने टक्कर मार दी, जिससे कार अनियंत्रित होकर सामने छोटी पुलिया की दीवार से टकरा गई, जिससे उसमें सवार एक जने की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। मौके पर मौजूद ग्रामीणो व राहगीरों ने सभी को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से उनकी हालत गंभीर होने से टोंक रेफर कर दिया।

जानकारी के अनुसार टोडारायसिंह के थड़ोली गांव के आसपास एक कार को पीछे से आ रही दूसरी कार ने टक्कर मार दी, कार अनियंत्रित होकर सामने एक पुलिया की दीवार से टकरा गई, जिससे कार रोड के नीचे जाकर पलट गई। इस सड़क हादसे में कार में सवार तीनों गंभीर घायल हो गए। तीनों को टोडारायसिंह अस्पताल भर्ती कराया गया, जहां गोविंद वर्मा को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया तथा दो अन्य उसके साथी और रिश्तेदार को टोंक रेफर कर दिया। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है।

# सूने मकान के ताले तोड़कर जेवर सहित नकदी चुराई

**निवाई, (निसं)।** श्याम मन्दिर के पीछे स्थित जैन कॉलोनी में अज्ञात चोर एक सूने मकान का ताला तोड़कर जेवरात सहित 40 हजार रूपए की नकदी चुराकर ले गए। चोरी की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी ली।

पुलिस ने बताया कि जैन कॉलोनी निवासी शिवकुमार अग्रवाल दतवास

- **पीड़ित तीन दिन से अपने परिवार के साथ गांव दतवास गया हुआ था**

वाले के मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर जेवरात सहित 40 हजार रूपए की नकदी चुराकर ले गए। पीड़ित अग्रवाल ने बताया कि वह तीन दिन से अपने परिवार के साथ गांव दतवास गए हुए थे। तीन दिन से घर पर कोई नहीं था। रविवार को घर आए तो मकान के मेन गेट का ताला टूटा हुआ था। उसने पड़ोसियों को बुलाकर अंदर जाकर देखा तो आलमारी खुली हुई थी और सामान बिखरा हुआ था। आलमारी की तलाशी करने पर आलमारी में रखे दो सोने के



मकान में चोरी होने के बाद आलमारी में सामान बिखरा पड़ा है।

टॉप्स, 40 हजार रूपए, चार ब्रांडेड घड़ी व एक मोबाइल सहित कई कपड़े गायब मिले। वार्ड पार्षद महेंद्र जैन ने पीड़ित शिवकुमार की मदद कर चोरों को शीघ्र गिरफ्तार करने व चोरी हुए सामान को वापस दिलवाने की मांग की। पुलिस ने मामला दर्ज कर चोरों की तलाश करने में जुट गई है। इस दौरान पुलिस ने मौके पर लगे सीसीटीवी कैमरों को भी खंगाला।


# जेट अभ्यर्थियों से फीस हड़पने की साजिश

**बीकानेर, (निसं)।** राज्य के कृषि विश्वविद्यालय में दाखिले के लिए जेट-25 की परीक्षा आयोजित करने वाले स्वामी केशवानंद राज. विश्वविद्यालय, बीकानेर के नाम से फर्जी वेबसाइट बनाकर अभ्यर्थियों से ऑनलाइन जमा की जाने वाली फीस हड़पने की साजिश रची गई है। दाखिले के लिए आज से रजिस्ट्रेशन होगा। कृषि विश्वविद्यालयों में स्नातक और परा स्नातक कक्षाओं में प्रवेश के लिए जेट-25 परीक्षा आयोजित की जानी है। इस बार परीक्षा का आयोजन स्वामी केशवानंद राजस्थान विश्वविद्यालय, बीकानेर की ओर से किया जा रहा है। परीक्षा के लिए 28 अप्रैल से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन होगा और ऑनलाइन की फीस जमा कराई जाएगी। इसे देखते हुए अभ्यर्थियों की फीस हड़पने के उद्देश्य से कृषि विवि, बीकानेर के नाम से फर्जी वेबसाइट बनाई गई है। इसमें विवि का हूबहू लोगो, नाम, कुलपति की फोटोग्राफ दर्शाई गई है। आशंका जताई जा रही है कि फर्जी वेबसाइट के जरिये अभ्यर्थियों को गुमराह कर उनकी फीस हड़पी जा सकती है। कृषि विवि के जेट कोऑर्डिनेटर विजयप्रकाश की ओर से बीछवाल पुलिस थाने में फर्जी वेबसाइट बनाने का मुकदमा दर्ज करवाया गया है।

# छात्र से मुर्गा कटवाने वाला अध्यापक निलंबित

**उदयपुर, (कासं)।** स्कूल में परीक्षा के दौरान अमर्यादित आचरण करने वाले अध्यापक को निलंबित कर दिया गया है। घटनाक्रम के अनुसार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सावन का क्यारा, ब्लॉक कोटडा, जिला उदयपुर के अध्यापक लेवल वन मोहनलाल डोडा ने गत 26 अप्रैल को परीक्षा के दौरान विद्यालय में अध्यनरत छात्र से मुर्गा कटवाने का कृत्य किया और नियमित रूप से मिड-डे मील का संचालन नहीं किया जा रहा था। इस कृति के कारण शिक्षा विभाग की छवि धूमिल हुई। जिस कारण मोहनलाल डोडा अध्यापक लेवल-1 राउमा विद्यालय सावन का क्यारा, ब्लॉक कोटडा को निलंबित किया।

# छह किलो अफीम जब्त, दो युवक गिरफ्तार



आसींद थाना पुलिस ने अफीम जब्त कर दो युवकों को गिरफ्तार किया।

**भीलवाड़ा, (निसं)।** पुलिस ने रविवार को एनएच 158 पर नाकाबंदी के दौरान एक गाड़ी में 6 किलो 785 ग्राम किलो अफीम जब्त कर गाड़ी में सवार दो युवकों को गिरफ्तार किया है।

जिले की आसींद थाना पुलिस ने एनएच 158 पर नाकाबंदी के दौरान भीलवाड़ा की तरफ से आ रही एक स्कार्पियो को वापस मुड़ने को लेकर शंका हुई, जिसके चलते पुलिस ने उसका पीछा करते हुए दौलतगढ़ सड़क मार्ग पर रोका और तलाशी ली, जिसके चलते गाड़ी की स्टेपनी में तीन डिब्बे मिले, जिस पर वे प्लास्टिक से पेक हुए पाए गए। आसींद थाना अधिकारी हंस पाल सिंह ने मय पुलिस जाब्ते के जब तीनों डिब्बे की जांच की तो डिब्बे में 6 किलो 785 ग्राम किलो अफीम पाई गई। वही गाड़ी में सवार दो युवकों को गिरफ्तार किया है।

# बाइक फिसलने से पुलिसकर्मी घायल

**पाली, (नि.सं.)।** पाली में रविवार की सुबह कुत्ते को बचाने की कोशिश में बाइक सवार पुलिसकर्मी का बैलेंस बिगड़ गया। पुलिसकर्मी गिरकर घायल हो गया। 55 वर्षीय कॉन्स्टेबल को उपचार के लिए पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लाया गया। जहां उनका उपचार जारी है। पाली शहर के कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित पुलिस कंट्रोल रूप में वायरलैस ऑपरेटर का काम देखने वाले कॉन्स्टेबल हरिकिशन पुत्र रामलाल बाइक से नया गांव से कंट्रोल रूप ड्यूटी पर जा रहे थे। इस दौरान होमगार्ड ऑफिस के सामने अचानक उनकी बाइक के आगे डॉग आ गया। जिसे बचाने के लिए उन्होंने बाइक के ब्रेक लगाए, जिससे बाइक स्लिप हो गई और वे नीचे गिर गए। हादसे में उसके हाथ-पांव और सिर में चोट आई, जिन्हें उपचार के लिए पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लाया गया, जहां ट्रोमा वार्ड में उनका उपचार जारी है। घटना की जानकारी मिलने पर कई पुलिसकर्मी और परिजन हॉस्पिटल पहुंचे।

# रिवॉल्वर खरीदने के आरोपी को जेल

**सादुलपुर, (निसं)।** थाना पुलिस ने चोरी का अवैध रिवॉल्वर खरीदने के आरोप में गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। अनुसंधान अधिकारी महेन्द्र सिंह पूनियां सहायक उप निरीक्षक ने बताया कि ओमप्रकाश उर्फ बल्लू पुत्र मांगेराम निवासी बिरही कलां तहसील चरखी दादरी हरियाणा को चोरी के अवैध रिवाल्वर खरीदने के मामले में गिरफ्तार किया गया था, जिसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। आरोपी ओमप्रकाश उर्फ बल्लू ने उक्त रिवाल्वर अपने परिचित दो आरोपी रवि कुमार नायक व लोडिया निवासी राजगढ़ से खरीदना बताया था। गविकास पुत्र प्यारेलाल जाट निवासी चेनाणा बास तहसील राजगढ़ ने 13 सितम्बर 2024 को राजगढ़ थाने में मामला दर्ज करवाया था।

# दो ट्रोलों में भिड़ंत के बाद आग लगी, तीन की मौत

## धन्नासर गांव के पास मेगा हाइवे पर हादसा हुआ

**हनुमानगढ़, (निसं)।** यहां रावतसर थाना क्षेत्र के धन्नासर गांव के पास रावतसर-सरदार शहर मेगा हाइवे पर दो ट्रोलों में भिड़ंत के बाद आग लग गई।

जानकारी के अनुसार हनुमानगढ़ में आमने-सामने की टक्कर के बाद दो ट्रोलों में आग लग गई। इससे ट्रोलों में सवार 3 लोग जिंदा जल गए। हादसा शनिवार शाम करीब छह बजे रावतसर थाना क्षेत्र के धन्नासर गांव के पास रावतसर-सरदार शहर मेगा हाइवे पर हुआ। रावतसर थानाधिकारी रामचंद्र कस्वां ने बताया कि धन्नासर गांव के पास

- **पुलिस के अनुसार मृतकों की पहचान अभी तक नहीं हो सकी है, तीनों के शव पूरी तरह जल चुके हैं**

रावतसर-सरदार शहर मेगा हाइवे पर शाम करीब छह बजे दो ट्रोलों की आमने-सामने की टक्कर हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर के बाद एक जोरदार धमाका हुआ और दोनों वाहनों में भयंकर आग लग गई। हादसे की सूचना मिलते ही रावतसर पुलिस थाना और धन्नासर पुलिस चौकी की टीमें मौके पर पहुंची। अग्निशमन वाहनों के साथ-साथ आसपास के ग्रामीणों ने अपने निजी टैंकरों के माध्यम से आग बुझाने का प्रयास किया। हालांकि, क्षेत्र में तेज आंधी चलने के कारण आग पर काबू पाने में भारी दिक्कत आई। एक ट्रोले में ईंट और दूसरे में बजरी भरी हुई थी। पुलिस के अनुसार, मृतकों की पहचान अभी तक नहीं हो सकी है। तीनों के शव पूरी तरह जल चुके हैं।

# पेड़ गिरने से दंपती घायल

**उदयपुर, (निसं)।** एमबी चिकित्सालय में उपचार के लिए आए दंपती धूप से बचने के लिए छाया में खड़े थे। जहां पेड़ गिरने पर दोनों गंभीर घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को सलूम्बर निवासी कमल सोनी व उसकी पत्नी रेखा सोनी दोनों चिकित्सक को दिखाने के लिए एमबी चिकित्सालय आए थे। इस दौरान तेज धूप होने से दोनों हॉस्पीटल चौकी के पास स्थित केंटिन पर खड़े थे। जहां अचानक पुराना पेड़ गिर पड़ा। जिससे दोनों गंभीर घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलने पर हाथीपोल थानाधिकारी योगेन्द्र व्यास ने मौके पर पहुंचकर दोनों को उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया। रेखा केंसर रोग से पीड़ित थी जो पति के साथ चिकित्सा परामर्श के लिए एमबी चिकित्सालय आई थी।

# पानी पीने के दौरान कुएं में गिरने से युवक की मौत

## युवक अपने परिवारजनों के साथ उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिये जयपुर में रहकर तैयारी कर रहा था

**मालपुरा, (निसं)।** डिग्गी थाना क्षेत्र के सीतारामपुरा गांव में जंगल में मवेशी चराने गया युवक कुएं से पानी निकाल मुंडेर पर पानी पीने के दौरान असंतुलित होकर कुएं में गिर गया इससे युवक की मौत हो गई।

डिग्गी थानाधिकारी सत्यनारायण चौधरी व ग्रामीणों से मिली जानकारी में सामने आया कि सीतारामपुरा गांव निवासी युवक हर्षित तिवाड़ी पुत्र बजरंग लाल तिवाड़ी अपने परिवारजनों के साथ उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिये जयपुर में रहकर तैयारी कर रहा था। दो दिन पूर्व परिवार में आयोजित कार्यक्रम मे शामिल होने के लिये सीतारामपुरा आया था। शनिवार की सवेरे मवेशी लेकर पानी पिलाने के लिये जंगल की और गया था। गांव के बाहर बने एक सार्वजनिक कुएं से पीने के लिये पानी निकाल मुंडेर पर पानी पीने के दौरान असंतुलित होकर कुएं में जा गिरा। युवक तैरना नहीं जानता था। ऐसे में कुएं में

- **दो दिन पूर्व परिवार में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने सीतारामपुरा आया था युवक**

गहरे पानी में डूबने से युवक की मौत हो गई। दोपहर तक भी घर नहीं लोटने पर परिजनों ने गहन तलाशी शुरू की लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। शनिवार की देर शाम ग्रामीण युवक को ढूंढते हुये कुएं के पास से गुजर रहे थे। जहां चप्पल पड़ी मिली। संदेह के आधार पर देखा तो एक शव तैर रहा था। सुचना पर पहुंची थाना पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग कर कुएं का पानी निकाल हर्षित तिवाडी के शव को बाहर निकाला। रविवार की सवेरे परिजनों की मौजूदगी मे पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि बीते कई सालों से यह कुंआ जलदाय विभाग द्वारा अपने बोरवेल व मोटर लगा पेयजल आपूर्ति के उपयोग में लिया जा रहा था। लालसोट व दौसा में खुले बोरवेल व कुंओं में हुये हादसों के बाद सरकार ने आदेश जारी कर प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देशित किया था कि खुले बोरवेल व कुंओं को चिन्हित कर तत्काल उन पर जाल लगा कवरर्ड किया जाये। सरकारी आदेशों के बावजूद सीतारामपुरा गांव में जलदाय विभाग के लापरवाह अधिकारी व कर्मचारियों के द्वारा कुएं पर किसी प्रकार का कोई सुरक्षा जाल नहीं लगाया गया। जिसका खामियाजा युवक हर्षित तिवाड़ी को अपनी मौत के रूप मे भुगतना पड़ा। जिससे ग्रामीणों में विभाग के प्रति गहरा आक्रोश व्याप्त है।

अधिकारियों की लापरवाही को लेकर जानकारी करने पर जलदाय विभाग के एक्सईएन संदीप बाटड ने बताया कि उक्त मामले में जांच कर त्वरित कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

# अजमेर की कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कलेक्टर व एसपी ने बैठक ली

**अजमेर, (कासं)।** जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए वीसी के माध्यम से जिला कलेक्टर लोक बंधु एवं पुलिस अधीक्षक वन्दिता राणा ने जिले के अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक निर्देश प्रदान किए।

जिला कलेक्टर लोक बंधु ने कहा कि अजमेर एक शांतिप्रिय स्थल है। इसमें आपसी सौहार्द बनाए रखना सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने निर्देश दिए कि जिले में हर परिस्थिति में कानून व्यवस्था बनी रहे। कानून एवं शान्ति व्यवस्था को बिगाड़ने वालों के विरूद्ध सख्ती के साथ विधिक कार्यवाही की जाएगी। इसके लिए समस्त प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी क्षेत्र की नियमित मॉनिटरिंग करेंगे। प्रतिदिन जिला पुलिस कंट्रोल रूम से घटनाओं एवं सोशल मीडिया की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। गृह विभाग के द्वारा जारी निर्देशों की पालना सुनिश्चित की जाए। आमजन को सुरक्षित वातावरण मिलना चाहिए। उन्होंने जिले की कानून एवं शान्ति व्यवस्था के संबंध में फीडबैक लिया। उन्होंने कहा कि पहलगाम में हुई आतंकी घटना किसी भी रूप में साम्प्रदायिक तनाव का रूप न लें, इसके



वीसी के माध्यम से जिला कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों की बैठक ली।

लिए सभी अधिकारी संवेदनशीलता से कार्य करें। उन्होंने सभी पुलिस थानों को नियमित सीएलजी और शान्ति समितियों की बैठक लेकर संदिग्ध व्यक्तियों, स्थानों, भ्रामक और साम्प्रदायिक तनाव भड़काने वाले व्यक्तियों की पहचान कर उन पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त उपखण्ड मजिस्ट्रेट, वृताधिकारी पुलिस, तहसीलदारों, थानाधिकारियों की वीसी के माध्यम से बैठक कर विशेष सतर्कता एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने बाबत् आवश्यक निर्देश प्रदान किए। उन्होंने निर्देश दिये कि पाकिस्तानी नागरिकों के वीजा के सम्बन्ध में भारत सरकार द्वारा जारी निर्देशों की पालना सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा सशस्त्र बलों के मूवमेन्ट व सुरक्षाबलों के ऑपरेशन्स की लाईव कवरेज नहीं करने के सम्बन्ध में जारी मीडिया एडवाईजरी की पालना की जाए। उन्होंने कहा कि अवैध बांग्लादेशियों के विरुद्ध अभियान जारी रखा जाए। विभिन्न स्थानों पर नाकाबंदी कर सुरक्षा जांच लगातार होनी चाहिए।

बैठक में पुलिस अधीक्षक वन्दिता राणा ने कहा कि जिले में शान्ति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन मुस्तैदी से कार्य करें। जिले में नाकाबंदी और पुलिस गश्त को और अधिक सशक्त बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महत्वपूर्ण स्थानों, मुख्य बाजार, पर्यटन स्थलों, धार्मिक स्थलों, हवाई-अड्डे, बस

- **'पहलगाम में हुई आतंकी घटना किसी भी रूप में साम्प्रदायिक तनाव का रूप न लें, इसके लिए सभी अधिकारी संवेदनशीलता से कार्य करें'**

स्टेण्ड, रेल्वे स्टेशन एवं संवेदनशील तथा भीड़भाड़ वाले अन्य स्थानों पर सतत् निगरानी रखी जाए। पर्याप्त पुलिस जाप्ता नियोजित किया जाए। जिले में अध्ययनरत कश्मीरी विद्यार्थियों की सुरक्षा के प्रति संवेदनशील रहने के निर्देश प्रदान किए। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर गजेन्द्र सिंह राठौड़ एवं ज्योति ककवानी तथा पुलिस विभाग के जिला मुख्यालय के अधिकारी उपस्थित रहे। उपखण्ड, ब्लॉक एवं थाना स्तरीय अधिकारी वीसी के माध्यम से जुड़े। वहीं जिला कलेक्टर लोक बन्धु एवं पुलिस अधीक्षक वन्दिता राणा ने अधिकारियों के साथ अभय कमाण्ड सेण्टर का निरीक्षण किया। सेण्टर की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया।

## संक्षिप्त

### 'साधना नहीं करने पर भोगने पड़ते हैं कष्ट'

**निवाई।** गंगा जमुना गार्डन में रविवार को तत्वदर्शी संत रामपाल महाराज के सान्निध्य में एक दिवसीय विशाल सत्संग आयोजित हुआ। जिसमें ऑनलाईन प्रवचनों में संत रामपाल महाराज ने बताया कि पवित्र शास्त्रों के अनुसार साधना नहीं करने पर जीव को कष्ट व दंड भोगने पड़ते हैं। सत्संग का उद्देश्य शास्त्रानुकूल भक्ति के माध्यम से समाज में शांति, भाईचारा और नैतिकता को बढ़ावा देना है। नशा, रिश्वतखोरी व दहेज जैसी कुरीतियों के खिलाफ संदेश देना है। श्रद्धालु ऋषिपाल ने बताया कि श्रद्धालुओं ने संत रामपाल महाराज के सानिध्य में आयोजित सैकड़ों दहेजमुक्त विवाहों की सराहना की एवं समाज सुधार में उनके योगदान को महत्वपूर्ण बताया।

### निगरानी बढ़ाने के दिये निर्देश

**कोटपूतली।** एडीजी (आवासन) राजस्थान पुलिस बिनीता ठाकुर शनिवार को कोटपूतली-बहरोड़ जिले के दौरे पर रही। इस दौरान एडीजी ने जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस अधिकारियों की बैठक ली। इससे पूर्व एडीजी के एसपी कार्यालय पहुँचने पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर देकर स्वागत किया गया। एडीजी ठाकुर ने हाल ही में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुये आतंकी हमले के मद्देनजर जिले की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर सख्त नजर रखने के निर्देश दिये। एडीजी ठाकुर ने अधिकारियों से जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिये सतर्कता बरतने व आमजन में सुरक्षा की भावना को मजबूत करने पर विशेष बल देने को कहा। बैठक में एएसपी वैभव शर्मा, डीएसपी राजेन्द्र बुरडक, एसएचओ राजेश शर्मा समेत अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

### रोड सेफ्टी नियमों की जानकारी दी

**निवाई।** ग्राम पंचायत राहोली के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय अम्बेडकर कॉलोनी में बच्चों को रोड सेफ्टी के नियमों की जानकारी दी। पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी डॉ.योगेन्द्रसिंह नरूका ने कहा कि कार्यक्रम में बच्चों को यातायात नियम, ट्रैफिक सिग्नल, टू व्हीलर पर चलते समय हेल्मेट का प्रयोग व फोर व्हीलर में चलते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करें। कार्यक्रम प्रभारी ललिता महावर ने बताया कि बच्चों ने रोड सेफ्टी विषय पर लघु नाटक का मंचन किया व आकर्षक पोस्टर बनाए। इस अवसर पर भंवरलाल बैरवा, प्रियंका माली, मोनिका वर्मा, दीपक बातम, प्रांत, यशवी, मनीषा, नीलम, चुटकी, आशीष, दिलखुश, गोरा, संस्कार, अजय, सीमा, दीपशिखा, शिवानी व निशान्त सहित कई छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

### फिल्म फूले का निःशुल्क प्रसारण आज

**कोटपूतली।** दलितों के मसीहा महात्मा ज्योतिबा फूले एवं देश की प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्री बाई फूले की जीवनी पर प्रकाशित हिन्दी फिल्म फूले विगत 25 अप्रैल को रिलीज हो चुकी है। जिसका सीधा प्रसारण सर्व समाज के लिये निःशुल्क कस्बे के पुलिस थाने के पीछे लाल कोठी में अशोका कोचिंग संस्थान के पास ईलिट फाऊण्डेशन कम्प्यूटर सैन्टर में सोमवार 28 अप्रैल को सायं 04 से 06 बजे तक किया जायेगा। सर्व समाज के लोग ज्यादा से ज्यादा संख्या में फूले फिल्म को देखे एवं फूले दम्पत्ति के जीवन-चरित्र, उनके विचारों से प्रेरणा लेकर समाज हित में कार्य कर समाज का उत्थान एवं निर्माण करने में सहयोग करें।

### जाट वाले बालाजी महाराज का विशाल मेला आज

**कोटपूतली।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पनियाला में जाट वाले बालाजी महाराज का विशाल मेला हर वर्ष की भांति सोमवार 28 अप्रैल को बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया जायेगा। इससे पूर्व रविवार 27 अप्रैल को रात्रि जागरण का आयोजन हुआ। सोमवार को मेला कमेटी द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम व भण्डारे का आयोजन भी किया जायेगा। जिसमें कलाकार इंद्राज म्हासी एण्ड पार्टी चिमनपुरा, लालचंद म्हासी एण्ड पार्टी नांगल लाखा एवं हास्य कलाकार पब्लिक लखेरा पहाड़ी द्वारा प्रस्तुती दी जायेगी। यह जानकारी महन्त गुरूजी कमल महाराज ने दी।

# सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारम्भ

**कोटपूतली।** कस्बे के लक्ष्मी नगर स्थित श्रीराम मंदिर में रविवार को सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारम्भ हुआ। इस मौके पर प्रातः 08 बजे यजमानों द्वारा पूजा पाठ किया गया। वहीं 751 महिलाओं द्वारा उपली कोठी से श्रीराम मंदिर तक विशाल कलश यात्रा निकाली गई। मंदिर अध्यक्ष रामविलास सिंघल ने बताया की कथा वाचक महाराज सुदामा दास वृंदावन वाले द्वारा अपनी दिव्य वाणी से

- 751 महिलाओं ने निकाली विशाल कलश यात्रा

प्रतिदिन दोपहर 02 से शाम 06 बजे तक कथा सुनाई जायेगी। कथा का समापन आगामी 03 मई को होगा एवं 04 मई को विशाल भण्डारे का आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर सामोद वाले 1008 प्रेमदास महाराज, 1008 महामंडलेश्वर जनार्दनदास महाराज, 1008 महामंडलेश्वर कालिदास महाराज रेवाड़ी वाले, मक्खन दास महाराज, सीताराम दास महाराज नागाजी की गौर, रामबचन दास महाराज लक्ष्मी नगर, रामदास महाराज कल्याणपुरा, पोकर दास महाराज, बंशी दास महाराज बागावास, गोपाल दास महाराज समेत अनेक साधु संत व युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव भीम पटेल, जगदीश मीणा, रोहिताश उपली कोठी, हीरालाल मिस्त्री, कमल जांगिड़, अनिल जांगिड़, पूर्व पार्षद भीखाराम सैनी, पूर्व सरपंच शंभूदयाल गर्ग, अरुण गर्ग, सुरेश, सुरेंद्र, रामनिवास सैनी, रामसिंह, दौलतराम सैन, वेदप्रकाश सैन, लक्ष्मीकांत कश्यप, हीरालाल कुमावत, सुरेश सैनी, ज्योति, ललित महात्मा, पप्पू, पप्पू प्रजापत, हुकमचंद आदि मौजूद रहे।



श्रीराम मंदिर में रविवार को सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारम्भ हुआ।

## अखिल भारतीय साहित्य परिषद की बैठक सम्पन्न

**टोंक।** रविवार को स्थानीय गीता मन्दिर में देशव्यापी संगठन अखिल भारतीय साहित्य परिषद की जिला स्तरीय बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें जयपुर प्रान्त के अध्यक्ष डॉ. औम प्रकाश भार्गव उपस्थित रहे तथा बैठक में भारतीय संस्कृति, साहित्य प्रसार और युवा भागीदारी के विषय पर व्यापक चर्चा हुई। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक चैतन्य प्रकाश एवं जिला प्रचारक लक्ष्मण सिंह के सानिध्य में बैठक में सर्व सम्मति से सदस्यता अभियान का जिला संयोजक सुरेश बुंदेल और सह जिला संयोजक डॉ. नरेश कुमार वर्मा को नियुक्त किया गया। शिक्षाविद चन्द्रशेखर मीणा ने बताया कि आगामी सप्ताह में स्कूली व कॉलेज छात्र- छात्राओं और लेखन में रुचि रखने वाले लोगों के लिए परिवार भाव, कुटुम्ब भाव विषय पर जिला स्तरीय कहानी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को राज्य स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त शीघ्र ही जिला कार्यकारिणी का गठन भी किया जाएगा। बैठक में कृष्ण गोपाल शर्मा, धोलू राम मीणा, दौलत पारीक, जसराम, प्रमोद, महावीर, अंशुल आदि उपस्थित रहे।

## संवेदनशील क्षेत्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की

**किशनगढ बास ।** पहलगांव में हाल ही में हुए आतंकी हमले के मद्देनज़र जिले में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने रविवार को एसपी मनीष चौधरी, एएसपी राजेंद्र निर्वाण के साथ किशनगढ़ बास क्षेत्र के संवेदनशील इलाकों का निरीक्षण किया व किशनगढ़बास थाना परिसर का भी दौरा कर सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा की।

जिला कलेक्टर ने इस दौरान पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी रखें और किसी भी प्रकार की अफवाह फैलने से पहले उसे रोकने के लिए तत्परता से कार्रवाई करें। उन्होंने शांति व्यवस्था बनाए रखने पर विशेष बल दिया और संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त निगरानी बढ़ाने के आदेश दिए। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशों के तहत किए गए इस निरीक्षण में क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया है। अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। कलेक्टर ने नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी भ्रामक सूचना पर ध्यान न दें और शांति एवं सद्भाव बनाए रखने में प्रशासन और पुलिस का सहयोग करें।

- कलेक्टर की आमजन से अपील भ्रामक प्रचार पर ध्यान नहीं देवें। शांति एवं सद्भाव बनाए रखने में करें सहयोग
- सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी रखने व संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए

# कलक्टर ने साफ-सफाई व्यवस्था बेहतर करने के दिये निर्देश

**कोटपूतली।** जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल ने शहर में सफाई व्यवस्था निगरानी प्रणाली अनुसार बेहतर करते हुये नियमित मॉनिटरिंग करने और जिम्मेदारों को पाबंद करने के संबंध में आयुक्त नगर परिषद कोटपूतली व बहरोड़ को निर्देशित किया है। उन्होंने नगर परिषद क्षेत्र कोटपूतली व बहरोड़ में साफ-सफाई एवं कचरा प्रबंधन की व्यवस्था पर असंतोष जाहिर करते हुये आदेश जारी कर निर्देशित किया कि निगरानी प्रणाली अनुसार सफाई व्यवस्था किया जाना सुनिश्चित करें। दैनिक निरीक्षण चेक लिस्ट सफाई पर्यवेक्षक सडकें और गलियों की सफाई की स्थिति, कचरा डिब्बों की स्थिति (खालीध्ओवरफ्लो), नालों और नालियों की सफाई, सार्वजनिक शौचालयों की स्थिति, सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति, कचरा संग्रहण वाहन का आगमन समय की मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें।

- समीक्षा रिपोर्ट एवं नागरिकों की भागीदारी से विकसित होगी शहरी क्षेत्र में प्रभावी सफाई प्रणाली रू- जिला कलक्टर
- जिला कलक्टर ने शहर में साफ-सफाई व्यवस्था निगरानी प्रणाली अनुसार बेहतर करने के दिये निर्देश

उन्होंने निर्देश दिये कि वार्ड स्तरीय निगरानी के लिये प्रत्येक दस वार्ड पर एक अधिकारी पर्यवेक्षण हेतु एवं प्रत्येक जोन में एक सफाई निरीक्षक नियुक्त किया जाये, जो दैनिकध्साप्ताहिक रिपोर्ट देंगे एवं औचक निरीक्षण करें एवं नागरिकों से प्रतिक्रिया प्राप्त करें। उन्होंने निर्देशित किया कि सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने हेतु तकनीकी उपयोग के माध्यम से सफाई निगरानी को स्मार्ट बनाने के लिये कचरा वाहनों में जीपीएस ट्रैकिंग, कचरा डिब्बों पर क्यूआर कोड लगाकर स्थिति अपडेट करें एवं मोबाईल ऐप के माध्यम से उपस्थिति, शिकायत और फोटो रिपोर्टिंग, सीसीटीवी कैमरे सार्वजनिक स्थानों पर निगरानी हेतु लगायें। उन्होंने आदेशित किया कि सफाई से पहले और बाद की तस्वीरें लेकर डिजिटल रिपोर्ट तैयार कर प्रस्तुत करें।

उन्होंने कहा कि सफाई व्यवस्था में नागरिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिये नागरिकों के लिये शिकायत निवारण ऐप या व्हाट्सएप नंबर एवं ष्स्वच्छता अभियानष में स्थानीय लोगो को जोड़ें, सुझाव और शिकायत पेटियां लगायें।

## टीम गौ सेवा के लिए लोगों को कर रही प्रेरित

**पावटा।** संकल्प हरियाली गौ सेवा समिति टीम पावटा द्वारा भामाशाओ को गौ सेवा के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी में रविवार वैशाखी अमावस्या को श्रीराम यादव द्वारा सुबह जयसिंहपुरा नदी व चौराहों सड़कों पर विचरण कर रहे निराश्रित गोवंश को हरी सब्जियां खिलाई गयी एवं गोसेवा की आमजन को प्रेरणा दी। संकल्प हरियाली गौ सेवा समिति टीम पावटा संयोजक नीरज सैन ने बताया कि भयंकर गर्मी के मौसम में हरी सब्जियां एवं पानी की व्यवस्था से गौवंश को राहत मिलेगी। मानव जीवन में पुण्य कार्यों से जीवन की कई बाधाओं से निजात पाई जा सकती है। मूक प्राणियों की सेवा के साथ सुरक्षा कर पुण्य कमाया जा सकता है। श्रीराम यादव ने बताया आज दुनिया में इंसान ही इंसान के बारे में नहीं सोचता, लेकिन संकल्प हरियाली गौ सेवा समिति टीम पावटा गरीबों पीड़ितों के लिए ही नहीं बल्कि बेसहारा घूम रही गायों के लिए भी निरंतर सेवा के लिए सक्रिय है।

# स्वामी विवेकानंद स्कूल का वार्षिक उत्सव उत्कर्ष का समापन

**कोटा,** (निसं)। महावीर नगर तृतीय स्थित स्वामी विवेकानंद उच्च माध्यमिक विद्यालय का वार्षिक उत्सव संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेशकृष्ण बिरला (अध्यक्ष, कोटा नागरिक सहकारी बैंक लि.) ने अपने उड़ान में बताया कि पहली बार ऐसा विद्यालय देखा है जिसमें आधुनिक शिक्षा के साथ संस्कार भी दिए जाते हैं कोटा शहर के मध्य में स्थित स्वामी विवेकानंद स्कूल के बालकों ने बहुत अच्छी प्रस्तुति दी जिन्होंने मेरा मन मोह लिया।

उन्होंने अपने उद्बोधन में सभी छात्र-छात्राओं से आग्रह किया कि बड़े होकर अपने समाज, देश और माता-पिता का नाम रोशन करें। बिरला ने विद्यालय में तकनीकी स्तर पर सबल बनने हेतु स्मार्ट बोर्ड पैनल लगाने के लिये सवा लाख रुपए की घोषणा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ.आशुतोष शर्मा (अधीक्षक नवीन चिकित्सालय मेडिकल कॉलेज परिसर कोटा) ने सभी छात्र-छात्राओं को अध्यक्ष से आशीर्वचन प्रदान किया साथ ही अपनी ओर से 21000 विद्यालय सहयोग में देने की घोषणा की। वहीं कार्यक्रम के मुख्य वक्ता मानेंग पटेल (सचिव, विद्या भारती चित्तौड़ प्रान्त) ने अपने उद्बोधन में बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति की अवधारणा विद्यालय में पूर्व में ही लागू है जिसमें पांच आधारभूत विषय से पढ़ ाई कराई जाती है। जिसमें शारीरिक, योग, संगीत, संस्कृत, नैतिक एवं आध्यात्मिक शिक्षा शामिल है और संयोग से जिसका चित्रण प्रत्यक्ष रूप से इस वार्षिक उत्सव में देखने को मिल रहा है। विद्यालय के प्रधानाचार्य महेश शर्मा ने प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि विद्यालय तकनीक रूप से चार स्मार्ट बोर्ड, 40 कंप्यूटर नेट युक्त, के माध्यम से नवीन तकनीक से बच्चों को पढ़ ा रहे हैं जिसके कारण से बोर्ड कक्षाओं का परिणाम श्रेष्ठ रहता है साथ ही बौद्धिक प्रतियोगिताएं, विज्ञान प्रतियोगिताएं तथा खेल प्रतियोगिताओं में बच्चों ने क्षेत्र और अखिल भारतीय स्तर पर 6 छात्र-छात्राओं ने तथा दो छात्रों ने एसजीएफआई खेलों में भाग लिया।

साथ ही गत वर्ष 2024 की बोर्ड परीक्षाओं में 16 छात्र छात्राओं ने 90 प्रतिशत से ऊपर अंक हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ ाया। कार्यक्रम का प्रारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर प्रारंभ हुआ उसके पश्चात मां सरस्वती की वंदना हुई। फिर शारीरिक प्रदर्शन किया गया वहीं छोटे-छोटे बच्चों ने डबल योग, हनुमान चालीसा पर नृत्य नाटिका नैतिक आध्यात्मिक पर नाटक तथा अंग्रेजी में लकड़हारे की कुल्हाड़ी वाला नाटक, नन्हे- मुन्ने बच्चों की विभिन्न प्रकार के जंगली जीवों पर कार्यक्रम, विभिन्न भाषाओं की पैरोडी बनाकर उसपर शानदार नृत्य प्रस्तुत किया। मंच का परिचय नीता गौतम ने कराया तथा संचालन दीपिका गौतम और सोनम शर्मा द्वारा किया गया।

## 1008 किशनदास जी महाराज का विशाल मेला व भंडारा सम्पन्न

**ममोहरपुर।** 1008 दाऊ जी महाराज,श्रीजी महाराज, 1008 महात्मा किशनदास जी महाराज का विशाल मेला लगा जिसमे भक्तों ने भंडारे में जीमन किया व इसके बाद में महाराज के मत्था टेक कर सुख शांति और समृद्धि की दुआए की छारसा ग्राम में ग्राम वासियो के द्वारा शर्बत व ठंडे पानी की स्टाल लगाकर मेलार्थियों को ठंडा पानी व ठंडा शर्बत पिलाया स्वागत किया मेले में बच्चे खोने व मिलने की आवाज आती रही, डोलर झूले जम्पिंग झूले चकरी झूले छोटे झूलो आदि में मेलार्थी झूलकर साथ मे कुल्फी खाते हुए मेले का आनन्द ले रहे थे इधर खिजुर की ठंडी छाव तले मेले में आए हुई ग्रामीण महिला व पुरुष एक दूजे से गले मिलकर एक दूजे के हाल चाल पूछ रहे है! वही कई लोग आपसी रिश्तेदारियों की भी वार्तालाब की! इसके बाद लड़की वाले लड़के को देखे और लड़के वाले लड़की को देखे! कुछ ग्रामीण घरेलू सामान खरीदते हुए दिखाई दिए।

# यूपीएससी में 367वीं रैंक लाने पर प्रागपुरा जनप्रतिनिधियों ने प्रज्ञा सैना का किया स्वागत

**पावटा।** दिल्ली जयपुर राजमार्ग स्थित प्रागपुरा कस्बे में रविवार को भारतीय सिविल सेवा परीक्षा 2024 में 367वीं रैंक हांसिल कर चयनित होने वाली शाहपुरा कस्बे के डाबर मोहल्ला निवासी मुकेश सैनी की होनहार बेटी प्रज्ञा सैनी का पूर्व सरपंच कैलाश चंद सैनी (बिड़ला) व पावटा ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री अजय सैनी के नेतृत्व में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों द्वारा स्वागत सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान बेटी प्रज्ञा का माला व साफा पहनाकर स्वागत व अभिनंदन किया गया।

अजय सैनी ने बताया कि प्रज्ञा सैनी के पिता मुकेश सैनी इलेक्ट्रिकल की दुकान करते है और माता ग्रहणी हैं। मुकेश सैनी के 2 बेटे और 2 बेटियां है, जिनमे प्रज्ञा सैनी सबसे बड़ी हैं। प्रज्ञा सैनी ने इस सफलता के लिए कड़ी मेहनत की और आखिर 5वें प्रयास में सफलता मिली। 3 बार इंटरव्यू और 4 बार मेंस दिया है, उसके बाद सफलता हासिल हुई है। अजय सैनी ने बताया कि शाहपुरा की रहने वाली प्रज्ञा का 367वां रैंक आया है। प्रज्ञा सैनी अभी खेल मंत्रालय में सहायक निदेशक व खेलो इंडिया राजस्थान प्रभारी के रूप में कार्य कर रही थी, लेकिन जब से वह यूपीएससी परीक्षा में सफलता हासिल की है तब से उन्हें बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। परीक्षा पास कर अपनी मौसी के घर प्रागपुरा पहुंचने पर जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया।

वही स्वागत कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में लोग उनको बधाई देने के लिए पहुंचे। प्रागपुरा पहुंचने पर ग्रामीणों में खुशी का माहौल देखा गया। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने ढोल नगाड़ों के साथ बेटी का स्वागत किया। इसके बाद वह प्रागपुरा स्थित अपनी मौसी के घर पर पहुंचीं। यहां पर उनकी मौसी पूर्व सरपंच मामली देवी व मौसाजी पूर्व उप सरपंच कैलाश चंद सैनी ने दही खिलाकर और तिलकर लगाकर स्वागत किया। यहां पर मोहल्ले के बड़ी संख्या में लोग जुटे रहे। इस दौरान प्रज्ञा सैनी ने कहा कि विश्वास नहीं था कि इतनी बड़ी सफलता मिलेगी। कड़ी मेहनत और उचित मार्गदर्शन से यह मुकाम हासिल हुआ है। उन्होंने इसके पीछे अपने माता-पिता और भाई बहनों का योगदान बताया। प्रज्ञा ने बताया कि मेहनत कभी जाया नहीं जाती है। आज उन लड़कियों से भी कहना चाहती हूं कि आप खूब पढ़ो, खूब बढ़ो। वही प्रज्ञा ने कहा कि इस मुकाम तक पहुंचाने में मेरे माता पिता का बहुत बड़ा योगदान है। वहीं पूर्व विधायक इंद्राज गुर्जर ने कहा कि प्रज्ञा बहिन ने न केवल अपने परिजनों, बल्कि पूरे क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है।



प्रज्ञा सैनी कास्वागत सम्मान समारोह आयोजित किया ।

- मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप पूरी ईमानदारी एवं तन्मयता से कार्य करते हुए जनता की सेवा करेंगे और देश-प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे - इंद्राज गुर्जर

## सार-समाचार

### कार्यकर्ताओं ने सुना प्रधानमंत्री द्वारा आयोजित कार्यक्रम मन की बात

**टोंक।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 121 वे एपिसोड को भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जनसेवा संवाद केंद्र, भारतीय जनता पार्टी टोंक में सुना। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर पहलगाम हमले को अंजाम देने वाले आतंकियों को कड़ी सजा देने की बात दोहराई। पीएम मोदी ने कहा कि पूरा देश पहलगांव में हुए आतंकी हमले की तस्वीरें देखकर दुखी है, हर भारतीय का खून खौल रहा है, पूरा विश्व इस लड़ाई में हमारे साथ खड़ा है, पीड़ित परिवारों को भरोसा देता हूं कि उन्हें न्याय मिलेगा। साजिश रचने वालों को कठोर सजा मिलेगी। मोदी ने मन की बात में सचेत ऐप का भी जिक्र किया, उन्होंने कहा कि यह ऐप आपको प्राकृतिक आपदा में फंसने से बचाने में मदद कर सकता है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चोहान, विष्णु शर्मा, प्रभु बाडोलिया, नंदलाल, प्रधान कावरा, राजेश शर्मा, नीलिमा आमेरा, कमलेश यादव, लोकेश गुप्ता, अंजलि गुप्ता,पंकज पहाड़िया, जूली शर्मा, राहुल शर्मा, ममता शर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### राजगढ़ में 30 अप्रैल को भगवान परशुराम शोभायात्रा स्थगित

**राजगढ़।** कस्बे में ब्राह्मण समाज की ओर से 30 अप्रैल को आयोजित होने वाली भगवान परशुराम शोभायात्रा स्थगित रहेगी। ब्राह्मण समाज के सचिव मनोज जैमन ने बताया कि राजेश शर्मा ठेकेदार की अध्यक्षता में ब्राह्मण समाज की बैठक में समाज के महत्वपूर्ण किरदार मदन लाल शर्मा के निधन पर श्रद्धांजलि दी। उनकी आत्म शांति के लिए मौन रखा गया। बैठक में वक्ताओ ने मदन लाल शर्मा की और से ब्राह्मण समाज की मजबूती के लिए किए गए प्रयास एवं आयोजनों में सार्थक योगदान को अविस्मरणीय इसके पश्चात बैठक में 30 अप्रैल को आयोजित होने वाली परशुराम शोभायात्रा के बारे में चर्चा की गई,सभी की सहमति से शोभायात्रा को स्थगित किया गया। उसी दिन सुबह 8.15 बजे भगवान परशुराम की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का समापन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में अशोक पालीवाल, दिनेश शास्त्री, प्रदीप शर्मा, सुर्वेश्वर दयाल शर्मा, विवेक दीक्षित संजय शर्मा मुकेश जैमन, विपिन भारद्वाज, राकेश शर्मा, मोनू शर्मा, कपिल जैमन, राकेश शर्मा मिथलेश जैमन, कृपा शर्मा संतोष गौड़, उर्मिला शर्मा, किरण शर्मा व काफ़ी संख्या में विप्रजन मौजूद रहे।

### शिक्षा विजयवर्गीय बनी वरिष्ठ उपाध्यक्ष

**टोंक।** अखिल भारतीय विजयवर्गीय (वैश्य) महासभा की समाज सेवी शिक्षा विजयवर्गीय सोनवा को महिला कार्यकारिणी में वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं प्रदेश प्रभारी बनने पर विजयवर्गीय समाज बन्धुओं मे खुशी जाहिर करते हुए बधाई दी तथा वरिष्ठ नेतृत्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश विजयवर्गीय एवं महिला संयोजिका पारूल विजयवर्गीय को उसके लिए धन्यवाद दिया। इस मौके पर महासभा के शिव प्रकाश विजयवर्गीय, महामंत्री राजेन्द्र विजयवर्गीय, टोंक प्रदेश संयोजक हेमराज विजयवर्गीय, राम-लक्ष्मण, निर्मल, रामोअवतार, नवल विजयवर्गीय इत्यादि ने शिक्षा विजयवर्गीय के निज निवास पर पहुंचकर गुलदस्ता भेंट कर शुभकामनाएं दी।

### ब्लड प्रोटोजोआ नामक बीमारी से सैकड़ो गोवंशों की मौत

**बौंली- बामनवास।** सवाई माधोपुर जिले की गौशालाओं में अप्रैल माह से ब्लड प्रोटोजोआ नामक बीमारी फैल रही है इस कारण प्रतिदिन 5 से 6 गोवंश की मौत हो रही है। गौ सेवा समिति के जिला अध्यक्ष गोविंद नारायण शर्मा ने बताया कि अप्रैल माह में प्रदेश की गौशालाओं में करीब 250 से अधिक गोवंशों की इस बीमारी के कारण मौत हो चुकी है, कोटा नगर निगम गौशाला में 18 दिन के अंदर ही करीब ढाई सौ गोवंशों की ब्लड प्रोटोजोआ के प्रकोप के कारण मौत हो चुकी है। पशुपालन विभाग के डिप्टी डायरेक्टर ने बताया कि सूचना पर पशु चिकित्सालय की टीम ने आकर गोवंशों के रेडियम सैंपल लिए थे, जिसकी रिपोर्ट में इन गोवंशों में ब्लड प्रोटोजोआ नामक बीमारी की पुष्टि हुई है, यह बीमारी गाय में चिचडो के कारण होती है, इस बीमारी के इलाज और रोकथाम के लिए जो दवा चाहिए उसके लिए प्रदेश को लिखित में भेज दिया गया है, इस बीमारी के होने के बाद गोवंश एक या दो दिन से ज्यादा जीवित नहीं रह पाते हैं प्रदेश की गौशालाओं में गोवंशों की मृत्यु दर अचानक बड़ी है इसके लिए पशु चिकित्सकों की मदद ली जा रही है ।

### बाला पीर बाबा का एक दिवसीय वार्षिक मेला सम्पन्न

**मनोहरपुर ।** निकटवर्ती ग्राम खोजावाला के रेतीले टीलो में विराजमान हिंदू मुस्लिम एकता के प्रतिक हजरत बाला पीर बाबा रहमतुल्लाह आलेह का एक दिवसीय वार्षिक मेला हर्षोल्लास के साथ में संपन्न हुआ !अदरगाह के ख़ादिम अब्दुल राशिद शाह व असगर शाह ने बताया कि मेले की शुरुआत झंडे की रस्म के साथ में हुई इसी के साथ में रंग बिरंगे परिधानों में सज संवरकर विभिन्न वाहनों में सवार होकर बाबा के गीत गाते हुए जायरीनों का आना शुरू हुआ, जायरिनों ने बाबा के प्रसाद फूल अगरबत्तियां व इत्र पेश करके अपने हक में दुआएं की प्रसाद को जायरिनों में वितरण किया गया !

### हजरत हसन पीर चिश्ती का सालाना मेला कूल की रस्म के साथ सम्पन्न

**मनोहरपुर।** जमवारामगढ़ क्षेत्र के आंधी ग्राम की पहाड़ी पर विराजमान हिन्दू मुस्लिम एकता के प्रतीक हजरत हसन पीर चिश्ती रहमतुल्लाह आलेह का सालाना मेला कूल की रस्म के साथ मे विधिवत सम्पन्न हुआ! इस दौरान अस्ताना मुकद्दस पर भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला महामंत्री जमील खान खोखर ने चादर पेश कर अमन चैन की दुआएं मांगी! चादर में सभी कार्यकर्ताओं ने शिरकत की! भाजपा जिला महामंत्री जमील खान खोखर के साथ निजाम खान, रजाक खान, जाहिद खान खोकर, हसन खान, राशिद खान, असलम खान, मोबीन खान, सलीम खान, अयान खान व मुस्तफा खान सभी कार्यकर्ता उपस्थित थे! बाबा के आस्ताने पर चादर व फूल पेश कर फातिहा पढ़ी इसके बाद में देश के लिए अमन चैन और भाईचारा की दुआ की! भाजपा जिला महामंत्री जमील खान खोखर ने कहा के वालियों के दरबार से कोई भी मायूस होकर नहीं लौटता वलियों में वह तासीर देखी है बदलते हुए हजारों की तकदीर देखी है! इस अवसर पर दरगाह खादिम इकराम शाह साजिद शाह एजाज शाह सभी खादिमों ने मिलकर भाजपा जिला महामंत्री जमील खान खोकर की दस्तारबंदी करके उनके साथ वालों का इस्तकबाल किया! जायरिनों ने विभिन प्रकार की कुल्फियो व शर्बतो का आनन्द लिया, इसी के साथ मे ड्रेगन झूला चकरी झूला छोटे व बड़े झूलो का आनन्द लिया

### जिला कार्यकारिणी के चुनाव सम्पन्न

**कोटपूतली।** स्थानीय नगर परिषद पार्क में रविवार को राजस्थान शिक्षक संघ (अम्बेडकर) जिला कोटपूतली-बहरोड़ कार्यकारिणी के चुनाव सम्पन्न हुये। इस दौरान कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी निर्विरोध चुने गये। चुनाव के लिये प्रदेश उपाध्यक्ष गंगाराम नोगिया व प्रदेश कोषाध्यक्ष नन्द किशोर पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित रहे। चुनाव अधिकारी पूर्व सीबीईओ सुभाष चंद शर्मा एवं पूर्व रेंजर हीरालाल आर्य की देखरेख में कार्यकारिणी का गठन कर शपथ दिलाई गई। जिला कार्यकारिणी में सर्वसम्मति से जिलाध्यक्ष श्रीराम लहकरा, सभाध्यक्ष चितरंजन योगी, उप सभाध्यक्ष दीपक कुमार टेलर, संरक्षक सुभाष चंद शर्मा, कोषाध्यक्ष रूपचंद सैनी, मंत्री चिरंजीलाल आर्य, महिला संगठन मंत्री मंजीत कुमारी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिवराम, उपाध्यक्ष जगदीश प्रसाद बलाई, सयुंक्त मंत्री पूरणमल गोठवाल, महिला मंत्री सरिता यादव, वरिष्ठ संगठन मंत्री जगदीश प्रसाद रैगर, संगठन मंत्री शिवलाल को चुना गया।

### पानी के परिन्डे लगाये

**कोटपूतली।** अग्रवाल सेवा समिति रघुनाथपुरा के तत्वाधान में हर वर्ष की भांति रविवार को बेजुबान पक्षियों के लिये पानी के 11 परिन्डे लगाये गये। समिति अध्यक्ष एड. दिनेश कुमार अग्रवाल ने बताया कि भीषण गर्मी के मौसम को देखते हुये बेजुबान पक्षियों के लिये पानी के परिन्डे लगाकर उनमें नियमित रूप से पानी भरने का संकल्प लिया गया। इस दौरान उपाध्यक्ष एड. विकास अग्रवाल, वरिष्ठ सदस्य शुभम मंगल, देव यादव, जीतू यादव, रवि जांगिड़ समेत अन्य मौजूद रहे।

## संक्षिप्त

### दिनेश विजय बने प्रवक्ता

**मालपुरा।** भारत विकास परिषद शाखा मालपुरा के प्रथम बैठक गोशाला परिसर मे ज्ञानचन्द जैन की अध्यक्षता मे आयोजित हुई। बैठक मे मौजूद परिषद के सचिव रामजीलाल बैरवा ने परिषद का आगमी ऐजेन्डा एवं कार्ययोजना से अवगत करवाया। मौजूद सदस्यो ने दिनेश विजय को सर्वसम्मति से परिषद प्रवक्ता मनोनीत किया। बैठक मे मौजूद संरक्षक एडवोकेट राजकुमार जैन,त्रिलोक विजय,डॉ. संजय चौधरी,डॉ. राजकुमार गुप्ता,सत्यनारायण सोनी,रामजीलाल शर्मा, कृष्णगोपाल शर्मा,अरविन्द टेलर, नन्दकिशोर लक्षकार,कपिल शर्मा, सुभाष सोनी आदि ने विजय को बधाई दी। सभी परिषद सदस्यो ने पहलगाम के आतंकी हमले मे मारे गये लोगो को श्रद्धाजंली दी।

### अधिकाधिक सदस्यों को शिक्षक संघ से जोड़े

**देवली** । राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) उप शाखा,देवली के समस्त प्रदेश जिला एवं उप शाखा कार्यकारिणी पदाधिकारियों,संकुल संयोजक, सह संयोजकों की बैठक अजीम प्रेमजी फाउंडेशन परिसर देवली में आयोजित की गई। मंत्री भँवर लाल वैष्णव ने बताया की सदस्यता अभियान को लेकर चर्चा की गई एवं संकुल संयोजकों को रसीद बुक का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रभारी जिला महिला संगठन मंत्री संगीता सिंह, मंडल संयुक्त मंत्री श्री सुरेंद्र कुमार नामा, प्रधानाचार्य प्रतिनिधि श्री चंद्र प्रकाश माहेश्वरी, अति. जिला मंत्री भगत सिंह मीणा, अध्यक्ष द्वारका प्रसाद मेघवंशी, सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### पुलिस और प्रशासन मुस्तैद

**श्रीमाधोपुर।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद राज्य सरकार के निर्देशानुसार प्रशासन अलर्ट मोड पर आ गया है। उच्च- अधिकारियों के निर्देश के बाद रविवार को एसडीएम अनिल कुमार ने त्वरित बैठक आयोजित की।बैठक में सामाजिक संगठनों, राजनेताओं और प्रबुद्धजनों से संवाद कर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। एसडीएम अनिल कुमार ने सोशल मीडिया पर भड़काऊ टिप्पणियों से बचने की अपील की और कहा कि कोई भी ऐसी पोस्ट न करें जिससे सामाजिक माहौल बिगड़े।कानून व्यवस्था बनाए रखने और प्रशासन का सहयोग करने का भी आव्हान किया गया।

### पक्षियों के लिए लगाए परिंडे

**राजगढ़।** वैश्य महिला समिति ने रश्मि के गोल मार्केट एवं नसिया जी मंदिर में पक्षियों के लिए परिंडे लगाए। इस अवसर पर समिति की पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने नियमित रूप से पानी भरने का संकल्प लिया। इस अवसर पर कमलेश गुप्ता, मीना खंडेलवाल, रेनू जैन, मोना विजय, नमिता गुप्ता, प्रीति गुप्ता, रेखा रानी गुप्ता, सुषमा गोयल, चंद्रकांता विजय, ममता गुप्ता, अनीता एवं अन्य सदस्य मौजूद रही।

### शूटिंग प्रतियोगिता आयोजन

**श्रीमाधोपुर** ।अजमेर में आयोजित सम्राट् पृथ्वीराज चौहान मेमोरियल ओपन शूटिंग प्रतियोगिता में श्याम स्पोर्ट शूटिंग एकडेमी के शूटरों ने किया शानदार प्रदर्शन कोच मनजीत गुर्जर ने बताया देविक चौधरी,प्रिन्स सैनी,अंश शर्मा , लक्ष्य शेखावत,कर्मवीर शेखावत,दिव्यांश चौधरी नें लिया गोल्ड मेडल व रचित सैनी,अन्नत सैनी,राज सैनी,विकास सैनी,रोबिन नरुका,संजय चौधरी ,यश राज अटल,आयुष यादव,यशपाल सिंह ने साधा सिल्वर पदक पर निशाना और डीप कैटेगरी में सोमेंद्र सिंह शेखावत ने लगाया गोल्ड व अमीचन्द जो मास्टर कैटगरी में सिल्वर मेडल लिया

### युडी एच मंत्री ने किया सम्मान

**श्रीमाधोपुर।** गौ माता के लाडले व पेड़ पौधों के रखवाले राजु बागवान को युडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने सम्मान कर आशीर्वाद दिया। गौमाता की सेवा में 24 घंटे हाजिर रहने वाले राजू बागवान का यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा के द्वारा सम्मान करते जय गौ माता, हमेशा सेवा में मानव की सेवा , पेड़ पौधों, जानवरों की पानी की व्यवस्था, पशुओं, पक्षियों के दाना पानी की व्यवस्था किसी का शोषण हो रहा है उसकी हक की बात करना हमेशा तैयार रहते हैं ऐसे लाडले का सम्मान हकदार है

# पंछियों को गर्मी से बचाने के लिए 'परिंडा लगाओ परिंदा बचाओ' अभियान का शुभारंभ

**पावटा।** टीलाजी धाम खेलना परिसर में माता सुंदरी देवी सर्व समाज उत्थान समिति पावटा द्वारा परिंडा लगाओ, परिंदा बचाओ अभियान का शुभारंभ श्री श्री 108 रघुनाथ दास महाराज टोरडा धाम के कर कमलों द्वारा शिक्षाविद हरि सिंह शेखावत की अध्यक्षता व जिलाध्यक्ष भाजपा जयपुर देहात सुरेश सैनी के मुख्य आतिथ्य एवं पावटा बालाजी मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र राठी, माली/ सैनी महासभा पंचायत संस्था तहसील पावटा अध्यक्ष श्रीराम सिंह सैनी पटेल, रमेश चंद टीलावत, ठाकुर जी धाम खेलना पुजारी पंडित द्वारकेश मिश्र, पूर्व शिक्षा उपनिदेशक देवी सहाय सैनी, भाजपा नेता बद्री प्रसाद चौहान के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया।



माता सुंदरी देवी सर्व समाज उत्थान समिति पावटा ने परिंडा लगाओ, परिंदा बचाओ अभियान का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर एमएसडी एनजीओ अध्यक्ष मोहन लाल सैनी ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया तथा एनजीओ का उद्देश्य एवं थीम के बारे में विस्तार से बताया व कहा कि यह अभियान क्षेत्र के भामाशाह एवं दानदाताओं के सहयोग से चलाया जा रहा है। पक्षी और प्रकृति हमारे जीवन के अभिन्न अंग है। प्रकृति स्वस्थ्य है तो हम स्वस्थ्य है। श्री श्री 108 रघुनाथ दास महाराज टोरडा धाम ने कहा कि माता सुंदरी देवी सर्व समाज उत्थान समिति पावटा

द्वारा बेजुबान पंछियों को गर्मी से बचाने के लिए परिंडा लगाओ, परिंदा बचाओ अभियान सराहनीय है। पक्षियों को बचाना हम सभी का फर्ज है। ठाकुर जी धाम खेलना पुजारी पंडित द्वारकेश मिश्र ने बताया पक्षियों को पानी की तलाश में इधर उधर भटकना ना पड़े। इस उद्देश्य को लेकर अभियान चलाया जा रहा है संस्था की ओर से आमजन को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरुक करने का संदेश भी दे रहे है।

■ पक्षियों को बचाना हम सभी का फर्ज - रघुनाथ दास महाराज

जिलाध्यक्ष भाजपा जयपुर देहात सुरेश सैनी ने बताया कि परिंदों के लिए परिंडे लगाओ अभियान के अंतर्गत शहर के मुख्य चौराहे,धार्मिक स्थलों पर पक्षियों के लिए परिंडे बांधकर उनमें रोजाना पानी भरने का संकल्प लिया जाएगा। ठाकुर जी धाम खेलना पुजारी पंडित द्वारकेश मिश्र ने बताया कि वो हाथ सदा पवित्र होते हैं जो प्रार्थना से ज्यादा सेवा के लिए उठे।

माता सुंदरी देवी सर्व समाज उत्थान समिति पावटा की इस मुहिम से मैं गदगद हूं। पक्षियों के लिए पानी भरने के लिए सकोरे लगाने से बड़ा पुण्य का काम दूसरा नहीं हो सकता। मूक प्राणियों की सेवा करना ही हमारी संस्कृति है। कार्यक्रम का संचालन शिक्षाविद गजानंद टीलावत ने किया। कार्यक्रम में फौजी जगदीश प्रसाद सेन, युवा नेता वेद प्रकाश बाकोलिया, समाजसेवी विष्णु टीलावत, मालीराम कुमावत, राजेंद्र टीलावत, शिवकुमार टीलावत, सवाई सिंह मीणा तथा एनजीओ के सदस्य एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## बकाया वेतन भुगतान की मांग को लेकर धरना जारी

**कोटा, (निसं)।** जहां शहर में एक तरफ भीषण गर्मी के तीखे तेवर जारी है वही 69 दिन से जिला कलेक्ट्री के बाहर धरना देकर बैठे मजदूर भीषण गर्मी के तेवर के बीच बकाया वेतन भुगतान के लिये संघर्ष कर रहे है।लम्बे समय से चल रहे जे.के.मजदूरों के संघर्ष ओर कानूनी लड़ाई को सही मानते हुए सुप्रीम कोर्ट ने मजदूरों के पक्ष मे 2023 मे सरकार को आदेश जारी कर बकाया वेतन भुगतान कराने ओर फैक्ट्री को वापस चालू करने को कहा गया परन्तु अभी तक सुप्रीम कोर्ट के आदेश कि पालना नहीं हुई इसलिए मजबूर होकर जेके फैक्ट्री के मजदूरों का बकाया वेतन भुगतान करवाने ओर सुप्रीम कोर्ट के आदेश को लागू करने कि मांग को लेकर मजदूरों को धरना देना पड़ रहा है।

मजदूरों के धरने को 69 दिन हो चुके लेकिन सरकार कि तरफ से अभी तक कोई भी प्रशासनिक अधिकारी मजदूरों से वार्ता करने नहीं आया। मजदूर

■ एक मई मजदूर दिवस पर ज्यादा से ज्यादा श्रमिको से जुड़ने अपील की

नेता हबीब खान नरेंद्रसिंह ने कहा 1 मई को अंतराष्ट्रीय मजदूर दिवस है जिसे मई दिवस के नाम से जाता है इस दिन 1886 मे अमेरिका के शिकागो शहर मे मजदूरों ने पूंजीवादी शोषण ओर काम के घंटे निर्धारित किये जाने, यूनियन बनाने के अधिकार ओर तमाम मजदूर अधिकारों को लेकर ऐतिहासिक हड़ताल की थी। धरने को सम्बोधित करते हुए महिला नेता पुष्पा खींची, कालीचरण सोनी,अली मोहम्मद, ने धरने पर उपस्थित महिला मजदूरों ओर सीटू कार्यकर्ताओ ओर जेके मजदूरो से 1 मई को ज्यादा से ज्यादा संख्या मे धरना पर आने और मजदूर दिवस को धूमधाम से एकजुटता से बनाने की अपील की गई।

## धूमधाम से भरा धोला महाराज का मेला

**कोटपूतली।** कस्बे निकटवर्ती ग्राम राजनौता में रविवार अमावस्या को धोला महाराज का 35 वाँ विशाल मेला बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ आयोजित हुआ। वहीं विशाल कुश्ती दंगल का आयोजन भी हुआ। जिसमें कामड़े की कुश्ती 11 हजार रूपये की सचिन जमालपुर व संदीप पहलवान सुंदरपुरा के बीच हुई। जिसमें सचिन जमालपुर विजेता रहे। इस मौके पर चौयरमेन गजराज सिंह, एड. बदलूराम जाट, मालचंद मीणा, जगदीश खेमजी, मोहन लाल सैनी, जवाहर लाल सैनी, राधेश्याम जोगी, सीताराम सैनी, सरपंच प्रतिनिधि दीपचंद धानका, संजय सैनी, मूलसिंह शेखावत, दशरथ सिंह, मालीराम मीणा, रामेश्वर सैनी, लालाराम बागड़ी, दौलत मीणा, सत्यवीर सिंह, अखिलेश यादव, सीताराम सैनी, गुलझारी सैनी, खेमचंद जाट, ताराचंद सैनी, मदन सैनी सहित हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## चमत्कारेश्वर महादेव का दसवाँ पाटोत्सव मनाया

**श्रीमाधोपुर** । कस्बे के निकटवर्ती ग्राम मऊ में चुलेटो के मोहल्ले में स्थित चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर का आज दसवाँ पाटोत्सव धूमधाम से मनाया गया।ग्रामवासी राहुल चूलेट ने बताया की पंडित सांवर मल शर्मा व महेश चूलेट के सानिध्य में भगवान शिव का अभिषेक किया गया।

धार्मिक रीति-रिवाज, पूजा-पाठ एवं मंत्रोच्चार के साथ पाटोत्सव का आयोजन हुआ।राकेश शर्मा के नेतृत्व में कावड़िये संघ द्वारा चमत्कारेश्वर महादेव का दुग्धाभिषेक किया गया। नवीन पोशाक धारण कराई जाएगी। नवीन ध्वजा फहराई गई।

इस मौके पर मंदिर परिसर में विशेष सजावट की गई। गिरधारी शर्मा ने बताया कि दुग्ध अभिषेक के बाद खीर-चूरमा व बूंदी लड्डू का भोग लगाकर महा आरतीकी गई। साथ ही हनुमान मंदिर में भोग लगाकर जोत ली गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या

■ चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर का आज दसवाँ पाटोत्सव धूमधाम से मनाया व भगवान शिव का अभिषेक किया

में भक्तों ने भोलेनाथ के दर्शन किए। इस दौरान महिलाओं द्वारा भजन व मंगल-गीत गाए गए। पाटोत्सव में सभी समाज के लोग शामिल हुए। इस अवसर पर ओमप्रकाश पटवारी, सीताराम चूलेट, मोहन लाल, श्याम शरण पटवारी, रमेश जांगिड़, सत्यनारायण, विनोद कुमार, रतन चूलेट, गोकुल, योगेश कुमार, सुरेश, विक्की शर्मा, अक्षय शर्मा, राहुल, विवेक, विशाल, पंकज, विजय, नीरज, नितिन, हिमांशु शर्मा सहित समस्त मोहल्लेवासी मौजूद थे।

## 'किसी भी प्रकार की गलत सूचना व भड़काने वाली जानकारी शेयर न करें'

**पावटा।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद प्रागपुरा पुलिस थाने में रविवार शाम को सीएलजी बैठक आयोजित की गई। बैठक में पावटा उपखंड अधिकारी कपिल कुमार उपाध्याय ने कहा कि हमें किसी भी अफवाह में नहीं आना है। प्रशासन सोशल मीडिया पर नजर रखे हुए है। इसलिए किसी भी प्रकार की गलत सूचना या भड़काने वाली जानकारी शेयर न करें। पहलगांव में

■ अफवाहों से बचें, सोशल मीडिया पर शेयर न करें भ्रामक और गलत जानकारी- कपिल उपाध्याय

आतंकवादियों के द्वारा किए गए हमले एवं सोशल मीडिया पर राष्ट्रविरोधी पोस्ट अवैध टिप्पणियों नहीं डालने बाबत एवं 30 अप्रैल को श्री परशुराम भगवान जयंती पर कानून व्यवस्था बनाए रखने को लेकर प्रागपुरा थाना क्षेत्र के सीएलजी सदस्यों महिला सुरक्षा सखी पुलिस मित्र एवं गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में मीटिंग



प्रागपुरा पुलिस थाने में सीएलजी बैठक आयोजित की ।

आयोजित की गई । पुलिस उपाधीक्षक विराटनगर शिप्रा राजावत ने कहा कि सोशल मीडिया पर वर्तमान में देश की एकता और अखंडता ठेस पहुंचाना सामाजिक सौहार्द बिगड़ना वाली टिप्पणियां करना सोशल मीडिया पर प्रभावित करने वाली भड़काऊ झूठी पोस्टों को फॉरवर्ड करना अपराध है। किसी भी पोस्ट को बिगर सोचे समझे फॉरवर्ड करने से आमजन को जागरुक कर रोके यह सभी कृत्य दंडनीय अपराध है किसी भी प्रकार की संदिध गतिविधियों की सूचना पुलिस को दें । उन्होंने सीएलजी सदस्यों से क्षेत्र में शांति और सुरक्षा के लिए पुलिस के साथ सहयोग करने का आग्रह किया। उन्होंने सोशल मीडिया पर विवादित पोस्ट न करने और बिना सोचे-समझे दूसरों की पोस्ट को शेयर न करने की हिदायत दी। प्रागपुरा थानाधिकारी किरण सिंह ने आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की। बैठक के अंत में पहलगाम हमले में मारे गए पर्यटकों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। बैठक में ममता शर्मा, मुकेश देवी, मंजू शर्मा, गायत्री देवी, ललिता देवी, रेखा बाई, पूनम, मोनिका, राजेश कुमार, इमरान, नीरज सैन, गोपाल मंगल, भीम सिंह, आमीन सदर, ओमपाल, समीर, अयूब, मिंटू शर्मा, मदन लाल सैनी, सुरेश सैनी, अशोक मंगल, महेश कुमार, मुकेश सहित सीएलजी सदस्य, महिला सुरक्षा सखी, पुलिस मित्र एवं गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## प्रशासक पति पर जान से मारने की धमकी, मामला दर्ज

**पावटा।** विराटनगर उपखण्ड के ग्राम मैड के राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अस्पताल कर्मचारियों मे आक्रोश व्याप्त है । उन्होंने मनोज रातावाल की गिरफ्तारी की मांग की है। मैड पंचायत प्रशासक के पति मनोज रातावाल ने तीन-चार साथियों के साथ अस्पताल में पहुंचकर जमकर हंगामा किया। आरोप है कि मनोज रातावाल ने अस्पताल के सैक्टर हेल्थ सुपरवाइजर मुकेश लांबा को जान से मारने की धमकी दी, उनके साथ गाली-गलौज और धक्का-मुक्की करते उनसे दुर्व्यवहार किया।

यही नहीं, वे वार्ड में घुस गए और वहां मौजूद कर्मचारियों से भी तीखी बहस करते नजर आए घटना के दौरान अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हुईं। पीड़ित मुकेश लांबा ने इस पूरे घटनाक्रम का मामला विराटनगर पुलिस थाने में दर्ज करवाया है प्रशासक पति पर दबंगई के साथ-साथ राजकार्य में बाधा डालने का प्रयास व जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है। मामले की जांच श्रवण कुमार एएसआई कर रहे हैं। मामले को

■ मैड पंचायत प्रशासक के पति मनोज रातावाल ने सैक्टर हेल्थ सुपरवाइजर मुकेश लांबा पर अपने आप को अस्पताल प्रभारी समझ मनमानी का आरोप लगाया

लेकर सैक्टर हेल्थ सुपरवाइजर मुकेश लांबा ने बताया कि मैड पंचायत प्रशासक के पति मनोज रातावाल ने उनके साथ फोन पर गाली गलौच की व धक्का-मुक्की करते उनसे दुर्व्यवहार किया। यहां तक कि उन्होंने मारपीट की कोशिश भी की लेकिन अस्पताल स्टाफ व गार्ड ने बीच बचाव कर मुझे बचा लिया। ज्यों कि अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरों में भी दिखाई दे रहा है। वही मैड पंचायत प्रशासक के पति मनोज रातावाल ने सैक्टर हेल्थ सुपरवाइजर मुकेश लांबा पर अपने आप को अस्पताल प्रभारी समझ मनमानी का आरोप लगाया है। वही विराटनगर थाना प्रभारी सोहनलाल ने कहा कि पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## अलापुर गांव में जाति बदल कर जमीन की खरीद फरोख्त के मामले में जल्दी होगी कार्यवाही

**अलवर।** अलवर ग्रामीण विधानसभा की मचाडी पंचायत समिति के अलापुर गांव में जाति बदल कर धोखाधड़ी कर जमीन को खरीदने और फिर जाति बदलकर उसी जमीन को अपने रिश्तेदारों के नाम करने का मामला अब पूरी तरह गर्माने लगा है जिला प्रशासन ने इस पर संज्ञान लेते हुए कार्यवाही को शुरू कर दिया है जल्दी ही इस मामले में प्रशासन फर्ज कारों पर कानूनी शिकंजा कसने वाला है।

विश्वस्त सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रशासन ने जाति बदल कर धोखाधड़ी कर जमीन की खरीद फरोख्त को गंभीरता से लिया है इस धोखाधडी प्रकरण में जो भी शामिल रहे खरीददार,गवाह और उस समय के तत्कालीन पटवारी और कानूनगो जिनकी मदद से दूसरी बार जाति बदली गई एवं 4 मार्च 2025 के उन सभी खरीददार उन्हें पता था कि इस रजिस्ट्री में दोबारा जाति बदली गई है लेकिन उन्होंने करोडो की जमीन को अपने नाम रजिस्ट्री कराने में कोई विरोध दर्ज नहीं

■ प्रशासन ने संज्ञान लेकर किया इंतकाल रद्द, अब बड़ी कार्यवाही की तैयारी

किया था। इन सभा पर प्रशासन का गाज गिरने वाली है। सूत्रों की माने तो जल्दी ही जिला प्रशासन इस मामले में आरोपी चिन्हित करते हुए उन पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज करा कर उन्हें सीखचों यानि की जेल भेज सकता है और उक्त विवादित जमीन को फिर से प्रथम पार्टी के नाम करने की तैयारी में है।

खसरा नम्बर तीन जिसमें 2 बीघा आठ बिस्वा जमीन हाल खसरा नम्बर 22 और 24 का आधा हिस्सा यानि की तीन बीघा पांच बिस्वा जमीन को किशनगढ़ बास तहसील के गांव पीपली का बास निवासी जीत सिंह पुत्र बंजार सिंह राय सिख ने खरीदा लेकिन जीत सिंह राय सिख होने के कारण ओबीसी में आता था और नियमों के मुताबिक ओबीसी एससी की जमीन नही खरीद सकता है। जमीन की रजिस्ट्री अपने नाम कराने के लिए जीत सिंह ने एक युक्ति निकाली और उसने फर्जीवाडा कर स्वयं को राय सिख से बदकर जीत सिंह जाति मजबी सिख घोषित कर लिया। और उसने इस जमीन की रजिस्ट्री अपने नाम करवा ली। यह रजिस्ट्री उसके नाम 22 जून 1989 में दर्ज की गई उस रजिस्ट्री में खरीदार का नाम जीत सिंह मजबी सिख पुत्र बंजार सिंह अंकित है।

दूसरी बार जीत सिंह पुत्र बंजार सिंह मजबी सिंह ने अपनी जाति फिर बदली और उसने फिर से 25 जून 2018 को अपनी जाति में परिवर्तन करते हुए अपने नाम से मजबी सिख हटवा कर जीत सिंह पुत्र बंजार सिंह राय सिख करवा ली। इस जाति परिवर्तन में उसका साथ उसके रिश्तेदारो ने दिया जबकि सरकारी कागजों में तत्कालीन पटवारी नंद किशोर परेवा और तहसीलदार कमल पचौरी की भूमिका भी रही है क्योकि 2018 में पूरा भारत ऑनलाइन हो चुका था और जाति प्रमाण पत्र आदि लगाए बिना जाति में परिवर्तन असंभव होता है ऐसे में मजबी सिख से जीत सिंह वापिस राय सिख कैसा बन गया इसकी जाति परिवर्तन किस आधार पर की गई इसकी जांच की जाए तो इस प्रकरण में तत्कालीन तहसीलदार व पटवारी भी शामिल हो सकते है। मामले को दबाने के लिए 12 जुलाई 2018 को जीत सिंह की जाति लॉक करके शुद्धि पत्र के नाम से नामांतरण संख्या दो दर्ज किया गया। यहां पर गौर तलब है कि तत्कालीन पटवारी नंद किशोर परेवा हाल में मालाखेडा तहसील में कानून गौ के पद पर कार्यरत है।

इसी जमीन को जब 4 मार्च 2025 को जीत सिंह ने अपनी जमीन खसरा नम्बर 22 व 24 का आधा हिस्सा अपने साले की पुत्रवधु रेशम कौर पत्नी तारा सिंह, जोगिंदर कौर पत्नी जसबीर सिंह, स्वर्ण कौर पत्नी राजेन्द्र सिंह,बचन कौर पत्नी बलबीर सिंह और छिंदो बाई पत्नी भजन सिंह के नाम बेचान कर दिया। इस फर्जीवाड़े को अमली जामा पहनाने के लिए सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग किया गया।

## 'प्रारंभ' फाउंडेशन डे का भव्य आयोजन

**मनोहरपुर** । ''प्रारंभ'' फाउंडेशन डे का भव्य आयोजन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि परम पूज्य हरिओम दास जी रहे, जिन्होंने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि ''बच्चे शुद्ध भोजन और शुद्ध विचारों के साथ जीवन में आगे बढ़ें।''चेयरमैन हरि प्रसाद बलीवाल जी ने अपने संदेश में कहा कि बच्चे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ समाज और क्षेत्र का नाम रोशन करें। नवीन शैक्षिणक सत्र से पिपलौद में की नई शाखा आरंभ होने की घोषणा की। प्रधानाचार्य चंद्र शेखर जी ने शिक्षा में निरंतर सुधार की बात करते हुए विद्यार्थियों को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का मार्ग सुझाया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि ग्राम पंचायत घासीपुरा के प्रतिनिधि धर्मेन्द्र यादव ने विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि वे इसी तरह आगे बढ़ते रहें और स्कूल का नाम रोशन करें। ग्राम पंचायत उदावाला के सरपंच रामनारायण यादव ने योग और शिक्षा दोनों को समान रूप से अपनाकर जीवन में संतुलन और सफलता की बात कही।

## सार-समाचार

### कालाडेरा के भगवा चौक में पाकिस्तान का पूतला फुखा



**चौंमू / कालाडेरा ।** कालाडेरा नगर पालिका में स्थित सीताराम जी के मन्दिर के पास स्थित भगवा चौक पर रविवार को कस्बे के लोगों ने पाकिस्तान का पूतला फुखा और पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगायें। गौरतलब है कि पहलगांव मे जो आंतकि हमला हुआ था उसमे निर्दोष 26 लोगों की आंतकियों ने गोली मार कर हत्या कर दी थी। जिसको लेकर कस्बे के लोगों ने कहाँ कि पाकिस्तान जो एक आंतकवाद का अड्डा है भारत सरकार को पाकिस्तान पर जवाबी कार्रवाई करें जिससे आंतकवाद को खत्म किया जा सके। इस दौरान कालाडेरा थानाधिकारी बाबूलाल मीणा मय पुलिस जाप्ता मौजूद थे।

### विधायक ने सुनी जनता की समस्याएं

**मनोहरपुर** । शाहपुरा । क्षेत्रीय कांग्रेस विधायक मनीष यादव ने रविवार को अपने निवास स्थान बिलांदरपुर में जनसुनवाई का आयोजन किया। जनसुनवाई में क्षेत्र के ग्रामीणों और स्थानीय नागरिकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। लोगों ने बिजली, पानी, सड़क, स्वास्थ्य, पेंशन, आवास और राजस्व से संबंधित समस्याएं विधायक के समक्ष रखीं। जनता की बातों को गंभीरता से सुनते हुए विधायक यादव ने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को फोन पर निर्देश दिए और कई मामलों में त्वरित समाधान की प्रक्रिया शुरू करवाई। उन्होंने आश्वासन दिया कि किसी भी समस्या को अनदेखा नहीं किया जाएगा और सभी विषयों पर प्राथमिकता से कार्य किया जाएगा। विधायक ने कहा की शासन - प्रशासन की जिम्मेदारी है कि वह आमजन की समस्याओं को गंभीरता से लेकर त्वरित समाधान सुनिश्चित करे। मैं खुद इन सभी मामलों की निगरानी करूँगा। जनसुनवाई में मौजूद लोगों ने विधायक मनीष यादव की तत्परता की सराहना की और कहा कि इस प्रकार की पहल से उन्हें अपनी समस्याओं को सीधे जनप्रतिनिधि तक पहुँचाने का मौका मिलता है, जिससे समाधान की उम्मीद भी बढ़ती है।

### भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर सभी कार्यक्रम निरस्त

**श्रीमाधोपुर।** विप्र समाज द्वारा भगवान परशुराम जन्मोत्सव अक्षय तृतीया पर आयोजित होने वाले दीपोत्सव,शंखनाद,प्रतियोगिताएं, प्रभात फेरी,शोभायात्रा निरस्त कर दी है। श्री परशुराम जन्मोत्सव समिति के संयोजक एडवोकेट राजेंद्र शर्मा एवं उमाशंकर गोठवाल ने बताया कि कश्मीर के पहलगाम में हुए कट्टरपंथी इस्लामिक आतंकी हमले में निर्दोष 27 हिंदू पर्यटकों की निर्मम हत्याओं से देश में शोक की लहर को देखते हुए ये सभी कार्यक्रम नहीं करने का फैसला विप्र समाज की बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया है।जन्मोत्सव अब धूमधाम से न मनाकर सामूहिक पूजा -अर्चना कर मनाया जाएगा जिसमें 29 अप्रैल मंगलवार को सुबह 8 बजे तींजावाला जोहड़ा में स्थित भगवान परशुराम मंदिर में पूजा -अर्चना, सुबह 11 बजे परशुराम सभागार में यज्ञ -हवन तथा शाम 7 बजे इसी स्थान पर सामूहिक सुंदरकांड का पाठ व आरती कर प्रसाद वितरण किया जाएगा। गौड विप्र भवन में आयोजित बैठक में सुरेन्द्र गोठवाल, विशाल बोहरा, ओम प्रकाश पचौरी, रवि शंकर शर्मा, डॉक्टर चन्द्र प्रकाश व्यास, संजय लोकनाथका, नृसिंह शर्मा आसपुरा, सुन्दर पाल शर्मा, रिंकू पारीक, उमेश चूलेट आदि उपस्थित रहे।

### शहीद बाबा का भंडारा प्रोग्राम आयोजित

**शाहपुरा** । विराटनगर कस्बे में पावटा की ढाणी में स्थित शहीद बाबा के विशाल भंडारे व सांस्कृतिक नेहड़ा प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इसमें स्थानीय संघ विराटनगर के स्काउट मास्टर विनोद कुमार कुमावत और टोली नायक विशाल प्रजापत के सानिध्य में स्काउट कुलदीप कुम्हार, प्रेमचंद कुम्भावत, उमेश प्रजापत, विवेक किराड़, हितेश कुमार, प्रिंस बिवाल, युवराज सैनी, मनीष कुम्हार, धर्मेंद्र कुम्हार, मोहन कुम्हार, अवधेश सैनी, मयंक गुप्ता, मनीष सैनी, योगेश यादव, गुड्डू कुम्हार सहित 20 स्काउट्स ने अपनी सेवाएं दी। मेला कमेटी सदस्य रोहिताश सैनी ने स्काउट्स के कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि स्काउट संगठन सेवा कार्य के लिए हमेशा तैयार रहता है। मंदिर कमेटी ने स्काउट्स को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। भक्तों ने बाबा का जयकारा लगाते हुए प्रसादी ग्रहण की और महावीर मासी, सतपाल डांसर, गौरव डांसर द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति का आनंद लिया। इस अवसर पर जगदीश सैनी, धन्नालाल सैनी, कैलाश सैनी, कृष्ण सैनी, राधेश्याम सैनी, प्रमोद सैनी, जयराम सैनी राकेश सैनी सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### यूपीएससी में चयन पर डॉ. कोमल गुर्जर का स्वागत किया

**नारायणपुर।** उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत बसई जोगियान के ठेकला की ढाणी निवासी डॉ. कोमल गुर्जर ने पहले प्रयास में संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) परीक्षा में 590वीं रैंक हासिल कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर है। रविवार को जब डॉ. कोमल गुर्जर नारायणपुर पहुंचीं तो ग्रामीण और गुर्जर समाज के लोगों ने उनका जोरदार स्वागत किया। डीजे के साथ जुलूस निकाला गया और माला तथा साफा पहनाकर उनका अभिनंदन किया गया। इस मौके पर माहौल बेहद उत्साहपूर्ण और गर्व से भरा रहा। मीडिया से बातचीत करते हुए डॉ. कोमल ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और क्षेत्रवासियों के सहयोग को दिया। उन्होंने कहा कि निरंतर मेहनत, आत्मविश्वास और परिवार का समर्थन उनकी सफलता की कुंजी रहा। सभी ने डॉ. कोमल की इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। डॉ. कोमल गुर्जर की इस ऐतिहासिक सफलता ने न सिर्फ उनके परिवार बल्कि समूचे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। समारोह में पूर्व उपप्रधान मातादीन गुर्जर, हीरालाल धाबाई, रामकरण धाबाई, सुगनचंद, शीशराम गुर्जर, राकेश दायमा, रोशन लाल सैनी, राजू ठेकला, प्रमोद ठेकला सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### मेला शुरू

**मनोहरपुर** । हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हजरत शेख बुरहानुद्दीन चिश्ती रहमतुल्ला आलेह का पीर का चिल्ला नायन अमरसर पर उर्स मेले का आयोजन किया जा रहा है जिसमें 27 अप्रेल रविवार को मिलाद शरीफ से शुरू हुई जिसमें ख़ुदा के हुकम व मोहम्मद साहब के बताए हुए मार्ग पर चलने की बात कही! ख़ादिम इमरान मलिक ने बताया कि 27 अप्रेल रविवार को बाद नमाज ए असर मिलाद शरीफ हुई जिसमें ख़ुदा के हुकम व मुहम्मद साहब के बताए हुए मार्ग पर चलने की बात कही गई! इसी प्रकार दिनांक 28 अप्रेल सोमवार को लंगर भंडारा शाम 4 बजे से शुरू होगा जिसमे हिन्दू मुस्लिम जायरीन बड़े ही अदब के साथ में लंगर प्रसादी लेंगे! 28 अप्रेल 2025 सोमवार को रात्रि में 9 बजे के बाद राजस्थान की प्रसिद्ध कव्वाल पार्टियों द्वारा बाबा की मान मनुहार की जाएगी! इसी प्रकार 29 अप्रेल मंगलवार को सुबह 4 बजे कूल की रस्म के साथ इसका समापन होगा यह जानकारी दरगाह के खादिम मोहम्मद इमरान मलिक ने दी है!

### मृतक के नाम पर फर्जी लोन कराने वाला आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजा

**नारायणपुर** । थाना नारायणपुर पुलिस ने धोखाधड़ी के एक मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। थानाधिकारी ओमप्रकाश मीणा के अनुसार, आरोपी अर्जुन लाल गुर्जर (41) पुत्र रामजीलाल गुर्जर निवासी धाबाई की ढाणी नारायणपुर ने अपने भाई रामस्वरूप की मृत्यु के बाद कूटरचित दस्तावेज तैयार कर मृतक के नाम पर स्वराज ट्रैक्टर पर पांच लाख रुपये का फाइनेंस करवा लिया था। मामले में परिवाद दर्ज होने के बाद पुलिस ने साक्ष्यों के आधार पर आरोपी अर्जुन लाल को गिरफ्तार किया। उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेजने के आदेश दिए गए। पुलिस अब मामले की आगे की जांच कर रही है, ताकि इस फर्जीवाड़े के अन्य पहलुओं का भी खुलासा किया जा सके।



हमारे लिए ये सही फैसला है। हमें अपनी बैटिंग पर भरोसा है। हम अपने गेंदबाजों को सबसे अच्छे हालात देना चाहते थे लेकिन आज हमारा दिन नहीं है। दूसरी टीम भी शानदार क्रिकेट खेली और आपको अपने आप पर सवाल उठाने से ज्यादा उनको श्रेय देना होगा। - ऋषभ पंत

लखनऊ के कप्तान, टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी के फैसले को लेकर बोलते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** जैकब बेथेल



इंग्लैंड के ऑलराउंडर जैकब ने अब तक खेले गए 10 टी-20 मैचों की 9 पारियों में 3266 की औसत और 14736 की स्ट्राइक रेट से 196 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने 2 अर्धशतक लगाए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 62 है। हालांकि, भारत के खिलाफ टी-20 सीरीज के दौरान उन्होंने कुछ खास नहीं किया था। जैकब ने 10, 6 और 7 स्कोर किया था। टी-20 क्रिकेट में बेथेल के प्रदर्शन पर नजर डालें तो उन्होंने 63 मैच खेले हैं। इस दौरान 57 पारियों में उन्होंने 24.50 की औसत और 136.77 की स्ट्राइक रेट से 1,127 रन बनाए हैं। क्रिकेट के इस प्रारूप में वह अब तक सात अर्धशतक लगा चुके हैं।

**क्या आप जानते हैं ?...** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु उन चुनिंदा टीमों में शामिल है, जिसने लीग के सभी सीजन खेले हैं, लेकिन वह एक बार भी खिताब नहीं जीत पाई है।

# राजस्थान रॉयल्स को प्लेऑफ में बने रहने के लिए जीत जरूरी

जयपुर, 27 अप्रैल। ऑरेंज कैप धारक साई सुदर्शन की शानदार फार्म से उत्साहित गुजरात टाइटन्स (जीटी) सोमवार को सवाई मानसिंह स्टेडियम में आईपीएल के मैच 47 में राजस्थान रॉयल्स (आरआर) पर अपना दबदबा कायम रखने मैदान में उतरेगी। वहीं प्लेऑफ से दूर होती जा रही राजस्थान रॉयल्स को इस मैच में जीत हासिल कर लगातार पांच हार की निराशा से निकलने के लिए संघर्ष दिखाना होगा। टूर्नामेंट के प्लेऑफ में पहुंचने के लिए संघर्ष कर रही है आरआर के लिए इस मुकाबले को जीतने का अधिक दबाव होगा। आरआर को टूर्नामेंट में अब तक खेले गये नौ मैचों में से सात में हार का सामना करना पड़ा है। वह दो जीत के साथ अंक तालिका में नौवें स्थान पर है। वहीं गुजरात इस सत्र में राजस्थान के खिलाफ अपने सात मुकाबलों में से छह में जीत हासिल की है इससे उसका आत्मविश्वास बढ़ा हुआ है। उसके स्टार बल्लेबाज साई सुदर्शन नौ मैचों में 417 रन बनाकर चार्ट में सबसे आगे हैं। कप्तान शुभमन गिल ने टूर्नामेंट में अब तक 153.26 की स्ट्राइक रेट से 305 रन बना चुके है। गुजरात के गेंदबाज भी सामूहिक रूप से शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। गेंदबाजी विभाग में, मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा की तेज गेंदबाजी जोड़ी ने लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है और दोनों ने मिलकर 28 विकेट लिए हैं। इस बीच, रविश्रीनिवासन साई किशोर ने बीच के ओवरों में मात्र 8.22 रन प्रति ओवर दिए हैं और बल्लेबाजों पर शिकंजा कसा है। राशिद खान के फिर से लय में आने के साथ, गुजरात का गेंदबाजी आक्रमण जयपुर की परिस्थितियों का फायदा उठाने के लिए अच्छी तरह से तैयार है, जहां पिच में लगातार उछाल है लेकिन रोशनी में आसानी होती है। दूसरी ओर,



राजस्थान खुद को मुश्किल स्थिति में है और उसे नौ मैचों में केवल दो में जीत के साथ उसका अभियान पूरी तरह से भटक गया है। यशस्वी जायसवाल (39.66 पर 356 रन) के बेहतरीन



प्रयासों के बावजूद, राजस्थान की बल्लेबाजी इकाई सामूहिक रूप से अच्छा प्रदर्शन करने में विफल रही है। कप्तान रियान पराग को अच्छी शुरुआत को भुनाने में संघर्ष करना पड़ा है, जबकि शिमरोन हेटमायर और नितीश राणा जैसे बल्लेबाजो का प्रदर्शन काफी हद तक प्रदर्शन संतोषजनक नहीं है। वहीं गेंदबाजी की बात की जाये तो सारा भार जोफ्रा आर्चर के कंधों पर है। जबकि इंग्लिश पेसर ने नौ विकेट चटकाए हैं, लेकिन महत्वपूर्ण मौकों पर उन्होंने रन लुटाए हैं और स्पिन विभाग विशेष रूप से अविश्वसनीय साबित हुआ है। सवाई मानसिंह स्टेडियम की पिच आमतौर पर लक्ष्य का पीछा करने वाली टीमों के लिए अनुकूल रहीं है। 60 घरेलू टी-20 मैचों में से 38 मैच दूसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने वाली टीम ने हैं। इस सत्र में इस मैदान पर पहली पारी का औसत स्कोर 175 के आसपास रहा है, जिससे पता चलता है कि पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम 190 से अधिक का स्कोर सुरक्षित होगा।

# जसप्रीत बुमराह ने रचा इतिहास

## मुंबई इंडियंस ने लखनऊ सुपर जायंट्स को 54 रनों से हराया

मुम्बई, 27 अप्रैल। रायन रिकलटन (58) और सूर्यकुमार यादव (54) की अर्धशतकीय पारियों के बाद जसप्रीत बुमराह (चार विकेट) और ट्रेंट बोल्ट (तीन विकेट) की घातक गेंदबाजी की बदौलत मुम्बई इंडियंस ने रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 45वें मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स को 20 ओवर में 161 रन के स्कोर पर ढ़ेर कर मैच 54 रनों से जीत लिया। इस जीत के साथ ही मुंबई ने प्लेऑफ की दावेदारी को और मज़बूत कर लिया है। इस जीत ने मुंबई को अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंचा दिया है।

216 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी लखनऊ सुपर जायंट्स की शुरुआत खराब रही है और उसने 18 रन के स्कोर पर सलामी बल्लेबाज एडन मारक्रम का विकेट गवां दिया। मारक्रम को बुमराह ने आउट किया इसके बाद बल्लेबाजी करने आये निकोलस पूरन ने मिचेल मार्श के साथ पारी को संभलाने का प्रयास किया।

सातवें ओवर में विल जोक्स ने पूरन 15 गेंदों में 27 रन को आउटकर लखनऊ को दूसरा झटका दिया। इसी ओवर में जोक्स ने कप्तान ऋषभ पंत (चार) को भी आउटकर पवेलियन भेज दिया। लखनऊ का चौथा विकेट मिचेल मार्श (34) के रूप में गिरा। आयुष बडोनी और डेविड मिलर ने पारी को संभलाने का प्रयास किया। लेकिन बुमराह और बोल्ट के गेंदबाजी आक्रमण के आगे लखनऊ के बल्लेबाज ना तो रन बना पाये और ना ही अधिक देर तक नहीं टिक सके। आयुष बडोनी 22 गेंदों में (35) और डेविड मिलर 16 गेंदों में (24) रन बनाकर आउट हुये। रवि बिश्नोई ने (13) रन बनाये। लखनऊ ने अपने पांच विकेट मात्र 26 रन जोड़ कर गवां दिये। लखनऊ सुपर जायंट्स की पूरी टीम 20 ओवर में 161 रन ही बना सकी और 54 रन से मुकाबला हार गई।



**इंटरनेशनल क्रिकेट हो या आईपीएल चारों तरफ जसप्रीत बुमराह की धूम मची हुई है। बुमराह ने एक नया इतिहास रच दिया है। वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मैच में बुमराह ने एडेन मार्करम का विकेट लेकर मुंबई इंडियंस के लिए सर्वाधिक विकेट लेने का कारनामा अपने नाम किया है। इस दौरान उन्होंने अपनी टीम मुंबई इंडियंस के मेंटॉर लसिथ मलिंगा का रिकॉर्ड भी ध्वस्त किया है।**

मुम्बई इंडियंस के लिए जसप्रीत बुमराह ने चार और ट्रेंट बोल्ट ने तीन विकेट लिये। विल जैक्स को दो विकेट मिले और कॉर्बिन बॉश ने एक बल्लेबाज को आउट किया।इससे पहले आज यहां लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान ऋषभ पंत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई इंडियंस के लिए रायन रिकलटन और रोहित शर्मा की सलामी जोड़ी ने अतिशी प्रदर्शन करते हुए पहले विकेट के लिये 33 रन जोड़े। तीसरे ओवर में मयंक यादव ने रोहित शर्मा पांच गेंदों में (12) रन को आउटकर लखनऊ को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये विल जैक्स ने रिकलटन के साथ दूसरे विकेट के लिय 55 रनों की साझेदारी की।

नौवें ओवर में दिग्वेश राठी ने रिकलटन को आउट कर इस सोझेदारी को तोड़ा। रिकलटन ने 32 गेंदों में छह चौके और चार छक्के लगाते हुए (58) रनों की पारी खेली। मुम्बई का तीसरा विकेट विल जैक्स (29) के रूप में गिरा। उन्हे प्रिंस यादव ने बोल्ड आउट किया। तिलक वर्मा (पांच), हार्दिक पंड्या (छह) और कॉर्बिन बॉश (20) रन बनाकर आउट हुये।

सूर्यकुमार यादव ने 28 गेंदों में चार चौके और चार छक्के लगाते हुए (54) रनों की पारी खेली। मुम्बई इंडियंस के बल्लेबाजों ने आक्रामक बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 215 रन का स्कोर खड़ा किया। लखनऊ सुपर जायंट्स की ओर से मयंक यादव और आवेश खान ने दो-दो विकेट लिये। रवि बिश्नोई ,प्रिंस यादव और दिग्वेश राठी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु ने दिल्ली कैपिटल्स को 6 विकेट से हराया

नई दिल्ली, 27 अप्रैल। भुवनेश्वर कुमार (तीन विकेट), जॉश हेजलवुड (दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद क्रुणाल पंड्या (नाबाद 73) और विराट कोहली (51) की अर्धशतकीय परियों की बदौलत रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के 46वें मैच में दिल्ली कैपिटलस को छह विकेट से हराया। 163 रनों का लक्ष्य का पीछा करने उतरी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की शुरुआत खराब रही और एक समय अपने तीन विकेट 26 के स्कोर पर गवां दिये थे।

जेकब बेथेल (12) और देवदत्त पड्डिक्कल (शून्य) को अक्षर पटेल ने आउटकर आरसीबी को संकट में डाल दिया था। इसके बाद कप्तान रजत पाटीदार (छह) को करूण नायर ने रनआउटकर आरसीबी का संकट और बढ़ा दिया। ऐसे समय में बल्लेबाज करने आये क्रुणाल पंड्या ने विराट कोहली के बीच 126 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी हुई । विराट कोहली ने 47 गेंदों में 51 रन बनाये। वहीं क्रुणाल पंड्या ने 47 गेंदों में पांच चौके और चार छक्कों की मदद से (नाबाद 73) रनों की पारी खेली। टिम डेविड ने पांच गेंदों में (19) रन बनाये। रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 18.3 ओवरों में चार विकेट पर 165 रन बनाकर मुकाबला छह विकेट से जीत लिया।

दिल्ली कैपिटल्स के लिये अक्षर पटेल ने दो विकेट लिये । दुश्मांता चमीरा ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान रजत पाटीदार ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का किया फैसला। बल्लेबाजी करने उतरी



दिल्ली कैपिटल्स के लिए अभिषेक पोरेल और फाफ डुप्लेसी की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिये 33 रन जोड़े। चौथे ओवर में जॉश हेजलवुड ने अभिषेक पोरेल को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। अभिषेक पोरेल ने 11 गेंदों में दो चौके और दो छक्के लगाते हुए (28) रनों की पारी खेली। करुण नायर (चार) को यश दयाल ने आउट किया। 10वें ओवर में क्रुणाल पंड्या ने डुप्लेसी (22) को आउट कर दिल्ली को तीसरा झटका दिया। कप्तान अक्षर पटेल (15) और आशुतोष शर्मा (दो) रन बनाकर आउट हुये। केएल राहुल ने दिल्ली के लिए सर्वाधिक (41) रनों की जूझारू पारी खेली। 20वें ओवर में विप्रज निगम (12) रनआउट हुये। ट्रिस्टन स्टब्स ने आखिरी ओवरों में शानदार बल्लेबाजी करते हुए 18 गेंदों में (34) रन बनाये। उन्हें भुवनेश्वर कुमार ने आउट किया। दिल्ली कैपिटल्स ने निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 162 रनों का स्कोर खड़ा किया। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए भुवनेश्वर कुमार ने तीन और जॉश हेजलवुड ने दो विकेट लिये। यश दयाल और क्रुणाल पंड्या ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# अजय राज सिंह की अर्द्धशतकीय पारी से बाउंड्री ब्रेकर अजमेर 29 रन से जीती

जयपुर, 27 अप्रैल। यूनियन क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित 27 वीं नवीन-नफीस स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता में आज सोनी क्रिकेट ग्राउण्ड करधनी कालवाड़ रोड़, पर खेले गये पूल-डी के मैच में अजय राज सिंह 60 रन नाबाद (42 गेंद, 8 चौके, 1 छक्का), की अद्धर्शतकीय पारी तथा सचिन चौधरी 4 ओवर में 13 रन पर 2 विकेट की शानदार गेंदबाजी के चलते बाउण्ड्री ब्रेकर क्रिकेट एकेडमी अजमेर, ने अल्फा क्रिकेट एकेडमी को 29 रन से हराकर 2 अंक अर्जित किये। टॉस जीतकर बाउण्ड्री ब्रेकर क्रिकेट एकेडमी अजमेर ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अजय राज सिंह 60 रन तथा मिरान खान 46 रन (39 गेंद 5 चौके, 1 छक्का) ने मिलकर 11.4 ओवर में पहले विकेट पर 98 रन जोड़कर अच्छी शुरूआत की मध्य क्रम में साहिल दिवान 41 रन नाबाद (23 गेंद 1 चौका, 4 छक्के), अमन मीणा 20 रन नाबाद (8 गेंद, 2 छक्के), कौस्तूभ बडाना 15 रन ने मिलकर निर्धारित 20 ओवर में स्कोर 3 विकेट खोकर 197 रन पहुँचा दिया गेंदबाजी में अल्फा क्रिकेट एकेडमी की ओर से विनय अमेरिया 41 रन पर 2 विकेट, अंकित पचार 48 रन पर 1 विकेट लेकर सफल गेंद बाज रहें। जवाब पारी में भगवत सिंह 69 रन (45 गेंद, 4 चौके, 5 छक्के), राजकुमार सैनी 38 रन, अंकित पचार 15 रन नाबाद, श्री राम खण्डेलवाल 14 रन तथा प्रेम कुमार 13 रन की मदद के बावजूद निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 168 रन ही बना सकें और 29 रन से मैच गवा दिया, गेंदबाजी में बाउण्ड्री ब्रेकर अजमेर की ओर से सचिन चौधरी 13 रन पर 2 विकेट, अमन मीणा 29 रन पर 2 विकेट, रजत गुजराती 25 रन पर 2 विकेट तथा चिराग रामचन्दानी व कौस्तूम बडाना प्रत्येक 1-1 विकेट लेकर सफल गेंदबाज रहें। मैन ऑफ दा मैच अजय राज सिंह 60 रन बाउण्ड्री ब्रेकर क्रिकेट एकेडमी अजमेर रहे।

# भारतीय महिला टीम ने श्रीलंका को नौ विकेट से हराया

कोलंबो, 27 अप्रैल। स्नेह राणा (तीन विकेट), दीप्ति शर्मा और श्री चरणी (दो-दो विकेट) की शानदार गेदबाजी के बाद प्रतिका रावल (नाबाद 50), हरलीन देओल (नाबाद 48) और स्मृति मंधाना (43) रनों की बेहतरीन बल्लेबाजी की बदौलत भारतीय महिला टीम ने रविवार को वर्षा बाधित त्रिकोणीय श्रृंखला के पहले एकदिवसीय मुकाबले में श्रीलंका को 56 गेंदे शेष रहते नौ विकेट से हरा दिया।

148 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम के लिए प्रतिका रावल और स्मृति मंधाना की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिये 54 जोड़े। 10वें ओवर में इनोका रनावीरा ने अर्धशतक की ओर बढ़ रही स्मृति मंधाना को आउटकर श्रीलंका को पहली सफलता दिलाई। स्मृति मंधाना ने 46 गेंदों में छह चौके लगाते हुए (43) रनों की पारी खेली। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी हरलीन देओल ने प्रतिका रावल के साथ धैर्यपूर्ण बल्लेबाजी करते हुए अपनी भारतीय टीम को 29.4 ओवर में एक विकेट पर 149 रन बनाकर नौ विकेट से जीत दिला दी।

प्रतिका रावल ने 62 गेदों में सात चौके लगाते हुए (नाबाद 50) रन बनाये। वहीं



हरलीन देओल ने 71 गेंदों में चार चौके लगाते हुए (48) रनों की पारी खेली।

इससे पहले आज यहां भारतीय महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बारिश के कारण इस एकदिवसीय मुकाबले को 39-39 ओवरों का कर दिया गया। बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने आठवें ही ओवर में कप्तान चामरी अटापट्टू (सात) का विकेट गवां दिया। उन्हें अरुंधति रेड्डी ने विकेटकीपर ऋचा के हाथों कैच आउट कराया। 14वें ओवर में स्नेह राणा ने हसिनी परेरा (30) को पगबाध कर श्रीलंका को दूसरा झटका दिया। श्रीलंका का तीसरा विकेट हर्षिता समाराविक्रमा (14) के रूप में गिरा वह रनआउट हुई। हंसिमा करुणारत्ना (चार) को स्नेह राणा ने अपनी ही गेंद पर कैच आउट कर पवेलियन भेज दिया।नीलाक्षी डिसिल्वा (10) को भी राणा ने अपनी ही गेंद पर कैच आउट किया। कविशा दिलहारी (25)और पियूमी बैडलगे (दो) को श्री चरणी ने आउट किया।

# भारत ने दूसरी एशियाई योगासन चैम्पियनशिप में रिकॉर्ड 83 स्वर्ण पदक जीते

नई दिल्ली, 27 अप्रैल। भारत ने दूसरी एशियाई योगासन खेल चैंपियनशिप में ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए रिकार्ड 83 स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य पदक सहित कुल 84 पदकों के साथ टूर्नामेंट में शीर्ष स्थान हासिल किया। 25 अप्रैल से इंदिरा गांधी स्टेडियम के केडी जाधव परिसर में आयोजित इस चैंपियनशिप में जापान, मंगोलिया, नेपाल, श्रीलंका, उज्बेकिस्तान और अन्य सहित 21 से अधिक देशों ने भाग लिया। भारत ने अभूतपूर्व 83 स्वर्ण पदकों के साथ शीर्ष स्थान, जबकि जापान ने तीन स्वर्ण, तीन रजत और चार कांस्य पदकों के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया। जबकि मंगोलिया, ओमान और नेपाल शीर्ष पांच में रहे। उज्बेकिस्तान, श्रीलंका, थाईलैंड, कजाकिस्तान और भूटान जैसे देशों ने भी शानदार प्रदर्शन किया। आज यहां आयोजित चैंपियनशिप का समापन भव्य समापन समारोह कॉर्पोरेट मामलों के राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा और दिल्ली के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अजय चौधरी के साथ-साथ एशियाई और विश्व योगासन महासंघों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

## ब्राजील की विश्वकप विजेता टीम के सदस्य जैर दा कोस्टा का निधन

रियो डी जेनेरियो, 27 अप्रैल। ब्राजील के पूर्व फुटबॉल खिलाड़ी और 1962 फीफा विश्वकप विजेता टीम के सदस्य जैर दा कोस्टा का साओ पाउलो के ओसास्को में निधन हो गया। वह 84 वर्ष के थे। ब्राजील फुटबॉल परिसंघ ने शनिवार को जारी एक बयान में कहा, सीबीएफ, ब्राजील की राष्ट्रीय टीम, पोर्टुगुसा के पूर्व राइट विंगर और इंटर मिलान और रोमा जैसे क्लबों के आदर्श जैर द कोस्टा के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करता है। उनका निधन शनिवार को 84 वर्ष की आयु में साओ पाउलो के ओसास्को में हुआ। साओ पाउलो स्थित क्लब पोर्टुगुसा के साथ पेशेवर करियर की शुरुआत करने वाले फॉरवर्ड जैर दा कोस्टा ने इंटर मिलान में बेहरीन प्रदर्शन करते हुए अपने को साबित किया।

# अरुण ने जीता जयपुर ओपन क्लासिकल फिडे रेटेड चेस टूर्नामेंट

जयपुर, 27 अप्रैल। गुलाबी नगरी में वेव्स और जेएचडब्ल्यू (जयपुर हेल्थ एंड वैलनेस) के तत्वाधान में चल रही पाँच दिवसीय जयपुर ओपन क्लासिकल फिडे रेटेड चेस टूर्नामेंट के दुसरे संस्करण में राजस्थान के खिलाड़ियों का दबदबा रहा। जयपुर क्लब में आयोजित इस टूर्नामेंट का उद्देश्य सभी आयु वर्ग के बीच मानसिक स्वास्थ्य और चेस जैसे प्राचीन खेल को रजास्थान में बढ़ावा देना था। सम्मापन समारोह में आयोजक, जेएचडब्लू के संस्थापक, हिम्मत सिंह ने बताया कि उदयपुर के अरुण कटारिया (2353) ने अविजित रहते हुए चैम्पियन खिताब के साथ 1,00,000 और ट्राफी अपने नाम की। दूसरे स्थान के लिए कई खिलाड़ियों में आखिरी क्षण तक घमासान हुआ और अंत में तीन खिलाड़ियों ने 7.5 अंक बनाए। प्रतियोगिता के नियमों के अनुसार टाई ब्रेकर के सहारे राहुल संगमा (2121) ने दूसरे स्थान और 75,000/- की नगद पुरस्कार और तीसरे स्थान पर महाराष्ट्र के श्रयन मजूमदार (2110) रहे जिन्हे 50,000/- का




पुरस्कार हासिल हुआ। सह-संस्थापक भूपेंद्र सिंह व आर.के. व्यास; वेव्स के संस्थापक जयेंद्र चतुर्वेदी व अमरीश जोशी ने बताया कि, "महिला वर्ग में राजस्थान की वेदिका पाल ने छह अंक बनाकर सर्वश्रेष्ठ महिला प्रतियोगी का खिताब जीता, वहीं दूसरी ओर वरिष्ठ खिलाड़ी वर्ग में दिल्ली के जी बी जोशी ने 6.5 अंकों के साथ 8,000 रुपये का पुरस्कार हासिल किया। राजस्थान के खिलाड़ियों में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी राज कपूर रहे और जयपुर के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी होने का गौरव वरिष्ठ खिलाड़ी मिलिंद गावड़े को प्राप्त हुआ।

इसके अलावा दिव्यांग वर्ग में भी अलग पुरस्कार दिए गए जिसमें 6 खिलाड़ियों जिनमें मध्य प्रदेश के वरिष्ठ राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी एस के राठौड़ ने 8,000 रुपए का प्रथम पुरस्कार हासिल किया। मुख्य प्रतियोगिता के दौरान एक ब्लिट्ज चैम्पियनशिप भी रखी गई जिसे गोपाल राठौड़ ने जीत कर 25,000/- रुपये का पहला इनाम जीता।" पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि टी.शुभमंगला (अति.डाइरेक्टर, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन), विशिष्ट अतिथि, मनोज बिरला (अध्यक्ष,जयपुर क्लब) और विकास शर्मा (मार्केटिंग हैंड, नारायणा अस्पताल), साकेत माथुर,अशोक भार्गव, रवि बजाज एवं संजय शर्मा उपास्थि रहे और सभी भाग लेने वाला प्रतिभागियों की हौसला अफ़ज़ाई की।

# भारतीय महिला हॉकी टीम ऑस्ट्रेलिया-ए से 2-3 से हारी

पर्थ, 27 अप्रैल। भारतीय महिला टीम को रविवार को ऑस्ट्रेलिया ए टीम के खिलाफ मैच में 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। पर्थ हॉकी स्टेडियम में आज ऑस्ट्रेलिया दौरे के दूसरे मुकाबले में भारतीय महिला टीम के लिए ज्योति सिंह ने (13वें) मिनट में गोल दागकर बढ़त दिलाई। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया ए की एवी स्टैंसबी ने (17वें) मिनट में गोलकर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। मैच खत्म होने में 15 मिनट बचे थे और स्कोर 1-1 से बराबरी पर था। डेल डोल्केंस ने (48वें) मिनट में गोलकर ऑस्ट्रेलिया को बढ़त दिला दी। इसके बाद जेमी-ली सुरहा ने (52वें) मिनट में गोलकर स्कोर 3-1 कर दिया। भारतीय टीम के लिए दूसरा गोल सुनीता टोप्पो ने (59वें) मिनट में किया। भारतीय महिला टीम अपने तीसरे मुकाबले में गुरुवार को ऑस्ट्रेलियाई टीम से भिड़ेगी।

# स्वामी विवेकानंद राष्ट्रीय अंडर-20 पुरुष फुटबाल प्रतियोगिता में पहला मैच बिहार से राजस्थान 1-1 बराबर रहा

जयपुर , 27 अप्रैल। राजस्थान का पहला मुकाबला नारायणपुर (छत्तीसगढ़) में बिहार से हुआ जिसमें राजस्थान ने अच्छे खेल का प्रदर्शन करते हुए राइट आउट खेल रहे पूरण के माइनस पास से तोसिफ ने 35 मिनट में शानदार गोल करके मैच में एक गोल से बढ़त दिला दी और हाफ टाइम तक 1 गोल से राजस्थान टीम ने बढ़त बनाए रखी दोनों टीमों ने आक्रमण खेल खेला जिसके कारण बिहार को मैच के 68 मिनट पर बिजय हेंब्रम मौका मिला अकेले प्रयास से गोल करके बिहार टीम को बराबर पर ला दिया तत्पश्चात राजस्थान को भी गोल करने के कई मौके मिले पर गोल नहीं कर पाए अंत समय तक दोनों टीमें 1/1 गोल से बराबर रही

टीम मैनेजर श्याम सिंह ने बताया की टीम ने अच्छा प्रदर्शन किया आगामी मैचों में टीम बेहतरीन प्रदर्शन करेगी कोच ने बताया कि टीम में विशाल, युग, मनीष, तोसिफ ने अच्छे खेल का प्रदर्शन किया और आगामी मैचों में भी टीम अच्छा खेलने का प्रयास



करेगी । राजस्थान का अगला लीग मैच 29 अप्रैल को राजस्थान बनाम मेघालय से खेला जाएगा और 1 मई को आखिरी लीग मैच राजस्थान बनाम केरल के मध्य खेला जाएगा इनमें से जो टीम क्वालीफाई होगी वह टीम क्वार्टर फाइनल खेलेगी।

# पायलट ने नीरज उधवानी के घर जाकर श्रद्धांजलि दी

## जयपुर निवासी उधवानी की पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकवादी हमले में मृत्यु हुई थी



पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने पहलगाम आतंकी हमले में जान गंवाने वाले जयपुर निवासी नीरज उधवानी के निवास पर उनको श्रद्धांजलि दी एवं परिजनों को ढ ाढ स बंधाया।

■ कांग्रेस महासचिव सचिन पायलट ने कहा कि भारत सरकार को पूरी ताकत के साथ आतंकवादी हमले का जवाब देना चाहिये। पूरा विपक्ष और पूरा देश सरकार के साथ है।

जयपुर, 27 अप्रैल। पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने पहलगाम हमले में जान गंवाने वाले जयपुर निवासी नीरज उधवानी के निवास पर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की एवं परिजनों को ढ ाढ स बंधाया। मीडिया से रूबरू होते हुए उन्होंने कहा कि पहलगाम में जो घटना हुई है वो कोई सामान्य घटना नहीं है। इसका मुंहतोड़ जवाब देना ही पड़ेगा। यह कोई आम आतंकी घटना नहीं है। जिस तरह से इसको अंजाम दिया गया है वो मंसूबे बिल्कुल स्पष्ट हैं। इस मसले को आगे कैसे ले जाना है और इसपर क्या कारवाई करनी है यह मुद्दा हम लोगों ने, कांग्रेस पार्टी ने वर्किंग कमेटी में रखा था। भारत सरकार को अपनी पूरी ताकत के साथ जवाब देना पड़ेगा। पूरे देश में इसपर एक राय है।

उन्होंने कहा, पक्ष विपक्ष हमारे देश के लिए है, आक्रमण बाहर से हो रहा है और हमारे अस्तित्व को चुनौती दी जा रही है, आतंकियों के जरिए तो उनको तो उसी जबान में जवाब देना चाहिए। जब पहले इस प्रकार भारत की संसद पर आक्रमण किया गया था उस समय वाजपेई जी प्रधानमंत्री थे और सोनिया गांधी जी नेता प्रतिपक्ष थीं। उन्होंने सदन में खड़े होकर कहा था, हम पूरा विपक्ष, पूरा देश सरकार के साथ है, पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए। वो ही हम लोगों ने दुबारा दोहराया है । एक बार दुबारा वो चुनौती सामने आई है। लेकिन कैसे क्या कब करना है, यह सरकार बेहतर समझती होगी। लेकिन हम मानते हैं कि पूरे देश में आज एक आम भावना है कि पाकिस्तान ने हमेशा आतंकवादी गतिविधियों से जो घाव देश को दिए हैं उसका समापन करना पड़ेगा। पायलट ने कहा, इस दु:ख की घड़ी में पूरा देश उन परिवारों के साथ खड़ा है, जिन्होंने अपने लोगों को खोया है। जिल लोगों ने कोशिश की है कि देश में दरार पड़े, मजहब के नाम पर, और यही उनके मंसूबे हैं, हमें उनको मुंहतोड़ जबाव देना पड़ेगा। इस संकल्प के लिए पूरा देश, सभी राजनैतिक पार्टी, हर व्यक्ति एकजुट है। जिन्होंने अपने खोए हैं वो वापिस तो नहीं आ सकते हैं, लेकिन, इतना हम कर सकते हैं कि भविष्य में इस प्रकार की घटना करने का कोई साहस नहीं करे।

## देश की एकता दिखाने के लिये संसद का विशेष सत्र बुलायें

नई दिल्ली, 27 अप्रैल। निर्दलीय राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने रविवार को राजनीतिक दलों से विशेष आग्रह किया। उन्होंने कहा कि सभी राजनीतिक दल पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर मई में जल्द से जल्द संसद का विशेष सत्र बुलाने का सरकार से आग्रह करें। सिब्बल ने कहा, 25 अप्रैल को मैंने सुझाव दिया था कि इस दुख की घड़ी में देश की एकता दिखाने के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाया जाना चाहिए। मैं सभी राजनीतिक दलों से आग्रह करता हूं कि वे सरकार से मई में जल्द से जल्द ऐसा सत्र बुलाने का आग्रह करें।

इससे पहले कपिल सिब्बल ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से संसद का विशेष सत्र बुलाने और पहलगाम आतंकी हमले की निंदा करते हुए प्रस्ताव पारित करने का आग्रह किया था, ताकि दुनिया को यह संदेश दिया जा सके कि देश एकजुट है। सिब्बल ने सरकार को विभिन्न महत्वपूर्ण देशों में सत्तारूढ़ और विपक्षी सांसदों के प्रतिनिधिमंडल भेजने का भी सुझाव दिया था, ताकि पाकिस्तान पर कूटनीतिक दबाव बनाया जा सके।

# हाई कोर्ट ने जनहित याचिका खारिज कर डेढ़ लाख रू. का हर्जाना लगाया

## बिजली विभाग के सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता ने जनहित याचिका में उत्पादन निगम व एनटीपीसी के संयुक्त उद्यम को रद्द करने की माँग की थी

■ अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता ने केवल अपनी कल्पना के आधार पर यह दावा किया है कि इस तरह की व्यवस्था से उत्पादन लागत बढ़ सकती है।

जयपुर, 27 अप्रैल। राजस्थान हाईकोर्ट ने बिजली विभाग के एक सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता पर 1.50 लाख रुपए का जुर्माना लगाते हुए उसकी जनहित याचिका को खारिज कर दिया। जनहित याचिका में मु. अभियंता ने राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड और नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड के संयुक्त उद्यम को रद्द करने की मांग की थी।

राजस्थान के मुख्य न्यायाधीश एमएम श्रीवास्तव और जस्टिस आनंद शर्मा की खंडपीठ ने यह आदेश अजय चतुर्वेदी की जनहित याचिका पर दिए। अदालत ने इस याचिका को स्वार्थ प्रेरित और कानूनी प्रक्रिया का दुरुपयोग बताया। याचिकाकर्ता का तर्क था कि बिजली उत्पादन के क्षेत्र में उनके अनुभव के आधार पर यह संयुक्त उद्यम भविष्य में बिजली की महंगी दरों की ओर ले जाएगा, जो जनहित के खिलाफ है।

सुनवाई के दौरान खंडपीठ ने देखा कि यह संयुक्त उद्यम छबड़ा थर्मल पावर प्लांट के आसपास कई परियोजनाओं को लागू करने के उद्देश्य से किया गया, जिससे अतिरिक्त उत्पादन इकाइयाँ स्थापित की जा सकें और उत्पादन लागत घटे। अदालत ने कहा कि मामले में सिर्फ इस आधार पर हस्तक्षेप नहीं किया जा सकता कि याचिकाकर्ता बिजली विभाग में अभियंता रहे हैं। याचिकाकर्ता ने केवल अपनी कल्पना के आधार पर यह दावा किया है कि इस तरह की व्यवस्था से उत्पादन लागत बढ़ सकती है। दर निर्धारण कई कारकों पर निर्भर करता है, जिनकी जांच इस न्यायालय द्वारा नहीं की जा सकती। अदालत ने यह भी कहा कि यह जनहित याचिका कुछ कर्मचारी संघों के हित को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रेरित लगती है, जो इस संयुक्त उद्यम का विरोध कर रहे हैं, जैसा कि रिकॉर्ड पर उपलब्ध अभ्यावेदनों से स्पष्ट है। न्यायालय ने कहा कि यह जनहित याचिका न्यायालय के समय और संसाधनों की बर्बादी है और कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग है। इसलिए इसे हर्जाने के साथ खारिज किया जाना चाहिए। इसके साथ ही अदालत ने जनहित याचिका खारिज कर याचिकाकर्ता पर 1.50 लाख रुपये का हर्जाना लगाया है।

# मोटर साइकिल को बचाने में वैन कुएं में गिरी, 10 की मौत

## वैन व मोटर साइकिल टकराकर खेत में बने बिना मुंडेर के कुएं में जा गिरीं

■ वैन में सवार 10 लोग नीमच जिले में माता मंदिर दर्शन के लिये जा रहे थे, जब यह हादसा हुआ।

■ वैन में बैठे लोगों में से 8, मोटर साइकिल चालक तथा रेस्क्यू करने के लिये कुएं में उतरे एक व्यक्ति की मौत हो गई।

मंदसौर, 27 अप्रैल। मध्यप्रदेश के मंदसौर जिले के नारायणगढ़ थाना क्षेत्र में आज दोपहर को एक वैन मोटर साइकिल सवार को बचाने के प्रयास में उससे टकराकर सड़क किनारे खेत में बने एक बिना मुंडेर के कुएं में गिर गयी, जिससे मोटर साइकिल सवार सहित दस लोगों की मौत हो गयी।

पुलिस सूत्रों के अनुसार वैन सवार, लगभग दस लोग नीमच जिले में स्थित माता मंदिर में दर्शन के लिए जा रहे थे। तभी नारायणगढ़ थाना क्षेत्र के काचरिया चौपाटी के समीप सामने से आ रहे मोटर साइकिल सवार को बचाने के प्रयास में वैन उससे टकरा गयी और इसके बाद अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में बने एक बिना मुंडेर के कुएं में गिर गयी। दुर्घटना में वैन सवार आठ लोगों के अलावा मोटर साइकिल सवार एक व्यक्ति तथा रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान कुएं में गए एक व्यक्ति सहित कुल दस लोगों की मौत हो गयी।

दुर्घटना में चार लोग घायल हुए हैं, जिन्हें जिला अस्पताल लाया गया है। घटना के बाद जिला एवं पुलिस प्रशासन के आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। मृतकों में दो लोग मंदसौर के निवासी हैं, जबकि वैन सवार सभी मृतक रतलाम के रहने वाले बताएं गए हैं।

दुर्घटना में चार लोग घायल हुए हैं, जिन्हें जिला अस्पताल लाया गया है। घटना के बाद जिला एवं पुलिस प्रशासन के आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। राहत एवं बचाव कार्य लगातार जारी है।

उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा पूरे समय मौके पर ही रहे। इनके अलावा कलेक्टर अदिति गर्ग, एसपी, एडिशनल एसपी, एसडीओपी आदि भी मौके पर मौजूद थे।

डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा ने बताया कि इस हादसे में कुल 13 लोग शामिल थे, जिनमें दो बच्चे भी थे। पहले बच्चों को निकालकर अस्पताल भेजा गया। गाड़ी बड़ी मुश्किल से बाहर लाई गई है। कुएं में जहरीली गैस के कारण, बचाने गए मनोहर सिंह की भी मौत हुई है। उन्होंने 2-3 लोगों को बाहर निकाला था। मुझे जैसे ही घटना के बारे में पता चला, मैं सीधा यहीं आ गया। जिले के सारे अधिकारी भी यहीं हैं।

### ''युद्ध की ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

निंदनीय और बचकाना है। उन्हें वास्तविकता को समझना चाहिए और ऐसे समय में ऐसी टिप्पणी नहीं करनी चाहिए, जब पूरा देश एकजुट खड़ा है। यह मुख्यमंत्री के तौर पर उनके पद के लिए ठीक नहीं है। मैं इसकी निंदा करता हूं। उन्हें देश के लोगों से माफी मांगनी चाहिए और अपने तौर-तरीके सुधारने चाहिए।

### 'मैं नहीं ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

सेना की हालत खराब है। मुजफ्फराबाद में पाकिस्तानी सेना का बड़ा मूवमेंट देखा गया है। खुफिया एजेंसियों की रिपोर्ट के मुताबिक लोअर नीलम वैली राजमार्ग पर सामान्य दिनों के मुकाबले ट्रकों की गतिविधि कई गुना बढ़ी हुई है। भारतीय सेना की नजर से बचने के लिए ज्यादातर गतिविधियाँ सिविल ट्रकों में हो रही है।

### एनआईए ने ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

को घटते देखा था। एनआईए की टीमें आतंकवादियों की कार्यप्रणाली के सुराग के लिए प्रवेश और निकास बिंदुओं की बारीकी से जांच कर रही हैं। सबूत जुटाने के लिए फॉरेंसिक और अन्य विशेषज्ञों की मदद से टीमें पूरे इलाके की गहन जांच कर रही हैं।

### भारतीय ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

भारतीय नौसेना ने एक्स पर लिखा, "भारतीय नौसेना के नवीनतम स्वदेशी निर्देशित मिसाइल विध्वंसक आईएनएस सूरत ने समुद्र में लक्ष्य को सफलतापूर्वक निशाना बनाया, जो हमारी रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने में एक और मील का पत्थर है।"

# पाकिस्तान ने तीसरी रात भी सीमा पर गोलीबारी की

## भारतीय सेना ने गोलीबारी का प्रभावी जवाब दिया, किसी के हताहत होने की खबर नहीं है

■ सेना के सूत्रों के अनुसार, 26 व 27 अप्रेल की रात को कश्मीर के नौगाम सैक्टर तथा बोनियार उरी सैक्टर पर पाक सेना ने दो घंटे छोटे हथियारों से गोलीबारी की।

■ पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकवादी हमले के बाद, भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के दौरान पाक सेना ने संघर्ष विराम का उल्लंघन किया।

श्रीनगर, 27 अप्रैल। पाकिस्तानी सेना की चौकियों ने कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पार बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी कर संघर्षविराम का उल्लंघन किया है।

सेना के सूत्रों ने रविवार को बताया कि लगातार तीसरी रात गोलीबारी की गई है।

उन्होंने बताया कि कुपवाड़ा जिले के नौगाम सेक्टर और बारामूला जिले के बोनियार सेक्टर से गोलीबारी की खबर है। सेना ने गोलीबारी का प्रभावी ढंग से जवाब दिया।

सेना के सूत्रों ने कहा, 26 से 27 अप्रैल 2025 की रात को पाकिस्तान सेना की चौकियों ने तुतमारी गली (नौगाम सेक्टर) और रामपुर (बोनियार उरी) सेक्टरों के सामने के इलाकों में नियंत्रण रेखा के पार बिना उकसावे के गोलीबारी की और हमारे जवानों ने गोलीबारी का प्रभावी ढ ंग से जवाब दिया।

सुरक्षा सूत्रों ने बताया कि नौगाम सेक्टर में करीब दो घंटे तक भीषण गोलीबारी हुई। गोलीबारी रात करीब एक बजे शुरू हुई। इस दौरान किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

यह लगातार तीसरी रात है जब पाकिस्तानी सेना ने संघर्ष विराम का उल्लंघन किया और नियंत्रण रेखा के कई स्थानों पर छोटे हथियारों से गोलीबारी की।

गौरतलब है कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए बर्बर आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ ते तनाव में नियंत्रण रेखा पर गोलीबारी हुई है। इस हमले में 25 पर्यटक और एक स्थानीय निवासी की जान चली गई थी।

# प.बंगाल में गोरखाओं की केन्द्र शासित प्रदेश की माँग ने जोर पकड़ा

## गोरखा पार्टियों का कहना है कि 2019 से भाजपा को पूरा समर्थन दिया, पर उनकी माँगों पर गौर नहीं किया गया

■ गोरखालैंड राज्य निर्माण मोर्चा के अध्यक्ष दवा पाखरीन ने कहा कि गोरखा समाज अपने अधिकारों के लिये निर्णायक आंदोलन करेगा।

दार्जिलिंग, 27 अप्रैल। पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग और आसपास के पहाड़ी क्षेत्रों में गोरखाओं के बीच एक बार फिर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है और उन्होंने अब केंद्र शासित प्रदेश (यूनियन टैरिटरी/यू.टी.) के गठन की मांग पर जोर देने का फैसला किया है।

गोरखा जनमुक्ति मोर्चा (जीजेएम), गोरखा राष्ट्रीय मुक्ति मोर्चा (जीएनएलएफ), गोरखालैंड राज्य निर्माण मोर्चा (जीएसएम) और क्रांतिकारी मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (आरसीएमपी) जैसे दलों ने अलग राज्य और गोरखाओं के हितों के मुद्दे पर नया आंदोलन छेड़ने के संकेत दिए हैं।

इन दलों का कहना है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 2009 से लेकर अब तक पहाड़ में अपना राजनीतिक प्रभाव बढ़ाया है, परंतु आज तक गोरखाओं की मूल मांगों को उचित सम्मान नहीं दिया गया। इन दलों ने आरोप लगाया कि भाजपा ने गोरखाओं को केवल राजनीतिक लाभ के लिए उपयोग किया, परंतु जमीनी स्तर पर उनकी समस्याओं के समाधान के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया।

गोरखालैंड राज्य निर्माण मोर्चा के अध्यक्ष दवा पाखरीन ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अब समय आ गया है कि गोरखा समाज एकजुट होकर अपने अधिकारों के लिए निर्णायक आंदोलन करें। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि यदि वास्तव में गोरखाओं के हितों की रक्षा करनी है, तो पहाड़ को 'केंद्र शासित प्रदेश' का दर्जा दिया जाए।

इसके साथ ही कुछ दल पहाड़ को अनुसूचित जनजाति (एसटी) श्रेणी में शामिल करने और संविधान की छठी अनुसूची के तहत विशेष स्वायत्तता देने की भी मांग कर रहे हैं। परंतु इस पर भी व्यापक सहमति नहीं बन पाई है, और क्षेत्र में 1954 के एक्जाम एक्ट के समाप्त हो जाने के बाद कानूनी स्थिति भी बदल चुकी है।

दार्जिलिंग, कालिम्पोंग और आसपास के गोरखा बहुल इलाकों के लोगों में यह भावना बढ़ ती जा रही है कि जब तक इस क्षेत्र को विशेष संवैधानिक दर्जा या केंद्र शासित प्रदेश का दर्जा नहीं दिया जाता, तब तक गोरखाओं के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक अधिकार सुरक्षित नहीं हो सकते।

### राहुल गांधी ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

संजय गांधी मेमोरियल ट्रस्ट, नई दिल्ली, करता है। इस ट्रस्ट की अध्यक्ष सोनिया गांधी हैं, जबकि राहुल गांधी ट्रस्टी हैं। लोकसभा चुनाव के बाद राहुल पहली बार 30 अप्रैल को अमेठी आ रहे हैं। इससे पहले वे 17 मई 2024 को चुनावी जनसभा को संबोधित करने आए थे।




राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908